डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति सोमवार को प्रकाशित | पाक्षिक | 27.08.2022 से 2.09.2022 | वर्ष 39 | अंक 34 | मूल्य ₹ 10.00

76वां स्वतंत्रता दिवस समारोह

आवासहीनों के लिए लागू होगी मुख्यमंत्री जन आवास योजना

मध्यप्रदेश में कोई भी व्यक्ति इलाज और शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा

शत-प्रतिशत सेचुरेशन के लिए प्रदेश में सितम्बर-अक्टूबर में विशेष अभियान चलाया जायेगा

माफिया से मुक्त 21 हजार एकड़ भूमि पर गरीबों के लिए बनेंगी सुराज कॉलोनियां

भोपाल, राज्य शासन का संकल्प है कि प्रदेश की धरती पर कोई भी परिवार बिना जमीन और बिना घर के नहीं रहेगा, कोई भी गरीब इलाज से वंचित नहीं रहेगा, कोई मेधावी विद्यार्थी धन के अभाव में शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा, कोई भी बच्चा बेसहारा नहीं रहेगा, कोई भी परिवार साफ पीने के पानी से वंचित नहीं रहेगा और कोई भी पात्र हितग्राही शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहेगा। प्रदेश की जनता इन क्षेत्रों में सरकार के साथ मिल कर काम करे। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण कर आमजन को संबोधित करते हुये कहीं।



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल स्थित लाल परेड मैदान में देश के 76वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में परेड की सलामी लेते हुये।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भारी वर्षा के बीच हुए परेड कार्यक्रम और अलंकरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसा प्रतीत हो रहा है मानों प्रकृति मेघ मल्हार गाकर आजादी की वर्षगाँठ मना रही हो। तेज बारिश में अडिग खड़ी परेड के लिए श्री चौहान ने कहा कि परेड में सम्मिलितों के धैर्य, संयम और संकल्प को देख कर यह विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि दुनिया की कोई भी ताकत भारत की तरफ आंख उठाकर नहीं देख सकती। आजादी के अमृत काल में अमृत वर्षा की बूंदों के संगीत और पुलिस बैंड की धुन पर परेड सम्पन्न हुई।

मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस पर प्रदेश में वंचित आवासहीनों को आवास उपलब्ध कराने 'मुख्यमंत्री जन आवास' योजना लागू करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की धरती पर कोई बेघर नहीं रहेगा। मुख्यमंत्री भू-अधिकार योजना में प्रत्येक व्यक्ति को आवास के लिए जमीन का टुकड़ा उपलब्ध कराया जाएगा। जहां आवश्यक होगा वहां हाईराइज बिल्डिंग बनाकर गरीबों को आवास उपलब्ध कराए जाएंगे। माफिया से मुक्त कराई गई लगभग 21 हजार एकड़ भूमि पर गरीबों के लिए 'सुराज कॉलोनियां' विकसित की जाएंगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संचालित गरीब कल्याण योजनाओं से कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे, इसके लिए प्रदेश में आगामी सितम्बर-अक्टूबर माह में विशेष अभियान चलाया जाएगा। प्रदेश में 18 सितम्बर 2022 तक पेसा एक्ट लागू कर दिया जाएगा। श्री चौहान ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के इस वर्ष में एक नवम्बर मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस आनंद और प्रसन्नता के साथ मनाने के लिए एक सप्ताह तक गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिये योजनायें

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में अधोसंरचना विकास के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। हर गांव को सड़क से जोड़ने के साथ गांव में आंतरिक सड़कों का निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण और हर गांव में खेल मैदान उपलब्ध कराने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य जारी है। प्रदेश में हुई समरस गांव की पहल ने देश में एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। हर स्तर पर सुशासन राज्य सरकार का लक्ष्य है।

देश की प्रगति में मध्यप्रदेश का योगदान

मुख्यमंत्री ने भारत भूमि के समृद्ध अतीत पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति के नये आयाम स्थापित कर रहा है। आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण के लिए भी राज्य सरकार की ओर से हरसंभव प्रयास जारी है। प्रदेश की आर्थिक वृद्धि दर 19.74 प्रतिशत के साथ देश में अग्रणी है। पिछले दो वर्षों में प्रदेश के पूंजी गत व्ययों में लगभग 45 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

मुख्यमंत्री ने धार जिले के कारम मध्यम सिंचाई परियोजना के बांध के क्षतिग्रस्त हो जाने से बने संकट का सफलतापूर्वक सामना करने के लिए टीम मध्यप्रदेश को बधाई दी। श्री चौहान ने कहा कि टीम मध्यप्रदेश में प्रदेश के मंत्रिगण, अधिकारी, जनप्रतिनिधि और प्रदेश की जनता शामिल है। बांध पर आए संकट का जनता के सहयोग से जिस तरह से सामना किया गया वह आपदा प्रबंधन का उत्कृष्ट उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने बांध में पोकलेन मशीन से बांध के पानी के लिए मार्ग बनाने वाले ड्राइवरों को सम्मानित करते हुए सम्मान निधि के रूप में प्रत्येक चालक को 2-2 लाख रुपये प्रदान करने की घोषणा की।

श्री चौहान ने कहा कि 1761 में संन्यासी विद्रोह से आरंभ हुए स्वतंत्रता संघर्ष में अनेकानेक जननायकों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देश को आजादी दिलाई। प्रदेश की धरती पर शहीद चंद्रशेखर आजाद, भीमा नायक, रानी दुर्गावती, महारानी लक्ष्मीबाई, रानी अवंतीबाई और शंकरशाह-रघुनाथ शाह ने अपने प्राणों की आहुति दी। देश को अंग्रेजों की पराधीनता से मुक्त कराने के लिए विजयादशमी के दिन स्वराज की अलख जगाने वाले डॉ. हेडगेवार ने अपना सारा जीवन देश को समर्पित कर दिया। डॉ. हेडगेवार की अनेक स्मृतियां बालाघाट जिले के रामपायली से जुड़ी हैं। बालाघाट जिले में उनकी स्मृतियों को चिरस्थाई बनाने के लिए स्मारक बनाया जाएगा।

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेशवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सर्वसुविधायुक्त सी.एम. राइज स्कूल स्थापित किए जा रहे हैं। सबको स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों, इसके लिए 2 करोड़ 78 लाख आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से भी इलाज की व्यवस्था जारी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को रोज़गार उपलब्ध कराने के लिए एक साल में एक लाख शासकीय पदों पर भर्तियां की जाएंगी। हर महीने रोज़गार दिवस का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 2 लाख युवाओं को स्व-रोज़गार से जोड़ने के लिए विभिन्न योजनाओं में स्व-रोज़गार के लिए ऋण सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में नई स्टार्टअप नीति लागू कर दी गई है। प्रदेश के कुछ स्टार्टअप्स ने उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज कराई हैं। प्रदेश का एक स्टार्टअप प्रतिष्ठित यूनिकार्न श्रेणी में शामिल हो चुका है। प्रदेश में निवेश को आकर्षित करने के विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

श्री चौहान ने कहा कि किसानों की आमदनी बढ़ाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। परंपरागत फसलों के स्थान पर लाभकारी फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने कृषि के विविधिकरण के लिए योजना लागू की गई है। किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा कृषकों को ब्याज से मुक्ति दिलाई जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मां, बहन, बेटी का कल्याण, उनकी सुरक्षा और उन्हें प्रगति के सभी अवसर उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रदेश में लाड़ली लक्ष्मी योजना-2 का क्रियान्वयन जारी है। प्रदेश में प्रति हजार पर बालिकाओं का अनुपात 912 से बढ़कर 976 हो गया है। श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में यह अनुपात बराबर हो जाने तक हम चैन से नहीं बैठेंगे।

मुख्यमंत्री ने विकास और जनकल्याण गतिविधियों में जन-भागीदारी को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि हर गतिविधि केवल राज्य शासन के माध्यम से संचालित करना संभव नहीं है। विकास और जनकल्याण के कार्यों में जनता के सहयोग से अधिक बेहतर परिणाम प्राप्त होते हैं। श्री चौहान ने प्रदेशवासियों को अपने गांव और शहरों का गौरव दिवस मनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासी संकल्प लें कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण में अपनी ओर से श्रेष्ठतम रूप से प्रयासरत और भारत माता के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने के लिए संकल्पित रहेंगे।

श्री चौहान ने समारोह में परेड के विजेताओं को शील्ड प्रदान की। आर्म्ड प्लाटून श्रेणी में एसटीएफ दल के कमांडर श्री निर्भय पारोचे और अनआर्म्ड प्लाटून श्रेणी में एनसीसी सीनियर विंग्स गर्ल्स की सीनियर अंडर ऑफिसर कुमारी जया परसोदिया को शील्ड प्रदान की गई। मुख्यमंत्री ने परेड में शामिल प्लाटूंस के कमांडरों से परिचय भी प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने पुलिस पदक प्राप्त अधिकारियों और जवानों के साथ ग्रुप फोटो भी करवाया।

अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण

मध्यप्रदेश में राज्य सांख्यिकी आयोग का होगा गठन - मुख्यमंत्री

भोपाल, आर्थिक गतिविधियों के तथ्यात्मक और सटीक आंकड़े उपलब्ध हों तो योजनाओं का क्रियान्वयन अच्छे ढंग से संभव होता है। परिवर्तन के इस दौर में सटीक आंकड़े उपलब्ध नहीं हों तो नीति अच्छी नहीं बन पायेगी। योजनाओं के निर्माण से लेकर क्रियान्वयन तक का दारोमदार आंकड़ों पर ही निर्भर करता है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में मध्यप्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद के अनुमान तैयार करने की कार्य पद्धति एवं गणना पर प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला के समापन-सत्र को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि टास्क फोर्स कमेटी की अनुशंसा के आधार पर मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है, जहां राज्य सांख्यिकी आयोग का गठन हो रहा है। राज्य और जिला स्तर पर पूर्ण कम्प्यूटराइजेशन का निर्णय लिया गया है। इससे काम करना आसान हो जायेगा। डाटा के मानकीकरण के लिए सांख्यिकी प्रकोष्ठ का निर्माण किया गया है।

श्री चौहान ने कहा कि हमारे दैनिक जीवन की गतिविधियों का आधार भी डाटा होता है। किसी भी क्षेत्र में बिना डाटा के कार्य नहीं चल सकता। वर्तमान सदी डाटा पर निर्भर है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना के लिए डाटा पर बल दिया है। डेटा शुद्ध विश्वसनीय हो, जिससे योजनाएं अच्छी बनें और उनका नीचे तक लाभ पहुंचे। उन्होंने कहा कि डाटा कलेक्शन के लिए ट्रेनिंग और आवश्यक व्यवस्थाएं करेंगे। डाटा की विश्वसनीयता के लिए दूसरी एजेंसियों का दखल नहीं होना चाहिए।

मध्यप्रदेश की उपलब्धियों को प्रवासी भारतीयों तक पहुंचायें

इंदौर में होगा प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन

भोपाल, इंदौर में होने वाले प्रवासी भारतीय दिवस की सभी तैयारियां समय पर पूर्ण कर ली जाएं। सम्मेलन का आयोजन बेहतर ढंग से हो। मध्यप्रदेश की उपलब्धियों की ब्रांडिंग का यह अच्छा मौका है। इंदौर को पूरी तरह सजा कर रखा जाए। इंदौर स्वच्छता में नम्बर-1 है। इसकी छवि अतिथियों के समक्ष रखें। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में प्रवासी भारतीय दिवस के सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा करते हुये कहीं।

बैठक में जानकारी दी गई कि वर्ष 2003 में पहला प्रवासी भारतीय दिवस मनाया गया था। अब तक 16 प्रवासी भारतीय दिवस हो चुके हैं। इंदौर में यह 17वां भारतीय दिवस सम्मेलन 8 से 10 जनवरी, 2023 तक होना प्रस्तावित है। राष्ट्रपति द्वारा प्रवासी भारतीय सम्मान समापन समारोह में दिए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा इंदौर कलेक्टर श्री मनीष सिंह से व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कार्यक्रम में प्रवासी भारतीय अधिकाधिक संख्या में आएं।

श्री चौहान ने कहा कि प्रवासी भारतीय सम्मेलन का भव्य आयोजन हो। बैठक में आयोजन संबंधी एमओयू हस्ताक्षरित कर आदान-प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सम्मेलन को अद्भुत और यादगार बनायें।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

13 अगस्त

सैनिकों की वीरता स्कूली पाठ्यक्रम में की जायेगी शामिल

● भारतीय सैनिकों की वीरता की कहानियों को जल्द ही स्कूली पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाएगा, जिससे बच्चों में कम उम्र से ही राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना पैदा की जा सके। यह जानकारी केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान ने दी। श्री प्रधान ने कहा कि रक्षा मंत्रालय से परामर्श कर शिक्षा मंत्रालय पिछले 75 वर्षों के दौरान सैनिकों की वीरता को स्कूली पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकों में शामिल करने के लिए काम करेगा। उन्होंने कहा कि बच्चों में राष्ट्र के प्रति दायित्व की भावना प्रबल करने के लिए स्वतंत्रता पश्चात भारत की वीरगाथा को भी स्कूली किताबों का हिस्सा बनाया जायेगा।

● वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के मासिक रिटर्न फॉर्म-3 बी के प्रारूप में बदलाव और सुधार किया जायेगा। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीआईसी) ने 3-बी फॉर्म में सुधार और जरूरी बदलाव के लिए लोगों से सुझाव मांगे हैं। यह सुझाव 15 सितम्बर, 2022 तक भेजे जा सकते हैं। जीएसटी में 3-बी फॉर्म का इस्तेमाल मासिक रिटर्न दाखिल करने में किया जाता है। इसमें सप्लाई का विवरण कारोबारी को दर्ज करना होता है। इसमें आउटवर्ड और इनवर्ड सप्लाई से लेकर आईटीसी जैसी तमाम जानकारियां 3-बी फॉर्म में दर्ज होती हैं।

14 अगस्त

सीयूईटी-यूजी परीक्षा 30 अगस्त तक हुई स्थगित

● केंद्रीय विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी-यूजी) परीक्षा 30 अगस्त, 2022 तक के लिए स्थगित कर दी गई है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने कहा कि सीयूईटी-यूजी परीक्षा को स्थगित करने का फैसला परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था को देखते हुए किया गया है। एनटीए ने कहा कि विद्यार्थियों को उनकी पसंद के एग्जाम सेंटर देने के लिए यह परीक्षा टाली गई है। अब यह परीक्षा 30 अगस्त या इसके बाद आयोजित हो सकती है। एनटीए ने कहा कि एग्जाम सेंटर्स की क्षमता बढ़ाई गई है तथा एग्जाम सेंटर्स की गुणवत्ता को सुधारने के साथ-साथ नए केंद्र भी बनाए गए हैं। उल्लेखनीय है कि सीयूईटी-यूजी के चौथे चरण के तहत 17, 18 और 20 अगस्त को परीक्षा आयोजित होनी थी।

● नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने बर्ड हिट की घटनाओं को रोकने के लिए देश के सभी हवाई अड्डों को निर्देश जारी किए हैं। डीजीसीए ने एक परिपत्र जारी कर हवाई अड्डा संचालकों को वन्यजीवों के जोखिम का आकलन करने और विमान को होने वाले जोखिम के अनुसार उन्हें रैंक करने को कहा है। डीजीसीए ने परिपत्र में कहा कि रैंडम पैटर्न पर नियमित गश्त करना और जब भी कोई वन्यजीव गतिविधि हो तो पायलटों को तुरंत सूचित किया जाए।

15 अगस्त

सीबीएसई ने दसवीं कक्षा में बेसिक गणित पढ़ने वाले विद्यार्थियों को गणित विषय लेने की मंजूरी दी

● केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के नौवीं और दसवीं कक्षा में बेसिक गणित पढ़ने वाले विद्यार्थी ग्यारहवीं कक्षा में गणित विषय ले सकते हैं। इस संबंध में सीबीएसई के शिक्षा निदेशालय ने बेसिक गणित और स्टैंडर्ड गणित विषय पर अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए एक परिपत्र जारी किया है। परिपत्र के जरिए सीबीएसई ने स्कूल प्रमुखों को निर्देश दिये कि जिन विद्यार्थियों ने कक्षा नौवीं और दसवीं में बेसिक गणित विषय लिया था, उन्हें ग्यारहवीं कक्षा में गणित विषय दिया जा सकता है।

● आयकर विभाग ने जानकारी दी है कि मौजूदा वित्तीय वर्ष के पहले चार महीनों में कंपनियों की आय पर वसूला जाने वाला कॉर्पोरेट टैक्स सालाना आधार पर 34 प्रतिशत बढ़ गया है। हालांकि विभाग ने कॉर्पोरेट टैक्स के रूप में प्राप्त हुई राशि का खुलासा नहीं किया है। आयकर विभाग ने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष (2021-22) में कॉर्पोरेट टैक्स का कुल संग्रहण 7.23 लाख करोड़ रुपये था, जो वित्तीय वर्ष 2020-21 की तुलना में 58 प्रतिशत अधिक था।

16 अगस्त

वित्त मंत्रालय करेगा छूट मुक्त कर व्यवस्था की समीक्षा

● वित्त मंत्रालय छूट या रियायतों से मुक्त कर व्यवस्था की समीक्षा करने की योजना बना रहा है। मंत्रालय ने जल्द छूट मुक्त कर व्यवस्था की समीक्षा का प्रस्ताव रखा है, ताकि व्यक्तिगत करदाताओं के लिए इस व्यवस्था को अधिक आकर्षक बनाया जा सके। वित्त मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार सरकार का उद्देश्य ऐसी कर प्रणाली स्थापित करने का है, जिसमें किसी तरह की रियायतें न हों। इसके अलावा सरकार छूट और कटौतियों वाली पुरानी जटिल कर व्यवस्था को समाप्त करना चाहती है। केंद्रीय वित्त मंत्री ने आम बजट (2020-21) में एक नई कर व्यवस्था पेश की थी, जिसमें करदाताओं को विभिन्न कटौतियों और छूट के साथ पुरानी व्यवस्था और बिना छूट और कटौतियों वाली निचली दरों की नई व्यवस्था में से चयन का विकल्प दिया गया था।

● भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर माइकल पात्रा ने अनुमान जताया है कि भारत वैश्विक विकास में चीन के बाद दूसरा अहम योगदान देगा। उन्होंने कहा भारत अगर अपनी बड़ी आबादी का पूरा फायदा उठाता है और मेन्यूफैक्चरिंग के साथ निर्यात में बढ़ोत्तरी करता है, तो भारत 11 प्रतिशत की विकास दर हासिल कर सकता है। उन्होंने कहा कि भारत अगर 11 प्रतिशत की विकास दर हासिल करने में सफल होता है, तो देश वर्ष 2048 की बजाए वर्ष 2031 में ही दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है।

JOIN TARGET BATCH
CTET < I-V VI-VIII
MP-TET
PNST(नर्सिंग)
NEET/ PV&FT
बालाजी® ट्यूटोरियल्स
(Since 2004)
ऑफिस: 221, वेदा बिल्डिंग, भँवरकुआ इन्दौर
98930-53653
R-47425/2022

17 अगस्त

सैनिकों की क्षमता बढ़ाने के लिए सेना को सौंपे गए स्वदेशी रक्षा उपकरण

● देश की सीमाओं पर बढ़ती चुनौतियों के बीच रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने सेना को कई स्वदेशी रक्षा उपकरण सौंपे। इनमें पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारत और चीन के बीच जारी सैन्य टकराव के मद्देनजर मोर्चे पर तैनात सैनिकों के लिए (ड्रोन), त्वरित गति से लड़ने वाले वाहन, एंटी पर्सनल माइंस और अन्य सुरक्षा तथा निगरानी उपकरण शामिल हैं।

● अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने भारतीय रक्षा अताशे को अब बिना किसी रोक-टोक (बिना एस्कॉर्ट किए) पेंटागन में आने-जाने की अनुमति दी है। पेंटागन अमेरिका के रक्षा मंत्रालय का मुख्यालय है। अमेरिकी वायु सेना के सेक्रेटरी फ्रैंक केन्डाल ने भारत के राजदूत तरनजीत सिंह संधू द्वारा वाशिंगटन में आयोजित किए गए एक कार्यक्रम में कहा कि इस तरह का कदम उस भरोसे और सहयोग को रेखांकित करता है, जो भारत और अमेरिका के बीच है।

18 अगस्त

परमाणु हमले के शिकार लोगों के इलाज के लिये देश में बनेंगे दो सेंटर

● भोपाल गैस त्रासदी जैसी विकराल घटना से सबक लेते हुये केंद्र सरकार देश में पहली बार केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल और परमाणु हमलों या हादसों में शिकार लोगों के इलाज के लिये आधुनिक सेंटर बनाने जा रही है। इन आधुनिक सेंटर के निर्माण की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जा चुकी है। इसके तहत तमिलनाडु के चेन्नई स्थित स्टैनली मेडिकल कॉलेज और हरियाणा के झज्जर एम्स में एक-एक आधुनिक सीबीआरएन सेंटर बनाया जायेगा। इन दोनों सेंटरों के लिये केंद्र सरकार ने 230 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। इन सीबीआरएन सेंटरों का निर्माण केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा कराया जा रहा है।

● पाकिस्तान में भारी निवेश करने के बाद चीन अब पाकिस्तान में अपनी सैन्य चौकियां स्थापित करने की योजना बना रहा है। राजनयिक सूत्रों के अनुसार चीन अपनी महात्वाकांक्षी बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) योजना के तहत किये गये निवेश की सुरक्षा चाहता है। पाकिस्तान-अफगानिस्तान मार्ग के माध्यम से चीन मध्य एशिया में अपने प्रभाव का विस्तार करने का इच्छुक है, इसके लिये चीन ने इन दोनों देशों में रणनीतिक निवेश भी किये हैं। चीन ने पाकिस्तान में 60 अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया है, वहीं पाकिस्तान भी आर्थिक और सैन्य रणनीतिक क्षेत्र में चीन पर निर्भर है। इसीलिये चीन विशेष रूप से वनाई गई चौकियों में अपने सुरक्षावलों की तैनाती चाहता है।

19 अगस्त

संयुक्त सैन्य अभ्यास वोस्तोक-2022 में भाग लेंगी भारत और चीन की सेनाएं

● भारत और चीन की सेनाएं अब एक साथ सैन्य अभ्यास करती नजर आयेंगी। चीन के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि उसके सैनिक रूस में 30 अगस्त से शुरू होने जा रहे संयुक्त सैन्य अभ्यास 'वोस्तोक-2022' में हिस्सा लेंगे। इस सैन्य अभ्यास में भारतीय सेना भी शामिल होगी। इस सैन्य अभ्यास में चीन की भागीदारी रूस के साथ द्विपक्षीय सहयोग समझौते का हिस्सा है। साथ ही इसका उद्देश्य भाग लेने वाली सेनाओं के साथ मैत्रीपूर्ण और व्यवहारिक संबंध स्थापित करना, रणनीतिक सहयोग को बढ़वा देना और सुरक्षा से जुड़े खतरों का जवाब देने की क्षमता को मजबूत करना है। इस सैन्य अभ्यास में भारत, चीन और रूस के अलावा बेलारूस, ताजिकिस्तान, मंगोलिया सहित अन्य देश भी हिस्सा लेंगे। उल्लेखनीय है कि भारत ने पिछले वर्ष भी रूस में एक ऐसे सैन्य अभ्यास में हिस्सा लिया था, जिसमें चीन और पाकिस्तान सहित 17 देशों की सेनाएं शामिल थीं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित फोटो : गूगल से साभार)

प्रयासKSG
An institute for MPPSC Examination
MPPSC
UPSC में 2000 से अधिक सिलेक्शन देने के बाद
MPPSC को समर्पित KSG का प्रतिबद्ध संस्थान
Our Proud Achievers (MPPSC)
Rachna Sharma 2nd Rank
Gagan Bisen 7th Rank
Tanmay 15th Rank
NEW BATCH
FROM 24th August in Bhopal
पाठ्यक्रम की अवधि 10-12 महीना
Batch timing:-
• 8-12 Morning (Hindi Medium) • 4-8 Evening (English Medium)
दिल्ली एवं म.प्र. के अनुभवी शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन
9893739446, 7725837474
Indore : 111-117 , 1st Floor, Veda Building, Bhawar kuwa Square, Indore
7223901339, 9302963679, 0755-4940022
Bhopal : 43, S-1 & S-3, 2nd Floor, R.R. Archade, Behind GK Palace, Zone-II, M.P. Nagar, Bhopal (MP)-462011
R-47424/2022

वर्ष 39, अंक 34 22.08.2022 से 28.08.2022
रोज़गार और निर्माण
rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - राघवेन्द्र कुमार सिंह
- सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
- कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
- आकल्पन - आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

तेजी से बढ़ रही है मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था

मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। इसलिये आंकड़ों की शुद्धता और सटीक अनुमान के लिये डाटा संग्रहण तंत्र को निरंतर सजग रहने की आवश्यकता है। इसके लिये ज्यादा से ज्यादा स्तरों पर सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जायेगा। उपरोक्त बातें मध्यप्रदेश के वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने कहीं। श्री देवड़ा भोपाल स्थित प्रशासन अकादमी में योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा मध्यप्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद के अनुमान तैयार करने के कार्य पद्धति एवं गणना पर केंद्रित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। श्री देवड़ा ने कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था के उद्योग समूहवार विश्लेषण में क्षेत्रीय लेखा सांख्यिकी की महत्वपूर्ण भूमिका है। राज्य के सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र की अर्थव्यवस्था एवं विकास के स्तर के मूल्यांकन के लिये राज्य घरेलू उत्पाद के अनुमान ही एक महत्वपूर्ण संकेतक हैं। सुदृढ़ अर्थव्यवस्था के नियंत्रण एवं विकासात्मक योजनाओं के क्रियान्वयन के लिये आंकड़े ही ठोस आधार हैं। मंत्री महोदय ने कहा कि प्रदेश का सकल राज्य घरेलू उत्पाद स्थिर भाव (वर्ष 2011-12) के आधार पर वर्ष 2019-20 के 5,75,554 करोड़ रुपये की अपेक्षा वर्ष 2020-21 में 5,64,514 करोड़ रुपये अनुमानित किया गया है, जबकि अग्रिम अनुमानों के आधार पर 10.12 प्रतिशत की वृद्धि के साथ वर्ष 2021-22 में सकल घरेलू उत्पाद 6,21,653 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। श्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि प्रचलित भावों पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद 4.01 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते हुये वर्ष 2019-20 के 9,38,602 करोड़ रुपये की तुलना में वर्ष 2020-21 में 9,76,281 करोड़ रुपये अनुमानित किया गया है। वर्ष 2021-22 के लिये आंकलित अग्रिम अनुमानों के अनुसार 9.74 प्रतिशत की वृद्धि के साथ ही यह 11,96,004 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। वित्त मंत्री ने कहा कि वर्ष 2020-21 के लिये मध्यप्रदेश में प्रति व्यक्ति आय स्थिर भाव (वर्ष 2011-12) पर 58,334 रुपये है। प्रचलित भावों पर प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2019-20 में 1,03,103 रुपये से बढ़कर वर्ष 2020-21 में 1,04,894 रुपये अनुमानित की गई है, जो कि 1.74 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। अग्रिम अनुमानों के आधार पर वर्ष 2021-22 के लिये प्रति व्यक्ति आय स्थिर/प्रचलित भावों पर क्रमशः 63,345 रुपये एवं 1,24,685 रुपये आंकलित की गई है। प्रमुख सचिव योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी श्री मुकेशचंद्र गुप्ता ने कहा कि सांख्यिकी अधिकारियों को डाटा की गुणवत्ता पर ध्यान देना चाहिये, क्योंकि आंकड़ों के आधार पर ही शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे प्रमुख विभागों की वास्तविक प्रगति पता चलती है। उन्होंने कहा कि जल्दी ही सांख्यिकी विभाग की गतिविधियां ऑनलाइन संपादित होंगी। पूर्व महानिदेशक राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, भारत सरकार श्री आशीष कुमार ने कहा कि आंकड़ों का आवश्यकतानुसार कम्प्यूटरीकरण होना चाहिए। इसके लिये कौशल प्रशिक्षण देना और डाटा की शुद्धता बढ़ाना चाहिये। भारत के मुख्य सांख्यिकीविद एवं पूर्व सचिव श्री प्रवीण श्रीवास्तव ने कहा कि भारत सरकार ने 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था का लक्ष्य तय किया है। इस लक्ष्य को हासिल करने में मध्यप्रदेश को अपनी क्षमता बढ़ानी होगी। उन्होंने कहा कि इस काम में संलग्न अमले की कार्यक्षमता को बढ़ाना होगा। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि शुद्ध आंकड़ों के आधार पर ही नीति-निर्माण की नींव रखी जाना चाहिये। पुराने तरीकों को बदलना होगा। डाटा संग्रहण सिस्टम को आधुनिक बनाना होगा। हमेशा अद्यतन आंकड़ों का ही उपयोग होना चाहिये।

आवाज से जानेंगे दिल का हाल

व्यक्ति जब बीमार होता है, तब उसकी आवाज सामान्य आवाज से अलग होती है। उदाहरण के लिये दर्द से पीड़ित व्यक्ति की आवाज से अंदाज लगाया जा सकता है कि वह शरीर के किसी अंग में हो रहे दर्द से परेशान है, लेकिन अभी हाल में हुये एक अध्ययन में वैज्ञानिकों ने बताया कि अब डॉक्टर हृदय रोगियों में उनके बोलने के तरीके को सुनकर हृदय संबंधी बीमारियों का पता लगा सकेंगे। अमेरिका से शोधकर्ताओं ने लोगों की आवाज के 80 से अधिक बिन्दुओं जैसे आयाम, पिच और ताल का विश्लेषण करने के लिये एक एल्गोरिद्म का परीक्षण किया। शोधकर्ताओं ने बताया कि कम्प्यूटर एल्गोरिद्म वॉयस रिकॉर्डिंग में सुराग ढूंढ़कर हृदय रोग के रोगियों में गंभीर जटिलताओं का पता लगाने में सक्षम था। शोधकर्ताओं ने कहा कि किसी की आवाज की आवृत्ति, स्वर या पिच में छोटे बदलाव हृदय स्वास्थ्य के संकेत हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि एआई के आवाज मूल्यांकन में उच्च स्कोर करने वालों में हृदय रोग जैसे दिल का दौरा पड़ने की जटिलताओं से पीड़ित होने की संभावना ढाई गुना से अधिक थी। यह तकनीक के हृदय रोग के जोखिम से बुरी तरह लाचार ब्रिटेन में हृदय रोग के जोखिम वाले रोगों की पहचान करने में एक प्रभावी उपकरण हो सकती है। इस संबंध में एक कार्डियोलॉजिस्ट ने कहा कि अगर आवाज का विश्लेषण किया जाये तो कोरोनरी धमनी रोग के जोखिम वाले रोगियों की पहचान करने का एक प्रभावी तरीका मिल सकता है। अमेरिकी शोधकर्ताओं ने कहा कि हम ये सुझाव नहीं दे रहे हैं कि आवाज विश्लेषण तकनीक डॉक्टरों की जगह ले लेगी या स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्था के मौजूदा तरीकों को बदल देगी, लेकिन हमें लगता है कि एक सहायक के रूप में यह बेहतर कार्य करेगा। हृदय स्वास्थ्य का आकलन करने के लिये आवाज विश्लेषण का उपयोग करने पर और अधिक शोध किये जाने की आवश्यकता है।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

विश्व फोटोग्राफी दिवस 19 अगस्त

कैमरा है संवाद की वैश्विक भाषा

किसी से बात करना हो तो हमें उसकी भाषा का आना जरूरी होता है, मगर दूर देश में भी कोई व्यक्ति यदि हाथ में कैमरा रखा है तो सामने वाला उसके बिना कुछ कहे ही समझ जाएगा कि यह व्यक्ति फोटोग्राफी करता है। इसलिए कैमरा संवाद की अंतर्राष्ट्रीय भाषा है, वैसे भी कहा गया है कि एक चित्र 1 हजार शब्दों के बराबर होता है। एक तस्वीर में यह काबिलियत है कि वह जगह, अनुभव, विचार, पल को एक ही समय पर एक साथ कैद कर लेती है। इन सबको एक साथ पिरोने के कारण ही कहा जाता है कि, एक तस्वीर एक हजार शब्दों को बयां कर देती है। तस्वीर अहसास को भी शब्दों की तुलना में अधिक तेजी से पहुंचाती है, अचानक आंखों के सामने आई एक तस्वीर आपके अंदर तुरंत ही घृणा, दुख, खुशी जैसे अलग-अलग अहसास को अचानक से जन्म दे देती है। 19 अगस्त को वर्ल्ड फोटोग्राफी डे होता है। दुनियाभर के फोटोग्राफर इस दिन का जश्न मनाते हैं। हर साल 19 अगस्त को वर्ल्ड फोटोग्राफी डे बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह दिन उन सभी फोटोग्राफर्स को समर्पित है, जिन्होंने अपनी फोटोग्राफी की कला से दुनिया की खूबसूरती को कैमरे में कैद किया है। आज के समय में फोटोग्राफी के जरिए हम आसानी से अपनी जिंदगी के खूबसूरत पलों को कैमरे में कैद कर लेते हैं। इस संसार में प्रकृति ने प्रत्येक प्राणी को जन्म के साथ भी एक कैमरा दिया है, जिससे वह संसार की प्रत्येक वस्तु की छवि अपने दिमाग में अंकित करता है। वह कैमरा व्यक्ति की आंखें हैं। इस नज़र से देखा जाए तो देखने में समर्थ दुनिया का हर प्राणी एक फोटोग्राफर है।

फोटोग्राफी का इतिहास

पलों को सहेजने की तकनीक यानी फोटोग्राफी के विकास की यात्रा भी लंबी है। विज्ञान के विकास के साथ कृत्रिम लेंस का भी आविष्कार हुआ। इसी की याद में विश्व फोटोग्राफी दिवस मनाया जाता है। इतिहासकारों के मुताबिक आज से 182 साल पहले 9 जनवरी, 1839 को दुनिया में फोटोग्राफी की शुरुआत हुई थी। जोसेफ नाइसफोर और लुइस डॉगेर नामक वैज्ञानिकों ने 9 जनवरी 1839 को डॉगोरोटाइप प्रक्रिया का आविष्कार किया था। डॉगोरोटाइप टेक्निक फोटोग्राफी की पहली प्रक्रिया थी। फ्रांस की सरकार ने इस प्रोसेस रिपोर्ट को खरीदकर इसे लोगों के लिए फ्री कर दिया। इसी की याद में दुनियाभर में 19 अगस्त को वर्ल्ड फोटोग्राफी डे मनाया जाता है। इसके अलावा आज के दिन ईस्टमैन कोडक कंपनी के जॉर्ज ईस्टमैन को भी याद किया जाना चाहिए जिनके 35 एमएम फिल्म रोल ने फोटोग्राफी को लोकप्रिय बनाने और मुख्यधारा में लाने में एक बड़ा योगदान दिया था।

फोटोग्राफी की तकनीक का विकास

वैज्ञानिक तथा तकनीकी सफलता के साथ-साथ फोटोग्राफी ने भी आज बहुत तरक्की की है। आज व्यक्ति के पास ऐसे-ऐसे साधन मौजूद हैं जिसमें सिर्फ बटन दबाने की देर है और मिनटों में अच्छी से अच्छी तस्वीर उसके हाथों में होती है। किंतु सिर्फ अच्छे साधन ही अच्छी तस्वीर की ग्यारंटी नहीं दे सकते हैं। तकनीक चाहे जैसी तरक्की करे, उसके पीछे कहीं न कहीं मनुष्य की सोच उसका मस्तिष्क ही काम करता है। फोटोग्राफी में भी इसकी जरूरत होती है। हमें आंखों से दिखाई देने वाले दृश्य को कैमरे की मदद से एक फ्रेम में बांधना, प्रकाश व छाया, कैमरे की स्थिति, ठीक एक्सपोजर तथा उचित विषय का

चुनाव ही एक अच्छे फोटो को प्राप्त करने की पहली शर्त होती है। भले ही आज हर व्यक्ति के हाथ में कैमरा है, लेकिन सभी अच्छे फोटोग्राफर नहीं बन पाते हैं। अच्छा फोटो अच्छा क्यों होता है- इसी सूत्र का ज्ञान किसी भी फोटोग्राफर को खास बनाता है। फोटोग्राफर रघुराय के शब्दों में, मैं चित्र खींचने के लिए पहले से कोई तैयारी नहीं करता हूं। मैं उसे उसके वास्तविक रूप में अचानक कैंडिड रूप में ही लेना पसंद करता हूं। पर असल चित्र तकनीकी रूप में कितना ही अच्छा क्यों न हो, वह तब तक सर्वमान्य नहीं हो सकता जब तक उसमें विचार नहीं है। एक अच्छी पेंटिंग या अच्छा चित्र वही है, जो मानवीय संवेदना को झकझोर दे।

पहला वर्ल्ड फोटोग्राफी डे

वर्ष 2010 में ऑस्ट्रेलियाई फोटोग्राफर कोर्स्के आरा ने इस दिन के बारे में दुनियाभर में जागरूकता फैलाने की शुरुआत की। उन्होंने अपने साथियों की मदद से दुनिया भर में इस दिन का प्रचार-प्रसार किया। अपने साथी फोटोग्राफरों के साथ मिलकर उनकी तस्वीरें ऑनलाइन गैलरी के जरिए पूरी दुनिया के सामने प्रस्तुत कीं। ऑनलाइन गैलरी के माध्यम से प्रस्तुत की गई इन तस्वीरों को लोगों ने खूब पसंद किया जिसके बाद से इसका ट्रेंड बन गया और हर साल फोटोग्राफी डे के दिन ऐसी ही ऑनलाइन गैलरी बनने की शुरुआत हो गई। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, इंस्टाग्राम सभी पर वर्ल्ड फोटोग्राफी डे पर लोग अपनी पसंद की अलग-अलग तस्वीरें इस दिन #WorldPhotographyDay हैशटैग के साथ अपलोड करते हैं। इस वर्ष फेसबुक पर भी फोटोग्राफी पर केन्द्रित https://www.facebook.com/groups/worldphotographydaily फेसबुक ग्रुप का निर्माण किया है। यहां फोटोग्राफी का शौकीन कोई भी व्यक्ति अपनी पसंद की तस्वीरें पोस्ट कर सकता है।

तब लिखा-पढ़ी के बाद मिलता था कैमरा

आज हर आदमी की पहुंच में कैमरा है, 3 दशक पहले और आज के बदले दौर के संबंध में मशहूर अंतर्राष्ट्रीय फोटोग्राफर, एडगुरु, फिल्म मेकर शांतनु शौरी कहते हैं कि आज कैमरा हर व्यक्ति को आसानी से उपलब्ध हो जाता है, कैसी भी लाइट हो अच्छी तस्वीर आसानी से क्लिक हो जाती है। मगर उस दौर में कैमरा खरीदना आसान नहीं होता था, कैमरा खरीदने वाले को संदेह की दृष्टि से देखा जाता था। काफी लिखा-पढ़ी होती थी, कि कैमरा क्यों खरीदना है बताना पड़ता था। कीमत बहुत ज्यादा होती थी, साथ ही इसे ब्लैक में खरीदना पड़ता था। शांतनु बताते हैं मैंने पहला कैमरा न्यूज पेपर में बाधंकर, प्लास्टिक में छिपाकर कई महीनों की मशक्कत के बाद खरीदा था। अपरचर सेट करना, रोल खरीदना सब कुछ काफी मुश्किल था, एक तस्वीर कैसे आई है, इसे जानने के लिए 24 घंटे का इंतजार करना पड़ता था। एक-एक तस्वीर क्लिक करने से पहले सोचना पड़ता था क्योंकि रोल भी काफी महंगा पड़ता था, फिर उसके बाद उसे धुलवाना। आज एक तस्वीर क्लिक करते ही पता चल जाता है कि वह कैसी आई है। साथ ही कोई खर्च भी नहीं होता है, एक बार बस इक्यूपमेंट खरीदना होता है। शांतनु कहते हैं कि आज के दौर में जब हर व्यक्ति मोबाइल हाथ में होने के कारण फोटोग्राफर है, ऐसे में इस फील्ड को कॅरियर के तौर पर चुनने वाले युवाओं के सामने किस तरह की चुनौतियां हैं, इसके संबंध में शांतनु कहते हैं कि मैं अपने हर स्टूडेंट्स को यही कहता हूं कि हमारे देश में आज 10 मिलियन फोटोग्राफर हैं। अच्छा फोटोग्राफर व्यक्ति अपने विजन से बनता है, वह कितना अच्छा एंगल बना सकता है न कि इक्यूपमेंट के सहारे। जिस तरह से महाभारत में द्रोणाचार्य के शिष्य अर्जुन को सिर्फ पक्षी की आंख दिखाई देती है, उसी तरह अपना विजन क्लीयर रखना जरूरी है।

फोटोग्राफी करते समय ध्यान रखिए ये बातें

- कई बार फोटो खींचते समय लोगों के हाथ कांपने लगते हैं। ऐसे में फोटो हिली हुई आती है। जब भी आप फोटो क्लिक करें तो हाथों को एक जगह स्थिर रखें। ट्राइपॉड का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। अगर आप ट्रैवलिंग कर रहे हैं और फोन से फोटो क्लिक करनी है तो आप सेल्फी स्टिक का सहारा ले सकते हैं।
- फोटो खींचने के लिए हर बात का ध्यान रखना जरूरी है, लेकिन सबसे जरूरी इस बात का ध्यान रखना है कि फोटो खींचते समय लाइट सही है या नहीं। अगर आप दिन में तस्वीर खींचते हैं तो वो बर्न हो जाती है, क्योंकि दोपहर में धूप बहुत तेज होती है। वहीं रोशनी कम हो तो फोटो बहुत ज्यादा डार्क आती है। ऐसे में या तो आप सुबह के समय जैसे 8 बजे से 10 बजे के बीच में फोटो क्लिक करें या फिर शाम को सूर्यास्त से कुछ देर पहले क्लिक कर सकते हैं।
- अच्छी फोटो क्लिक करने के लिए कैमरे को सही तरीके से होल्ड करना जरूरी है। अगर आप परफेक्ट फोटो क्लिक करना चाहते हैं, तो कैमरे को वर्टिकली होल्ड करें। ऐसा करने से वाइड एंगल बनता है।

जिन्होंने किया देश की आजादी से जुड़े पलों को कैद

देश की पहली महिला फोटो जर्नलिस्ट होमी व्यारावाला का जन्म 9 दिसंबर, 1913 को गुजरात के नवसारी में एक मध्यवर्गीय पारसी परिवार में हुआ था। शुरुआती शिक्षा हासिल करने के बाद उन्होंने बॉम्बे यूनिवर्सिटी और सर जेजे स्कूल ऑफ आर्ट से पढ़ाई की। पढ़ाई पूरी होने के बाद शुरू में उन्होंने मुंबई के एक दैनिक समाचार पत्र के लिए फोटो खींचना शुरू किया। साल 1942 (दूसरे विश्व युद्ध के दौरान) में व्यारावाला को ब्रिटिश इन्फॉर्मेशन सर्विस ने नई दिल्ली में नौकरी दी। होमी व्यारावाला ने अगस्त 1947 को लाल किले पर पहली बार फहराए गए झंडे, भारत से लॉर्ड माउंटबेटन की वापसी, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू और लालबहादुर शास्त्री की अंतिम यात्रा की तस्वीरें भी अपने कैमरे में कैद कीं। इसके अलावा उन्होंने महात्मा गांधी, जवाहरलाल नहरू, मोहम्मद अली जिन्ना, इंदिरा गांधी को अपने कैमरों में कैद किया। होमी 40 साल तक फोटोग्राफी से जुड़ी रहीं। 2010 में भारत सरकार ने उन्हें पद्म-विभूषण से सम्मानित किया। 15 जनवरी, 2012 को उनका निधन हो गया।

सर्जना चतुर्वेदी

(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेंसी एरिया - इंदौर

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग - मध्यप्रदेश शासन हेतु चिकित्सा विशेषज्ञों के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन

विज्ञापन क्रमांक	ऑनलाइन आवेदन करने की	आयोग कार्यालय में अभिलेखों सहित आवेदन-पत्र
09/2022/17.08.2022	अंतिम तिथि 15.10.2022	जमा करने की अंतिम तिथि 27.10.2022

महत्वपूर्ण

1. मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा मध्यप्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग हेतु चिकित्सा विशेषज्ञों के पदों की पूर्ति हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। विज्ञापित पदों के लिए शैक्षणिक अर्हता निम्नानुसार है :-

		अर्हता
1.	ई.एन.टी. विशेषज्ञ	**अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता :-**
2.	पैथोलॉजी विशेषज्ञ	भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त संबंधित विषय में स्नातकोत्तर डिप्लोमा/सी.पी.एस. डिप्लोमा अथवा समतुल्य अर्हता अथवा भारतीय
3.	शल्य क्रिया विशेषज्ञ	आयुर्विज्ञान परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त संबंधित विषय में स्नातकोत्तर डिग्री अथवा भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त संबंधित विषय में
4.	रेडियोलॉजी विशेषज्ञ	सुपर स्पेशलिएटी डिग्री/डिप्लोमा।
5.	क्षय रोग विशेषज्ञ	**समतुल्य अर्हता :-**
6.	नेत्र रोग विशेषज्ञ	भारतीय चिकित्सा परिषद् द्वारा अर्हता प्राप्त विदेशी उपाधिधारी।
7.	शिशु रोग विशेषज्ञ	**वांछनीय अर्हता :-**
		मध्यप्रदेश चिकित्सा परिषद् में स्थायी पंजीयन।
8.	दन्त चिकित्सा विशेषज्ञ	**अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता :-**
		भारतीय दन्त चिकित्सा परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त स्नातकोत्तर डिग्री।
		वांछनीय अर्हता :-
		मध्यप्रदेश राज्य दंत चिकित्सा परिषद् में स्थायी पंजीयन अनिवार्य।

रोज़गार पंजीयन :-

(क) माननीय उच्च न्यायालय मुख्यपीठ जबलपुर में दायर याचिका क्रमांक 5096/2022 में पारित अंतिम आदेश दिनांक 08.03.2022 के अनुपालन में अन्य प्रदेशों के अभ्यर्थियों को रोज़गार कार्यालय में पंजीयन से मुक्त रखा गया है।

(ख) मध्यप्रदेश के मूल निवासियों को जीवित रोज़गार पंजीयन आवेदन करते समय आवश्यक नहीं होगा, किन्तु ऐसे अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय मध्यप्रदेश के रोज़गार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

(ग) मध्यप्रदेश शासन की सेवा में कार्यरत - शासकीय/निगम/मण्डल/उपक्रम/आयोग/बोर्ड/विश्वविद्यालय/स्वशासी संस्था के कर्मचारी तथा नगर सैनिक-अभ्यर्थियों को विभाग/कार्यालय द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण-पत्र को मान्य किया जाएगा। उपरोक्तानुसार अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर रोज़गार पंजीयन से छूट रहेगी।

2. आवेदन पत्र केवल ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे आवेदन पत्र **दिनांक 16.09.2022** (दोपहर 12:00 बजे) से **दिनांक 15.10.2022** (दोपहर 12:00 बजे) तक **www.mponline.gov.in** तथा **https://mppsc.mp.gov.in** पर भरे जा सकते हैं।

3. अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन करने तथा आवेदन शुल्क का भुगतान करने के पश्चात ऑनलाइन आवेदन-पत्र का प्रिंट आउट प्राप्त करें तथा आवेदन पत्र में उल्लेखित भुगतान विवरण से यह सुनिश्चित कर लें कि शुल्क भुगतान हो चुका है। उक्त ऑनलाइन आवेदन-पत्र के साथ अपनी अर्हता से संबंधित सभी अभिलेखों तथा अनुप्रमाणन-पत्रक, व्यक्तिगत विवरण-पत्रक एवं उपस्थिति-पत्रक (आयोग की वेबसाइट **https://mppsc.mp.gov.in** पर उपलब्ध) की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न कर आयोग कार्यालय में दिनांक 27.10.2022 तक जमा कराएं। **आवेदन पत्र भरने के संदर्भ में विस्तृत जानकारी हेतु परिशिष्ट-2 का ध्यानपूर्वक अवलोकन करें एवं तदनुसार पर्याप्त समय पूर्व आवेदन-पत्र भरें।**

4. अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन-पत्र की सावधानीपूर्वक जांच कर लें। ऑनलाइन आवेदन-पत्रों में दिनांक 21.09.2022 से दिनांक 17.10.2022 तक त्रुटिसुधार किया जा सकेगा। इस हेतु प्रति सुधार सत्र रुपये 50/- त्रुटिसुधार शुल्क देय होगा। अभ्यर्थी त्रुटिसुधार हेतु एम.पी. ऑनलाइन के अधिकृत कियोस्क की सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं। त्रुटिसुधार अवधि समाप्त होने के बाद किसी भी प्रकार का परिवर्तन मान्य नहीं होगा तथा श्रेणी/वर्ग परिवर्तन विषयक समस्त आवेदन अमान्य किए जाएंगे तथा आयोग द्वारा इस संदर्भ में अभ्यर्थी से कोई पत्र व्यवहार नहीं किया जाएगा।

5. विज्ञापन के सन्दर्भ में आवश्यक सूचनाएं, परीक्षा का परिणाम केवल आयोग की वेबसाइट **https://mppsc.mp.gov.in** में प्रकाशित किया जाएगा साथ ही आवश्यक होने पर अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय दिए गए **e-mail Address** तथा मोबाइल नंबर पर **e-mail** तथा **SMS Alert** भी प्रेषित किए जाएंगे। अतः अभ्यर्थी आवश्यक सूचनाओं हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र पर विहित स्थान पर अपने **e-mail** पते तथा मोबाइल नंबर का अवश्य उल्लेख करें तथा आयोग की वेबसाइट का निरन्तर अवलोकन करें।

6. प्रकाशित विज्ञापन में विज्ञापित पदों हेतु जो शैक्षणिक अर्हता/अनुभव/वांछनीय अर्हता एवं विज्ञापित रिक्तियों का आरक्षण वर्गीकरण आदि का उल्लेख किया गया है, वह विभाग के द्वारा मांग पत्र के आधार पर प्रकाशित किया गया है। जिसमें आयोग की कोई भूमिका नहीं रहती है। अतः अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि उक्त संबंध में आयोग में प्राप्त शिकायतों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। उक्त संबंध में शिकायतकर्ता अभ्यर्थी सीधे विभाग को अपनी शिकायत अग्रेषित कर सकते हैं।

7. आयोग द्वारा भर्ती प्रक्रियांतर्गत ऑनलाइन आवेदन पत्र में आयोग द्वारा सुनिश्चित की गई फीस के अतिरिक्त आधिक्य या त्रुटिवश गलत भुगतान के संबंध में रिफंड हेतु प्राप्त अभ्यावेदन स्वीकार योग्य नहीं होंगे। अभ्यर्थियों को भली-भांति दिए गए निर्देशों का सूक्ष्मता से अवलोकन पश्चात् ही निर्धारित फीस का भुगतान करें। कियोस्क अथवा अन्य माध्यम से त्रुटिवश/आधिक्य भुगतान के रिफंड के लिए आयोग जिम्मेदार नहीं है।

8. आयोग द्वारा भर्ती विज्ञापनों में ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रण के समय अभ्यर्थियों से परीक्षा सेंटर आवंटन हेतु शहर की च्वाइस फिलिंग एवं उपलब्धता के आधार पर आवंटित की जाती है। अभ्यर्थी द्वारा एक बार च्वाइस फिलिंग उपरांत परीक्षा शहर के परिवर्तन के संबंध में प्रस्तुत कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

9. प्रकाशित भर्ती विज्ञापन के अतिरिक्त अन्य कोई भी अभ्यर्थियों की औचित्यहीन जिज्ञासाओं के संबंध में किसी भी माध्यम से प्राप्त अभ्यावेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

10. आयोग द्वारा आयोजित विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के संबंध में समय-समय पर दिशा-निर्देश प्रसारित किए जाते हैं, जिसमें स्पष्टतः परीक्षा केन्द्र पर अभ्यर्थी को कौन-कौन सी सामग्री लाना विवर्जित रहती है अतएव औचित्यहीन जिज्ञासाओं के संबंध में किसी भी माध्यम से प्राप्त अभ्यावेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

11. आयोग द्वारा भर्ती प्रक्रियाओं में सम्मिलित अभ्यर्थियों को परीक्षा में आने-जाने का नियमानुसार भुगतान प्राप्त करने हेतु Reimbursement का वर्गीकरण प्रावधानित है। जिसके अनुसार नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही सम्पादित की जाती है, अतएव इस संबंध में किसी भी माध्यम से प्राप्त अभ्यावेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

12. आयोग द्वारा प्रकाशित भर्ती विज्ञापनों के उपरांत कई अभ्यर्थियों द्वारा तथ्यहीन आधारों पर बिना कोई साक्ष्य/दस्तावेजों के अनावश्यक रूप से विभिन्न प्रकार के शिकायती अभ्यावेदन प्रस्तुत किए जाते हैं, अतएव इस प्रकार के किसी भी माध्यम से प्राप्त अभ्यावेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

13. उक्त विज्ञापन का अंतिम चयन परिणाम याचिका क्रमांक 25181/2019 के अंतिम न्यायालयीन निर्णय के अध्यधीन रहेगा।

14. आयोग की परीक्षा और चयन प्रणाली निष्पक्ष एवं पारदर्शी है। किसी एक व्यक्ति द्वारा इस प्रणाली को विफल कर किसी व्यक्ति को लाभ पहुंचाने की संभावना नहीं है। अतः किसी व्यक्ति द्वारा सीधे या किसी अन्य के माध्यम से लाभ पहुंचाने का दावा किया जाता है तो ऐसा व्यवहारिक रूप से असंभव है। अतः ऐसे व्यक्ति के बहकावे में न आएं और उस व्यक्ति की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर सूचना अविलंब आयोग को दें ताकि ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध समुचित कार्यवाही की जा सके। सूचना देने वाले का नाम पता गोपनीय रखा जाएगा।

एक भारत के नागरिकों तथा भारत के संविधान के तहत मान्य अन्य श्रेणियों के आवेदकों से लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश शासन के निम्नलिखित पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं :-

क्र.	पद का नाम	रिक्त पदों की संख्या						रिक्तियों में से मध्यप्रदेश की मूल निवासी महिला के अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित पदों की संख्या					रिक्तियों में से मध्यप्रदेश मूल निवासी दिव्यांगजन अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित पदों की संख्या			
		UR	SC	ST	OBC	EWS	कुल	UR	SC	ST	OBC	EWS	OH	VH	HH	MD
1.	ई.एन.टी. विशेषज्ञ	6	3	4	6	2	21	2	1	1	2	1	1	0	0	0
2.	पैथोलॉजी विशेषज्ञ	9	6	7	9	3	34	3	2	2	3	1	1	0	1	0
3.	शल्य क्रिया विशेषज्ञ	43	25	32	43	16	159	14	8	11	14	5	3	2	2	3
4.	रेडियोलॉजी विशेषज्ञ	6	4	5	6	3	24	2	1	2	2	1	1	0	0	0
5.	क्षय रोग विशेषज्ञ	4	2	2	4	1	13	1	1	1	1	0	1	0	0	0
6.	नेत्र रोग विशेषज्ञ	8	4	6	8	3	29	3	1	2	3	1	1	0	1	0
7.	शिशु रोग विशेषज्ञ	35	20	25	35	13	128	12	7	8	12	4	2	2	2	2
8.	दन्त चिकित्सा विशेषज्ञ	4	2	3	4	1	14	1	1	1	1	0	1	0	0	0

दो पदों का विवरण

01	**पद का नाम**	:	**चिकित्सा विशेषज्ञ**
	विभाग का नाम	:	लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश शासन।
	श्रेणी	:	राजपत्रित (प्रथम श्रेणी)
	पदों की स्थिति	:	अस्थायी
	वेतनमान	:	रु. 15600-39100+6600 ग्रेड पे छठे वेतन आयोग अनुसार (सातवें वेतनमान में तत्स्थानी वेतनमान प्राप्त होंगे)
	पद के मुख्य कर्तव्य	:	मरीजों की देखभाल एवं उपचार।

तीन शैक्षणिक अर्हता : 1. अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता (बिन्दु क्रमांक 01 से 07 तक के पदों हेतु)

भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त संबंधित विषय में स्नातकोत्तर डिप्लोमा/सी.पी.एस. डिप्लोमा अथवा समतुल्य अर्हता अथवा भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त संबंधित विषय में स्नातकोत्तर डिग्री अथवा भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त संबंधित विषय में सुपर स्पेशलिएटी डिग्री/डिप्लोमा।

समतुल्य अर्हता :- भारतीय चिकित्सा परिषद् द्वारा अर्हता प्राप्त विदेशी उपाधिधारी।

वांछनीय अर्हता :- मध्यप्रदेश चिकित्सा परिषद् में स्थायी पंजीयन।

2. दन्त चिकित्सा विशेषज्ञ के पद हेतु अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता

भारतीय दन्त चिकित्सा परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त स्नातकोत्तर डिग्री।

वांछनीय अर्हता :- मध्यप्रदेश राज्य दंत चिकित्सा परिषद् में स्थायी पंजीयन अनिवार्य।

विशेष :

(1) उक्त अर्हताएं विज्ञापन में उल्लेखित ऑनलाइन आवेदन करने की **अंतिम तिथि 15.10.2022 तक** अर्जित होनी चाहिए। उक्त तिथि के बाद में अर्हता धारित करने वाले अभ्यर्थी पद हेतु अनर्ह माने जाएंगे।

(2) यदि अभ्यर्थी की अर्हकारी परीक्षा की अंकसूची में पूर्णांक तथा प्राप्तांक का उल्लेख न होते हुए ग्रेड/पाइंट स्केल का उल्लेख है, तो उन्हें अपने ग्रेड/पाइंट स्केल के समतुल्य प्रतिशत के निर्धारण विषयक सूत्र/सिद्धांत के आधार पर प्रतिशत की गणना करते हुए शपथ-पत्र आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। शपथ-पत्र के साथ प्रतिशत निर्धारण हेतु अपनाए गए सूत्र/सिद्धांत के अनुसमर्थन हेतु संबंधित विश्वविद्यालय के सुसंगत अभिलेख संलग्न करना भी अनिवार्य है।

टीप -

(1) शासन द्वारा पदों की संख्या का पुनरीक्षण करने पर इस पद संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है। पदों की संख्या में वृद्धि केवल साक्षात्कार द्वारा चयन की स्थिति में साक्षात्कार कार्यक्रम के प्रकाशन तिथि तक तथा परीक्षा की स्थिति में परीक्षा के परिणाम की तिथि तक की जा सकेगी। बढ़े हुए पदों हेतु अतिरिक्त आवेदन पत्र प्राप्त नहीं किए जाएंगे। पदों की संख्या में कमी चयन के किसी भी स्तर पर की जा सकेगी।

(2) चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर की जाएगी।

(3) किसी भी प्रवर्ग में मध्यप्रदेश की मूल निवासी महिलाओं के लिए आरक्षित पद उपयुक्त महिला अभ्यर्थी के अभाव में उसी प्रवर्ग के पुरुष अभ्यर्थियों के चयन द्वारा भरे जा सकेंगे।

(4) मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा दिव्यांगजन हेतु आरक्षित पदों हेतु केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर), आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा दिव्यांगजन ही आवेदन कर सकेंगे। अन्य प्रदेशों के मूल निवासी ऐसे अभ्यर्थी जो अपने मूल निवास के राज्य में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) या आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के रूप में मान्य है अथवा दिव्यांगजन है, अनारक्षित श्रेणी के रूप में विचारित किए जाएंगे। अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) के अभ्यर्थियों को यह घोषणा-पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा कि वे क्रीमीलेयर श्रेणी में नहीं आते।

(5) मध्यप्रदेश के मूल निवासी, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) तथा दिव्यांगजन श्रेणी के अभ्यर्थियों को आवेदन तथा परीक्षा शुल्क में विहित छूट तथा यात्रा-व्यय प्रतिपूर्ति का लाभ देय होगा।

चार मध्यप्रदेश सिविल सेवाएं (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम 1961 के अंतर्गत अनर्हता :-

अ. कोई भी उम्मीदवार जिसे महिलाओं के विरुद्ध किसी अपराध का सिद्ध-दोष ठहराया गया हो, किसी भी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा। परंतु जहां किसी भी उम्मीदवार के विरुद्ध न्यायालय में ऐसे मामले लंबित हों तो उनकी नियुक्ति का मामला आपराधिक मामले का अंतिम विनिश्चय होने तक लंबित रखा जाएगा।

ब. कोई भी उम्मीदवार जिसकी दो से अधिक जीवित संतान हैं, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा। परंतु कोई भी उम्मीदवार जिसकी पहले से एक जीवित संतान है तथा आगामी प्रसव 26 जनवरी, 2001 को या उसके पश्चात हो, जिसमें दो या दो से अधिक संतान का जन्म होता है, किसी भी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए निरर्हित नहीं होगा।

पांच महत्वपूर्ण :- यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी कि वे अपने आवेदित पद के लिए निर्धारित समस्त अर्हताओं और शर्तों को पूरा करते हैं। अतः आवेदन करने के पहले अभ्यर्थी अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर लें और अर्हता की समस्त शर्तों को पूरा करने पर ही आवेदन-पत्र भरें। लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश-पत्र जारी करने अथवा साक्षात्कार के लिए आमंत्रित करने का अर्थ यह कदापि नहीं होगा कि अभ्यर्थी को अर्ह मान लिया गया है। चयन के किसी भी स्तर पर अभ्यर्थी के अनर्ह पाए जाने पर उसका आवेदन पत्र निरस्त कर उसकी अभ्यर्थिता समाप्त की जाएगी।

छः आयु सीमा : 21 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो किन्तु 40 वर्ष की आयु पूर्ण न की हो।

सात आयु संगणना तिथि 01.01.2023
आयु सीमा में दी गई अन्य छूटों के लिए **परिशिष्ट-1** देखें।

आठ अधिवार्षिकी आयु :- 65 वर्ष

नौ चयन प्रक्रिया :-

चयन साक्षात्कार के आधार पर होगा। विज्ञापित पदों के 5 गुना अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा बशर्ते कि पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध हों।

साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के गुणानुक्रम के आधार पर अंतिम चयन सूची घोषित की जाएगी। साक्षात्कार हेतु पूर्णांक 100 होगा। अनारक्षित तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु 41 प्रतिशत तथा मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) तथा दिव्यांगजन श्रेणी हेतु 31 प्रतिशत न्यूनतम उत्तीर्णांक होंगे।

टीपः-

(1) अभ्यर्थियों की संख्या विज्ञापित पदों के पांच गुना से अधिक होने पर shortlisting के आधार पर विभिन्न श्रेणियों/उपश्रेणियों हेतु विज्ञापित पदों के पांच गुना अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा। shortlisting हेतु अपनाए जाने वाले आधार यथासमय अधिसूचित किए जाएंगे।

(2) आवश्यक होने पर ही लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के गुणानुक्रम के आधार पर विभिन्न श्रेणियों/उप श्रेणियों हेतु विज्ञापित पदों के 3 गुना तथा समान अंक अर्जित करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा। अंतिम चयन लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के योग के गुणानुक्रम के आधार पर किया जाएगा। लिखित परीक्षा की स्थिति में साक्षात्कार हेतु कोई न्यूनतम उत्तीर्णांक नहीं होंगे।

(3) लिखित परीक्षा की स्थिति में परीक्षा योजना तथा पाठ्यक्रम यथासमय **"रोज़गार एवं निर्माण"** समाचार पत्र तथा आयोग की वेबसाइट **mppsc.mp.gov.in** पर प्रकाशित किया जाएगा। लिखित परीक्षा की स्थिति में आवेदकों को परीक्षा शुल्क का पृथक से भुगतान करना होगा।

चयन परिणाम प्रकाशित होने के बाद भी यदि कोई कम्प्यूटर त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि ध्यान में आती है तो आयोग को चयन परिणाम सुधारने का अधिकार सुरक्षित है।

दस आवेदन प्रक्रिया :- उक्त पद हेतु आवेदन-पत्र इन्टरनेट के माध्यम से ऑनलाइन जमा किए जा सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी हेतु **परिशिष्ट-2** का अवलोकन करें।

ग्यारह विज्ञापन के संदर्भ में आवश्यक सूचनाएं, परीक्षा के परिणाम केवल आयोग की वेबसाइट **mppsc.mp.gov.in** एवं रोज़गार और निर्माण समाचार पत्र में प्रकाशित किए जाएंगे। अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरते समय दिए गए e-mail Address तथा मोबाइल नंबर पर e-mail तथा SMS द्वारा आवश्यक होने पर सूचना दी जा सकेगी। अभ्यर्थी आवश्यक सूचनाओं हेतु ऑनलाइन आवेदन-पत्र पर विहित स्थान पर अपने सही e-mail Address तथा मोबाइल नंबर का अवश्य उल्लेख करें तथा आयोग की वेबसाइट का निरंतर अवलोकन करते रहें।

बारह अभ्यर्थी विस्तृत जानकारी हेतु निम्न परिशिष्ट देखें :-

(1) आयु सीमा की छूटें **परिशिष्ट-1**

(2) आवेदन-पत्र भरने के तथा अन्य निर्देश एवं जानकारियां **परिशिष्ट-2**

सचिव

परिशिष्ट-1

(एक) मध्यप्रदेश के मूल निवासी अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में अनुज्ञेय छूट

(1) मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक सी.3-8/2016/1/3, दिनांक 04 जुलाई 2019 अनुसार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/शासकीय/निगम/मण्डल/स्वशासी संस्था के कर्मचारियों/नगर सैनिक/महिलाओं (अनारक्षित/आरक्षित)/दिव्यांगजन आदि के लिए अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी तथा **उक्त श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष रहेगी।**

(2) ऐसा अभ्यर्थी जो भूतपूर्व सैनिक हो, उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पहले की गई सम्पूर्ण प्रतिरक्षा सेवा की अवधि कम करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा, किन्तु उसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले वह अधिकतम आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

स्पष्टीकरण :-

भूतपूर्व सैनिक से अभिप्रेत है 'मध्यप्रदेश के भूतपूर्व सैनिक (राज्य की सिविल सेवाओं तथा पदों, तृतीय श्रेणी तथा चतुर्थ श्रेणी में रिक्तियों का आरक्षण) नियम 1985' के नियम 2 (ग) में यथा परिभाषित भूतपूर्व सैनिक।

(दो) प्रोत्साहनस्वरूप दी गई छूटें

(1) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत पुरस्कृत दंपतियों के सवर्ण सहभागी को सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञाप क्रमांक सी-3/10/85/3/1, दिनांक 29.06.1985 के संदर्भ में अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जाएगी।

(2) विक्रम पुरस्कार से सम्मानित खिलाड़ियों को सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रमांक सी-3/18/85/3/1 दिनांक 03.09.1985 के संदर्भ में अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जाएगी।

टीप :- (1) परिशिष्ट-1 (दो) के अंतर्गत प्रोत्साहनस्वरूप अधिकतम आयु सीमा में विभिन्न कार्यों/योजनाओं के अंतर्गत दी गई छूटों में से यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक छूट का आधार रखता है तो उसे आयु सीमा में अधिकतम लाभ वाले किसी एक आधार (प्रोत्साहन वाले) के लिए देय छूट मिलेगी।

(तीन) मध्यप्रदेश के चिकित्सालयों में संविदा पर कार्यरत या कार्य कर चुके संविदा के आधार पर विशेषज्ञ के पद पर कार्यरत अभ्यर्थियों हेतु

1. सामान्य प्रशासन विभाग, मध्यप्रदेश शासन के परिपत्र क्रमांक सी-5-2/2018/1/3, दिनांक 05.06.2018 में प्रदत्त अनुदेशों के अनुसार मध्यप्रदेश के चिकित्सालयों में संविदा पर कार्यरत या कार्य कर चुके संविदा के आधार पर विशेषज्ञ के पद पर कार्यरत अभ्यर्थियों को जिन्होंने न्यूनतम 5 वर्ष की संविदा सेवा की है, उनके द्वारा समकक्ष अथवा उच्चतर श्रेणी के संविदा पद पर जितने वर्ष की सेवा की गई है, उतने वर्ष की छूट अधिकतम आयु सीमा में दी जाएगी किन्तु उक्त छूट को सम्मिलित करते हुए उनकी आयु ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि तक 55 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
2. उक्त छूट हेतु अभ्यर्थी को उसकी संविदा सेवा की अवधि के प्रमाणन हेतु विहित अधिकारी द्वारा अनुभव प्रमाण-पत्र आयोग को प्रेषित किए जाने वाले अभिलेखों के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। प्रमाण-पत्र में धारित पद तथा अनुभव अवधि का स्पष्ट उल्लेख आवश्यक होगा (दिनांक से दिनांक तक प्रारूप में)। अपेक्षित प्रमाण-पत्र/पत्रों के अभाव में अभ्यर्थी का आवेदन-पत्र निरस्त किया जाएगा।

नोटः- (01) उपरोक्त परिशिष्ट-1 (एक) (1 से 2), (दो) (1 एवं 2) तथा (तीन) में उल्लेखित आयु सीमा की छूट की पात्रता सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही देय होगी।

(02) आवेदकों को उपरोक्त सभी छूटें देय होंगी किन्तु समस्त छूटों को शामिल करते हुए भी किसी भी स्थिति में किसी भी प्रवर्ग हेतु अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी। अर्थात जिन आवेदकों की आयु 45 वर्ष से अधिक है वे आवेदन करने के पात्र नहीं है (मध्यप्रदेश के चिकित्सालयों में संविदा पर कार्यरत या कार्य कर चुके विशेषज्ञ अभ्यर्थियों को देय छूट को छोड़कर)।

(चार) आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों द्वारा दायर याचिका क्रमांक 2108/2022 में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित अंतरिम आदेश दिनांक 08.02.2022 के अनुपालन में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पि.वर्ग के समान आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु-सीमा में छूट देय होंगी किन्तु किसी भी स्थिति में अधिकतम आयु सीमा गणना तिथि 01.01.2023 को 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी। अर्थात जिन अभ्यर्थियों की आयु 45 वर्ष से अधिक है वे आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे। उपरोक्तानुसार छूट का लाभ लेने वाले अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता याचिका क्रमांक 2108/2022 के अंतिम न्यायालयीन निर्णय के अध्यनधीन रहेगी।

परिशिष्ट-2

ऑनलाइन आवेदन करने के संदर्भ में निर्देश एवं अन्य जानकारी

1. ऑनलाइन आवेदन करने के संदर्भ में आवश्यक अनुदेश निम्नानुसार हैं :-

1. उपरोक्त पदों हेतु आवेदन-पत्र निम्न वेबसाइटों पर भरे जा सकेंगे -
   1. www.mponline.gov.in
   2. mppsc.mp.gov.in
2. अभ्यर्थी mponline के स्थापित अधिकृत कियोस्कों के माध्यम से ऑनलाइन फॉर्म भरकर कियोस्क पर ही आवेदन/परीक्षा शुल्क का नगद भुगतान कर रसीद आवश्यक रूप से प्राप्त करें तथा आवेदन-पत्र की भलीभांति जांच कर सुनिश्चित कर लें कि भुगतान हो चुका है। mponline के अधिकृत कियोस्कों की

सूची www.mponline.gov.in तथा mppsc.mp.gov.in पर पता एवं फोन नंबर सहित उपलब्ध है।

3. अभ्यर्थी अपने घर पर या इंटरनेट कैफे के माध्यम से भी ऑनलाइन फॉर्म भरकर आवेदन/परीक्षा शुल्क का भुगतान क्रेडिट कार्ड या डेबिट कार्ड के माध्यम से कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त नेट बैंकिंग सुविधा धारक अभ्यर्थी नेट बैंकिंग द्वारा भी शुल्क का भुगतान कर सकते हैं।
4. अभ्यर्थी फॉर्म भरने के पूर्व अपने नवीनतम फोटोग्राफ की पासपोर्ट साइज की तथा हस्ताक्षर की स्केन फाइलें तैयार रखें, जिन्हें ऑनलाइन फार्म भरते समय अपलोड करना होगा। mponline के अधिकृत कियोस्क पर स्केनिंग की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध है, जिसका उपयोग किया जा सकता है।

फोटो स्केनिंग के संदर्भ में आवश्यक अनुदेश :-

1. स्केनिंग हेतु पासपोर्ट साइज़ की नवीनतम रंगीन फोटो का प्रयोग करें।
2. फोटो खिचवाते समय रिलेक्स स्थिति में सीधे कैमरे में देखें।
3. यदि आप चश्मे का प्रयोग करते हैं तो यह सुनिश्चित करें कि कोई रिफ़्लेक्शन न हो तथा आपकी आंखें स्पष्टतः दिख रही हों।
4. टोपी, हैट तथा डार्क चश्मे स्वीकार्य नहीं हैं। सर पर पहने जाने वाले धार्मिक परिधान स्वीकार्य हैं, किन्तु उनसे आपका चेहरा नहीं ढंकना चाहिए।
5. यह सुनिश्चित करें कि फोटो का बैकग्राउंड हल्के रंग या आदर्श रूप में सफ़ेद हो।
6. किसी और से अपनी फोटो खिचवाएं। कृपया सेल्फी का प्रयोग न करें।

5. ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरते समय ध्यान रखना चाहिए कि वह उक्त वेबसाइट पर दिए गए ऑनलाइन आवेदन-पत्र की प्रत्येक जानकारी अच्छी तरह समझकर सावधानीपूर्वक सही रूप में जिस प्रकार चाहा गया है उसी प्रकार जानकारी भरें। आवेदन-पत्र भरने के संदर्भ में अभ्यर्थी वेबसाइट पर उपलब्ध अनुदेशों तथा निर्देशों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर तदनुसार ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरें।
6. आयोग द्वारा ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रक्रिया में यह माना जाएगा कि अभ्यर्थी द्वारा जो जानकारी ऑनलाइन फार्म में अंकित की जा रही है, वही प्रमाणिक जानकारी है, अतः ऑनलाइन आवेदन-पत्र submit करने के पूर्व अभ्यर्थी अपना आवेदन-पत्र सावधानीपूर्वक भलीभांति पढ़ एवं समझकर तथा भरी गई जानकारी से स्वयं को संतुष्ट करने के पश्चात ही आवेदन-पत्र submit करें।
7. आवेदन-पत्र submit करने के बाद खुलने वाले popup window में अभ्यर्थी को उसके द्वारा आवेदन-पत्र में उल्लिखित आधारभूत सूचनाएं अर्थात **उसका नाम, माता पिता का नाम, जन्मतिथि, श्रेणी, लिंग आदि की जानकारी दी जाएगी** जिसमें त्रुटि परिलक्षित होने पर अभ्यर्थी Cancel बटन दबाकर पुनः फार्म में वापस जाकर अपेक्षित सुधार कर सकेंगे। Popup window में OK बटन दबाकर फार्म सबमिट करने पर आवेदन-पत्र के सफलतापूर्वक जमा होने की सूचना मिलेगी जिसमें उसके आवेदन-पत्र क्रमांक का उल्लेख होगा किन्तु यह Unpaid होगा।

   अभ्यर्थी कृपया ध्यान रखें कि आवेदन-पत्र submit होने के बाद "proceed for payment" बटन दबाकर भुगतान की कार्यवाही पूर्ण होने के पश्चात अभ्यर्थी को उसका आवेदन-पत्र प्राप्त होगा, जिसमें भुगतान का विवरण भी होगा, जिसमें भुगतान राशि तथा Payment Done स्पष्टतः उल्लेखित होगा। अभ्यर्थी उक्त सूचना को प्रिंट करके अपने पास रखें तथा भविष्य में आयोग से किए जाने वाले पत्र व्यवहार में आवेदन-पत्र क्रमांक का उल्लेख करें।

8. **त्रुटि सुधार सुविधा :-** अभ्यर्थी अपना आवेदन-पत्र सावधानीपूर्वक भरें। आवेदन-पत्र में कोई त्रुटि होने पर दिनांक 21.09.2022 से 17.10.2022 तक प्रति त्रुटि सुधार सत्र रु. 50/- त्रुटि सुधार शुल्क का भुगतान कर ऑनलाइन आवेदन-पत्र में अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन ही त्रुटिसुधार किया जा सकेगा। नियत अवधि में त्रुटि सुधार नहीं करने पर कोई पश्चातवर्ती अभ्यावेदन मान्य नहीं करते हुए नस्तीबद्ध किया जाएगा। **मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) तथा दिव्यांगजन श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु शुल्क रु. 1000 तथा अन्य श्रेणियों हेतु रु. 2000 निर्धारित है अतः छूट वाली श्रेणियों के अभ्यर्थी के रूप में भरे गए आवेदन को त्रुटि सुधार द्वारा गैर छूट श्रेणी का करने की स्थिति में शुल्क अंतर की राशि रुपये 1000 त्रुटि सुधार शुल्क के अतिरिक्त देय होगा, किन्तु गैर छूट श्रेणी के अभ्यर्थी के रूप में भरे गए आवेदन को त्रुटि सुधार द्वारा छूट श्रेणी का करने की स्थिति में शुल्क अंतर की राशि वापस नहीं की जाएगी।**

   ऑनलाइन आवेदन पत्रों में भरी गई श्रेणी/वर्ग (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग)/लिंग (महिला/पुरुष)/शासकीय सेवक/दिव्यांगता आदि के आधार पर ही परिणाम घोषित किया जाता है। अतः त्रुटिसुधार अवधि समाप्त होने के बाद श्रेणी/वर्ग परिवर्तन विषयक कोई पश्चातवर्ती अभ्यावेदन मान्य नहीं करते हुए नस्तीबद्ध किया जाएगा।

9. **आवेदन-पत्र प्रेषण के संदर्भ में आवश्यक अनुदेश :-**

(1) आयोग की वेबसाइट **https://mppsc.mp.gov.in** के Download Format लिंक से अनुप्रमाणन फार्म, व्यक्तिगत विवरण-पत्रक एवं उपस्थिति-पत्रक डाउनलोड करके उनकी पूर्ति करें। पूर्ति पश्चात उक्त प्रपत्रों की क्रमशः तीन, छः तथा एक छायाप्रति कराएं।

(2) ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने तथा शुल्क भुगतान के पश्चात प्राप्त ऑनलाइन आवेदन में उल्लेखित भुगतान विवरण की जांच कर यह सुनिश्चित कर लें कि शुल्क का भुगतान हो चुका है। यह भी जांच कर लें कि समस्त प्रविष्टियां सही हैं (त्रुटि होने पर विहित अवधि में त्रुटि सुधार कर लें (देखें बिन्दु-8)। ऑनलाइन आवेदन-पत्र में विहित स्थान पर अपने हस्ताक्षर करें। उक्त हस्ताक्षरित ऑनलाइन आवेदन-पत्र के साथ अपने सभी अभिलेखों की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करें तथा साथ ही अनुप्रमाणन फार्म, व्यक्तिगत विवरण पत्रक एवं उपस्थिति पत्रक की एक एक प्रति संलग्न करें। (प्रपत्रों की शेष प्रतियां अपने पास सुरक्षित रखें क्योंकि उन्हें आपको साक्षात्कार के समय अपने मूल अभिलेखों के साथ प्रस्तुत करना होगा)

(3) एक बड़े लिफाफे पर निम्न विवरण अंकित कर उक्त सेट (आवेदन-पत्र तथा समस्त अभिलेख) इस बड़े लिफाफे में रखकर पंजीबद्ध डाक या स्पीड पोस्ट से आयोग को प्रेषित करें।

विज्ञापन क्रमांक 09/2022 दिनांक 17.08.2022

..... विशेषज्ञ, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के पद हेतु आवेदन-पत्र

प्रति,
सचिव
मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग,
रेसीडेंसी एरिया
इंदौर (मध्यप्रदेश) पिन - 452001

प्रेषक :
अभ्यर्थी का नाम
तथा पता

(लिफाफे पर विज्ञापन क्रमांक, पद/विभाग का नाम अंकित न होने पर उस पर विचार नहीं किया जाएगा)

(4) ध्यान रखें अभिलेखों सहित उक्त आवेदन-पत्र दिनांक 27.10.2022 को सायंकाल 06:00 बजे तक आयोग कार्यालय में पहुंचने पर ही समयावधि में प्राप्त माना जाएगा। आवेदन-पत्र उक्त दिनांक तथा समय तक समस्त कार्य दिवसों में कार्यालयीन समय (प्रातः 10:00 बजे से सायंकाल 06:00 बजे तक) आयोग कार्यालय में भी प्राप्त किए जाएंगे तथा प्राप्ति की रसीद दी जाएगी। अभ्यर्थी आयोग को प्रेषित आवेदन-पत्र तथा अभिलेखों का एक सेट अपने पास सुरक्षित रखें।

10. विलंब से प्राप्त आवेदन-पत्र निरस्त किए जाएंगे तथा जमा शुल्क वापस नहीं किया जाएगा। अतः अभ्यर्थी अंतिम तिथि की प्रतीक्षा करने के बजाय पर्याप्त समय पूर्व ऑनलाइन आवेदन कर अभिलेखों सहित आवेदन-पत्र आयोग को प्रेषित करें।

11. अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करें कि उनके द्वारा आवेदन-पत्र में दर्ज हस्ताक्षर ही वे साक्षात्कार की उपस्थिति सूची, तथा आयोग के समस्त पत्र व्यवहार में करें। विभिन्न अभिलेखों के हस्ताक्षरों में समानता न होने पर अभ्यर्थी की उम्मीदवारी निरस्त की जा सकेगी।

2. आवेदन शुल्क

मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) तथा दिव्यांगजन श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु	शेष सभी श्रेणी तथा मध्यप्रदेश के बाहर के निवासी अभ्यर्थियों हेतु
रु. 1000/-	रु. 2000/-

उपरोक्त शुल्क के अतिरिक्त रु. 40/- (जीएसटी सहित) पोर्टल शुल्क देय होगा।

- परीक्षा की स्थिति में परीक्षा शुल्क का भुगतान पृथक से करना होगा।
- **शुल्क वापसी:-** अपरिहार्य कारणों से विज्ञापन निरस्त होने की स्थिति में अभ्यर्थियों से ऑनलाइन शुल्क वापसी आवेदन प्राप्त कर आवेदन शुल्क की राशि वापस की जाएगी किन्तु पोर्टल शुल्क की राशि किसी भी स्थिति में वापस नहीं की जाएगी।

आवेदन शुल्क तथा पोर्टल शुल्क के अतिरिक्त किसी भी रूप में अन्य किसी राशि का भुगतान नहीं करना है। यदि कियोस्कधारक द्वारा अतिरिक्त राशि की मांग की जाती है तो mponline से निम्न दूरभाष पर संपर्क कर शिकायत दर्ज़ करा सकते हैं :-

हेल्पलाइन - 0755-6720200

नोट : यदि आपको ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने में कोई समस्या आती है तो नीचे दर्शाए गए दूरभाष नंबरों पर संपर्क करें :-

(1) मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, रेसीडेंसी क्षेत्र, इंदौर (0731) 2701624, 2701983

(2) एम.पी. ऑनलाइन लिमिटेड, (मध्यप्रदेश शासन तथा टाटा कंसल्टेन्सी सर्विसेज का संयुक्त उपक्रम) ऑफिस ब्लाक - OB-14 से 17, चतुर्थ तल, डी.बी. सिटी कार्पोरेट पार्क, अरेरा हिल्स, ज़ोन-1 के सामने, एम.पी. नगर, भोपाल-462011, हेल्पलाइन नं. 0755-6720200

3. **आवेदन की अंतिम तिथि -**

ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 15.10.2022 है। अंतिम तिथि को दोपहर 12:00 बजे आवेदन-पत्र जमा करने की सुविधा बंद कर दी जाएगी।

4. **अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन-पत्र के साथ निम्नांकित प्रमाण-पत्रों की छायाप्रतियां आवश्यक रूप से संलग्न करें :-**

आयु संबंधी प्रमाण के लिए :- केवल हाईस्कूल/हायर सेकेन्डरी अथवा मेट्रीक्यूलेशन की अंक-सूची/प्रमाण-पत्र जिसमें जन्मतिथि का स्पष्ट उल्लेख हो।

रोज़गार कार्यालय में पंजीयन का प्रमाण-पत्र :- जिस श्रेणी के अभ्यर्थियों को जीवित रोज़गार पंजीयन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है, वे उपलब्ध होने पर संलग्न करें। उक्त प्रमाण पत्र साक्षात्कार के समय भी प्रस्तुत किया जा सकता है।

दिव्यांगता प्रमाण-पत्र : दिव्यांगजन श्रेणी के अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र के साथ लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मंत्रालय की अधिसूचना क्रमांक एफ-8-1-सत्रह-मेडी-2, दिनांक 09.01.2009 द्वारा गठित जिला चिकित्सा मण्डल से प्राप्त नवीनतम (Latest) स्थायी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र संलग्न करना आवश्यक है। सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण संचालनालय, मध्यप्रदेश के परिपत्र क्रमांक/दि.स/302/2021/1098 दिनांक 06.05.2021 में उल्लेखानुसार दिनांक 01.06.2021 तथा उसके पश्चात् जारी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र यूडीआईडी पोर्टल के **http:\\www.swavlambancard.gov.in** के माध्यम से जारी होने पर ही मान्य होंगे, उक्त तिथि के बाद मेन्युअल प्रक्रिया से जारी किया गया दिव्यांगता प्रमाण-पत्र अमान्य होगा।

शैक्षणिक अर्हताओं के प्रमाण-पत्र :- हाईस्कूल/हायर सेकेन्डरी तथा उसके बाद की अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता सहित उन समस्त परीक्षाओं की जिन्हें अभ्यर्थी ने उत्तीर्ण किया है के समस्त वर्षों/सेमेस्टर्स की अंकसूचियां एवं उपाधि।

शासकीय सेवक होने का प्रमाण-पत्र :- यह प्रमाण-पत्र नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा जारी किया होना चाहिए। इस प्रमाण पत्र में धारित पद तथा विभाग का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए।

संविदा सेवा के अनुभव प्रमाण-पत्र :- यह प्रमाण-पत्र सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया होना चाहिए। इस प्रमाण-पत्र में धारित पद तथा अनुभव अवधि का स्पष्ट उल्लेख होना आवश्यक है। (दिनांक से दिनांक तक प्रारूप में)

जाति के प्रमाण-पत्र :- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) का स्थाई जाति प्रमाण-पत्र अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जो कि (मध्यप्रदेश शासन द्वारा जाति प्रमाण-पत्र देने के अधिकृत है) द्वारा जारी किया गया हो आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करें। साक्षात्कार के समय स्थायी जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। यदि अभ्यर्थी साक्षात्कार के समय स्थायी जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं करता है तो उसकी उम्मीदवारी रद्द की जाएगी जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा। इस संदर्भ में अभ्यर्थी का कोई वचन-पत्र अथवा अभ्यावेदन मान्य नहीं करते हुए उसे नस्तीबद्ध किया जाएगा एवं आयोग इस संदर्भ में कोई पत्र-व्यवहार नहीं करेगा। विवाहित महिलाओं का उनके नाम के साथ पिता का नाम उल्लेखित जाति प्रमाण-पत्र ही मान्य किया जाएगा। विवाहित महिलाएं विवाहोपरांत नाम/उपनाम परिवर्तन का शपथ पत्र संलग्न करें। अन्य किसी राज्य में जारी किया गया प्रमाण-पत्र मान्य नहीं होगा। **अन्य पिछड़ा वर्ग में क्रीमीलेयर में न आने का प्रमाणन भी आवश्यक है अर्थात अन्य पिछड़ा वर्ग के जिन प्रमाण-पत्रों में क्रीमीलेयर में न आने संबंधी कंडिका कटी होगी या नहीं होगी वे मान्य नहीं होंगे। इस संदर्भ में अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को निम्नानुसार घोषणा-पत्र संलग्न करना होगा :-**

घोषणा-पत्र (Declaration) का प्रारूप

मैं ———— आयोग के विज्ञापन **क्रमांक 09/2022 दिनांक 17.08.2022** के अंतर्गत आवेदन-पत्र आयोग को प्रस्तुत कर रहा/रही हूं। मैं निम्नानुसार घोषणा करता/करती हूं

1. मैं ———— पुत्र/पुत्री श्री ———— निवासी ग्राम/कस्बा/शहर/ ———— जिला ————, मध्यप्रदेश का/की मूल निवासी हूं। यह घोषणा करता/करती हूं कि मैं ————जाति का/की सदस्य हूं जो शासन द्वारा शासकीय सेवा में (अन्य पिछड़ा वर्ग) श्रेणी में आरक्षण के लिए अधिसूचित है।

2. मैं शपथपूर्वक यह भी घोषणा करता/करती हूं कि आवेदन की अंतिम तिथि तक मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा निर्धारित अद्यतन मापदंडों के अनुसार, मैं सम्पन्न वर्ग अर्थात क्रीमीलेयर की श्रेणी के अंतर्गत नहीं आता/आती हूं।

दिनांक :- ————

हस्ताक्षर————
नाम————————
आवेदन-पत्र क्रमांक ————————

(उक्त घोषणा-पत्र तथा जाति प्रमाण-पत्र की स्केन्ड प्रति ऑनलाइन आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करें)

आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) श्रेणी के अभ्यर्थी नवीनतम EWS प्रमाण-पत्र संलग्न करें। तदर्थ रूप से शासन की सेवा में कार्यरत आवेदकों को तत्संबंधी प्रमाण-पत्र आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है।

(शेष अगले पृष्ठ पर)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग खण्डवा संभाग खण्डवा

सिविल लाईन्स, हरसूद नाके के पास खण्डवा (म.प्र.)
Website : www.mp.gov.in/pwdmp, E-mail: eepwdkhandwa@mp.nic.in
Phone No. : 0733-2222292

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 03/व.ले.लि./2022-2023/खण्डवा/ **दिनांक : 16.08.2022**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

सरल क्रमांक एवं कार्य का नाम :- 1. खण्डवा जिले के अंतर्गत खण्डवा अनाज मण्डी के पास से ग्राम कोरगला के पुराने कच्चे रोड से होते हुए पंधाना रोड पर रोशनाई से कोरगला मार्ग का निर्माण कार्य लम्बाई 3.50 कि.मी. कार्य मय पोल शिफ्टिंग एवं इलेक्ट्रीकल कार्य सहित।

टेंडर क्रमांक	कार्य की अनु. लागत (लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र की राशि	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की अवधि एवं आमंत्रण
2022_PWDRB_215041	रु. 199.78 लाख	199780/-	12500/-	केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. पंजीकरण	1) 06 माह वर्षाकाल सहित 2) प्रथम

सरल क्रमांक एवं कार्य का नाम :- 2. खालवा देढ़तलाई मार्ग से आवलिया पहुंच मार्ग लम्बाई 3.35 कि.मी. का निर्माण कार्य क्रास ड्रेनेज सहित।

2022_PWDRB_215042	रु. 222.51 लाख	222510/-	15000/-	केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. पंजीकरण	1) 08 माह वर्षाकाल सहित 2) प्रथम

सरल क्रमांक एवं कार्य का नाम :- 3. गोकुलगांव से पिपल्यातहार मार्ग पोल शिफ्टिंग एवं विद्युत कार्य सहित मार्ग लंबाई 3.60 कि.मी. का निर्माण कार्य।

2022_PWDRB_215043	रु. 248.38 लाख	248380/-	15000/-	केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. पंजीकरण	1) 08 माह वर्षाकाल सहित 2) प्रथम

सरल क्रमांक एवं कार्य का नाम :- 4. पिपल्यातहार से सुरगांवनिपानी मार्ग पोल शिफ्टिंग एवं विद्युत कार्य सहित मार्ग लंबाई 0.60 कि.मी. का निर्माण कार्य।

2022_PWDRB_215046	रु. 81.10 लाख	81100/-	10000/-	केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. पंजीकरण	1) 04 माह वर्षाकाल सहित 2) प्रथम

सरल क्रमांक एवं कार्य का नाम :- 5. रनगांव से कवेश्वर मार्ग पोल शिफ्टिंग एवं विद्युत कार्य सहित मार्ग लंबाई 3.56 कि.मी. का निर्माण कार्य।

2022_PWDRB_215047	रु. 293.68 लाख	293680/-	15000/-	केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. पंजीकरण	1) 08 माह वर्षाकाल सहित 2) प्रथम

सरल क्रमांक एवं कार्य का नाम :- 6. अहमदपुर खैगांव से सुरगांवजोशी मार्ग पोल शिफ्टिंग एवं विद्युत कार्य सहित मार्ग लंबाई 2.48 कि.मी. का निर्माण कार्य।

2022_PWDRB_215050	रु. 207.84 लाख	207840/-	15000/-	केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. पंजीकरण	1) 08 माह वर्षाकाल सहित 2) प्रथम

सरल क्रमांक एवं कार्य का नाम :- 7. मदनी से हरवंशपुरा मार्ग लंबाई 1.40 कि.मी. का निर्माण कार्य।

2022_PWDRB_215052	रु. 113.99 लाख	113990/-	12500/-	केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. पंजीकरण	1) 06 माह वर्षाकाल सहित 2) प्रथम

सरल क्रमांक एवं कार्य का नाम :- 8. खेड़ी से कुंदई मार्ग पोल शिफ्टिंग एवं विद्युत कार्य सहित मार्ग लंबाई 4.60 कि.मी. का निर्माण कार्य।

2022_PWDRB_215056	रु. 368.18 लाख	368180/-	15000/-	केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. पंजीकरण	1) 10 माह वर्षाकाल सहित 2) प्रथम

सरल क्रमांक एवं कार्य का नाम :- 9. तलवडीया से काकरिया मार्ग पोल शिफ्टिंग एवं विद्युत कार्य सहित मार्ग लंबाई 3.16 कि.मी. का निर्माण कार्य।

2022_PWDRB_215058	रु. 279.79 लाख	279790/-	15000/-	केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. पंजीकरण	1) 08 माह वर्षाकाल सहित 2) प्रथम

सरल क्रमांक एवं कार्य का नाम :- 10. खालवा बायपास का उन्नतीकरण कार्य पोल शिफ्टिंग एवं विद्युत कार्य सहित मार्ग लंबाई 0.90 कि.मी. का निर्माण कार्य।

2022_PWDRB_215060	रु. 170.08 लाख	170080/-	12500/-	केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. पंजीकरण	1) 06 माह वर्षाकाल सहित 2) प्रथम

सरल क्रमांक एवं कार्य का नाम :- 11. पुनासा मूंदी से सरल्या मार्ग पोल शिफ्टिंग एवं विद्युत कार्य सहित मार्ग लंबाई 1.15 कि.मी. का निर्माण कार्य।

2022_PWDRB_215061	रु. 95.17 लाख	95170/-	10000/-	केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. पंजीकरण	1) 04 माह वर्षाकाल सहित 2) प्रथम

सरल क्रमांक एवं कार्य का नाम :- 12. करोली से टोंकी मार्ग पोल शिफ्टिंग एवं विद्युत कार्य सहित मार्ग लंबाई 3.60 कि.मी. का निर्माण कार्य।

2022_PWDRB_215062	रु. 477.75 लाख	477750/-	15000/-	केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. पंजीकरण	1) 12 माह वर्षाकाल सहित 2) प्रथम

सरल क्रमांक एवं कार्य का नाम :- 13. मथेला से सुदामापुरी मार्ग पोल शिफ्टिंग एवं विद्युत कार्य सहित मार्ग लंबाई 1.25 कि.मी. का निर्माण कार्य।

2022_PWDRB_215064	रु. 95.52 लाख	92520/-	10000/-	केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. पंजीकरण	1) 04 माह वर्षाकाल सहित 2) प्रथम

सरल क्रमांक एवं कार्य का नाम :- 14. सिगोंट मोरधड़ पाडलिया से गांधवा मार्ग के कि.मी. 8, 9, 10, 11, 12, 13, 14, 15/2-4-6-8 (100), 19/8-10, 20, 21 कुल 10.00 कि.मी. एवं जेल लिंक रोड 0.40 कि.मी. में. बी.टी. रिनिवल का कार्य।

2022_PWDRB_215065	रु. 63.50 लाख	63500/-	10000/-	केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. पंजीकरण	1) 04 माह वर्षाकाल सहित 2) प्रथम

सरल क्रमांक एवं कार्य का नाम :- 15. बडिया से कोलाडिट मार्ग लंबाई 3.30 कि.मी. कार्य मय पोल शिफ्टिंग एवं इलेक्ट्रीकल कार्य सहित।

2022_PWDRB_216559	रु. 295.85 लाख	295850/-	15000/-	केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. पंजीकरण	1) 08 माह वर्षाकाल सहित 2) प्रथम

1. उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन पेमेंट करने के पश्चात विड डॉक्यूमेंट क्रय किया जा सकता है।
2. ऑनलाइन विड प्रस्तुत करते समय विड प्रस्तुतकर्ता को निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक है :- 1. विड डॉक्यूमेंट की खरीदी का प्रमाण, 2. अरनेस्टमनी जमा करने का प्रमाण, 3 चेक लिस्ट, 4. एफिडेविट 'विस्तृत जानकारी विड डाटा शीट में देखी जा सकती है।
3. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की तिथि दिनांक 22.08.2022 सुबह 10:30 से **दिनांक 29.08.2022 सायं 17:30 बजे तक** निर्धारित है।
4. इलेक्ट्रानिक ई.एम.डी. (RTGS & NEFT) द्वारा ही स्वीकार की जायेगी।
5. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
6. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन पेपर पब्लिकेशन में नहीं किया जाकर सिर्फ वेबसाइट पर ही किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री

जी-15683/47419/2022 **लोक निर्माण विभाग, संभाग खंडवा**

(पिछले पृष्ठ का शेष)

शासकीय/निगम/मण्डल/स्वशासी संस्था के कर्मचारी तथा नगर सैनिक हेतु :- नियोक्ता अधिकारी/सक्षम अधिकारी का प्रमाण-पत्र।

परिशिष्ट -1 की कंडिका-(दो-1) के अधीन उच्चतम आयु सीमा में छूट हेतु शासन द्वारा प्राधिकृत अधिकारी का प्रमाण-पत्र।

परिशिष्ट -1 की कंडिका-(दो-2) के अंतर्गत उच्चतम आयु सीमा में छूट हेतु विक्रम पुरस्कार प्राप्त होने का प्रमाण-पत्र।

5. जो व्यक्ति पहले से शासकीय सेवा में स्थायी या अस्थायी हैसियत से काम कर रहा हो या किसी काम के लिए विशिष्ट रूप से नियुक्त कर्मचारी हो, जिसमें आकस्मिक या दैनिक दर पर नियुक्त कर्मचारी अथवा जो लोक उद्यमों के अधीन कार्यरत हो, उनको यह परिवचन (Undertaking) प्रस्तुत करना होगा कि उन्होंने लिखित रूप से अपने कार्यालय/विभाग के अध्यक्ष को सूचित कर दिया है कि उन्होंने इस विज्ञापन के संदर्भ में आवेदन किया है। उम्मीदवारों को यह ध्यान रखना चाहिए कि यदि आयोग को उनके नियोक्ता से उनके उक्त परीक्षा के लिए आवेदन करने अथवा परीक्षा/साक्षात्कार में शामिल होने के संदर्भ में अनुमति रोकते हुए कोई पत्र मिलता है तो उनका आवेदन-पत्र अस्वीकृत कर उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

6- **अनुशासनिक निर्देश** :- (परीक्षा संबंधी अनुदेश परीक्षा की स्थिति में)

यदि आयोग का यह समाधान हो जाता है कि कोई अभ्यर्थी निम्नलिखित में से किसी के लिए दोषी है :-

01 जिसने अपनी उम्मीदवारी के लिए साक्षात्कार में किसी भी तरीके से समर्थन अभिप्राप्त किया हो; या

02 प्रतिरूपण किया हो; या

03 किसी व्यक्ति से प्रतिरूपण कराया हो; या

04 कूटरचित अभिलेख या ऐसे अभिलेख प्रस्तुत किए हों, जिनमें फेरबदल किया गया हो; या

05 ऐसे कथन दिए हो जो गलत और झूठे हों या जिसने चयन के किसी भी प्रक्रम पर सारभूत जानकारी छुपाई हो; या

06 परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए कोई अन्य अनियमित या अनुचित साधन अपनाया हो; या

07 परीक्षा कक्ष में अथवा अन्यत्र अनुचित साधनों का उपयोग किया हो या करने का प्रयास किया हो; या

08 परीक्षा संचालन में लगे कर्मचारियों को परेशान किया हो या धमकाया हो या शारीरिक छति पहुंचाई हो; या

09 उनके द्वारा प्रवेश पत्र में उम्मीदवारों के लिए दिए गए किसी भी अनुदेशों या निर्देशों जिसमें परीक्षा संचालन में लगे केंद्र पर्यवेक्षक या अन्य कर्मचारी द्वारा मौखिक रूप से दिए गए अनुदेश सम्मिलित हैं, अतिक्रमण किया हो; या

10 परीक्षा कक्ष में या साक्षात्कार में किसी अन्य तरीके से किया गया दुर्व्यवहार तथा

11 परीक्षा कक्ष में परीक्षा हेतु प्राप्त उत्तर-पुस्तिका परीक्षा के समाप्त होने पर परीक्षा कक्ष के वीक्षक/परीक्षक को न जमा करते हुए अपने साथ ले गया हो।

तब आयोग द्वारा :-

(क) उसे उस परीक्षा के लिए, जिसके लिए वह उम्मीदवार है निरर्ह ठहराया जा सकेगा

और/या

उसे या तो स्थायी रूप से या विनिर्दिष्ट कालावधि के लिए आयोग द्वारा ली जाने वाली किसी परीक्षा से या उनके द्वारा किए जाने वाले किसी चयन से विवर्जित कर सकेगा।

(ख) यदि वह शासन के अधीन पहले से ही सेवा में हो तो उपर्युक्त नियमों के अधीन उस पर अनुशासनिक कार्यवाही हेतु पैतृक विभाग को अनुशंसा की जाएगी।

(ग) इसके अतिरिक्त अभ्यर्थी के विरुद्ध आपराधिक अभियोजन भी दर्ज किया जा सकेगा।

एवं तब शासन द्वारा :-

उसे या तो स्थायी रूप से या विनिर्दिष्ट कालावधि के लिए उसके अधीन नियोजन से विवर्जित किया जा सकेगा।

7. **अनर्हताएं** :- ऐसे अभ्यर्थी जिन्हें किसी भी चयन संस्था द्वारा विशिष्ट कालावधि हेतु भर्ती परीक्षा हेतु विवर्जित किया गया है उस कालावधि हेतु आवेदन करने हेतु अपात्र रहेंगे।

8. **यात्रा व्यय का भुगतान** :-

मध्यप्रदेश हेतु अधिसूचित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) श्रेणी के ऐसे अभ्यर्थियों को जो कहीं सेवारत नहीं है, मध्यप्रदेश शासन के प्रचलित नियमों के अधीन यात्रा व्यय का भुगतान आयोग कार्यालय द्वारा किया जाएगा। आवेदकों को इसके लिए वांछित घोषणा-पत्र भरकर देना होगा तथा यात्रा भत्ते की पात्रता से संबंधित निम्नांकित अभिलेख प्रस्तुत करना होंगे :-

(01) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) श्रेणी के प्रमाणन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण-पत्र की स्व-प्रमाणित प्रति।

(02) यात्रा टिकट जिसमें यात्रा की तिथि, कहां से कहां तक यात्रा की गई है तथा किराए की राशि का स्पष्टतः उल्लेख हो।

अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत अभिलेखों के परीक्षण के बाद यात्रा व्यय का भुगतान ऑनलाइन पद्धति से अभ्यर्थी के खाते में किया जाएगा। इस हेतु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन-पत्र में विहित स्थान पर अपने बैंक का नाम, स्वयं के बैंक खाते का नम्बर एवं बैंक का आई.एफ.एस.सी. कोड का उल्लेख करना तथा साथ ही अपने बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की स्केन प्रति आवेदन-पत्र के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा।

जी-15692/47437/2022

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, शाजापुर
ओल्ड कलेक्टर रोड कमला भवन, जिला शाजापुर

दूरभाष कार्या. (07364) 292065, मो.नं. : 9165607999, ई-मेल : eephedshj@mp.nic.in

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 46to47/2022-23/लेखा/कार्य./लोस्वायां./2022 शाजापुर, दिनांक : 16.08.2022

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा टेण्डर अपेडिक्स 2.10 पर आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **http://mptenders.gov.in/nicgep/app** पर देखा जा सकता है।

ऑनलाइन निविदा क्रमांक	निविदा विज्ञप्ति क्रमांक	अनुमानित लागत रु. लाखों में	अमानत राशि रु. में	निविदा प्रपत्र का मूल्य
शाजापुर जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत विभिन्न योजनाओं की डी.पी.आर. बनाने कार्य।				
216567	46	2.80	5600.00	2000.00
216568	47	2.80	5600.00	2000.00
5.60 लाख (शब्दों में रु. पांच लाख साठ हजार)			11200.00 (शब्दों में रु. ग्यारह हजार दो सौ)	4000.00 (शब्दों में रु. चार हजार)

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेंट) क्रय किये जा सकते हैं। ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 31.08.2022 सायं 5:30 बजे तक** निर्धारित है। विस्तृत विवरण निविदा सूचना एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है। यदि निविदा में आगे कोई संशोधन किया जाता है तो वह विभाग की वेबसाइट पर देखा जा सकता है, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-15681/47418/2022 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, शाजापुर**

क्रमांक 2715001/2014/ई.डी.पी./ई-टेंडरिंग/406/1352

कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग
जल संसाधन भवन, तुलसी नगर, भोपाल

ई-मेल- mpwrdetenders@gmail.com,edpcell.encwrd.bpl@mp.gov.in
फोन- 0755-2553402 फैक्स- 0755-2552406

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्रमांक- 509/2715001/ई.डी.पी./2021-22/प्र.अ./ई-टेंडरिंग **भोपाल, दिनांक : 16.08.2022**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर **दिनांक 06.09.2022 को 17:30 बजे** तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	जिला	राशि रु. लाख में
1.	2022_WRD_205991	उपसंभाग देवरी के योजनाओं की देखरेख एवं मॉनीटरिंग का कार्य।	सागर	4.91
2.	2022_WRD_206005	कोपरा मध्यम सिंचाई परियोजना के पर्यावरण प्रभाव आंकलन का कार्य।	सागर	18.46
3.	2022_WRD_209912	गंजन जलाशय योजना का सर्वेक्षण कार्य।	सागर	1.68
4.	2022_WRD_209913	मंसूरवारी व्ही.आर.बी. आर.डी. 850 मी. कांसखेड़ा माइनर का मरम्मत कार्य।	सागर	1.48
5.	2022_WRD_209914	सागोनी पुरैना जलाशय, बरखुआ तिवारी जलाशय, टीलाखेड़ी वीयर, बीजासेन माता वीयर, पिपरियाघाट वीयर योजना का सर्वे एवं डी.पी.आर. कार्य।	सागर	2.86
6.	2022_WRD_212102	महाना टनल पर स्थापित स्लूस गेटों के ऑपरेशन हेतु व्हाइस्ट स्ट्रक्चर का मरम्मत कार्य।	शहडोल	5.30
7.	2022_WRD_212105	त्यौंथर उद्वहन सिंचाई योजना के बैलेसिंह रिजवायर पर स्थित स्लूस गेटों का ऑपरेशन हेतु स्थापित व्हाइस्ट स्ट्रक्चर का मरम्मत कार्य।	शहडोल	3.00
8.	2022_WRD_214844	संजय सागर वाह मुख्य नहर के बैंक सुदृढ़ीकरण हेतु मिट्टी का कार्य।	विदिशा	10.36
9.	2022_WRD_215128	साकलोन लघु सिंचाई परियोजना के बांध का मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य।	विदिशा	4.17
10.	2022_WRD_215485	संभागीय कार्यालय जौरा एवं उपसंभागीय कार्यालय भवनों का मरम्मत एवं रखरखाव कार्य।	मुरैना	2.37
11.	2022_WRD_215486	मुरैना शाखा नहर के कि.मी. 0 से 36.08 एवं 21 एल वितरिका मुरैना के कि.मी. 0. से 17.77 कि.मी. तक शाखा एवं उपशाखाओं के रखरखाव कार्य।		17.79
12.	2022_WRD_215520	केनपुरिया तालाब पर जंगल सफाई एवं फ्लशवार मरम्मत कार्य।	नीमच	7.62
13.	2022_WRD_215521	हाडी पिपल्या स्टापडेम के गेट लगाने एवं खोलने का कार्य।	नीमच	4.81
14.	2022_WRD_215522	देवरी सोमिया स्टापडेम के गेट लगाने एवं खोलने का कार्य।	नीमच	5.22
15.	2022_WRD_215523	तिलसोई नदी पर स्थित स्टापडेमों एवं लसुड़िया पावटी स्टापडेमों के गेट लगाने एवं खोलने का कार्य।	नीमच	3.91
16.	2022_WRD_215524	भमेसर तालाब का मरम्मत एवं रख-रखाव कार्य।	नीमच	4.92
17.	2022_WRD_215525	निसत्री, लापिया एवं करेल तालाब का मरम्मत एवं रखरखाव कार्य।	नीमच	5.08
18.	2022_WRD_215892	संग्रामपुर लघु योजना की मुख्य नहर की बायीं माइनर की आर.डी. 0 मी. से 514 मी. तक पी.सी.सी. लाईनिंग का विशेष मरम्मत कार्य।	रायसेन	4.90
19.	2022_WRD_215893	सुद्रा लघु योजना की मुख्य नहर की माइनर क्रमांक-3 की आर.डी. 60 मी. से 486 मी. तक पी.सी.सी. लाईनिंग का विशेष मरम्मत कार्य।	रायसेन	4.76
20.	2022_WRD_215992	घोघरनाथ जलाशय योजना का सर्वेक्षण कार्य।	सागर	7.01
			कुल योग	120.61

जी-15638/47412/2022 **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, संभाग शाजापुर (म.प्र.)
निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 05/2022-23 **शाजापुर, दिनांक : 17.08.2022**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्रमांक	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)	रिमार्क
1.	216763	शाजापुर	मार्ग निर्माण	उमरोद (देवास)- पिपलरावां मार्ग लम्बाई 4.60 कि.मी. का निर्माण कार्य यूटीलिटी शिफ्टिंग सहित	प्रथम	454.90	दस्तावेज ऑनलाइन ही मान्य किये जावेंगे
2.	216764	शाजापुर	मार्ग निर्माण	केथलाय-धतुरिया मार्ग लम्बाई 4.40 कि.मी. का निर्माण कार्य यूटीलिटी शिफ्टिंग सहित	प्रथम	440.05	
3.	216765	शाजापुर	मार्ग निर्माण	सिमरोल खेड़ा मार्ग लम्बाई 2.70 कि.मी. का निर्माण कार्य यूटीलिटी शिफ्टिंग सहित	प्रथम	325.42	
4.	216766	शाजापुर	मार्ग निर्माण	बेरछा बायपास मार्ग लम्बाई 1.22 कि.मी. का निर्माण कार्य यूटीलिटी शिफ्टिंग सहित	प्रथम	213.12	
5.	216767	शाजापुर	मार्ग निर्माण	मोदीपुर- कड़वाला मार्ग लम्बाई 2.20 किमी. का निर्माण कार्य	प्रथम	187.73	
6.	216768	शाजापुर	मार्ग निर्माण	मोहम्मदपुर मछनाई से गणेशपुरा मार्ग लम्बाई 2.80 कि.मी. का निर्माण कार्य यूटीलिटी शिफ्टिंग सहित	द्वितीय	265.86	
7.	216769	शाजापुर	मार्ग निर्माण	हड़लायकला से बोल्दा मार्ग लम्बाई 3.85 कि.मी. का निर्माण कार्य यूटीलिटी शिफ्टिंग सहित	द्वितीय	231.22	
				कुल योग		2118.30	

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 06.09.2022. 17.30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग
जी-15678/47417/2022 **संभाग शाजापुर (म.प्र.)**

कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री
लोक निर्माण विभाग (परियोजना क्रियान्वयन इकाई) सिवनी
निर्माण भवन, प्रथम तल, कलेक्टर कैम्पस, जिला, सिवनी (मध्यप्रदेश)

दूरभाष क्र. : 07692-225559, E-mail:-dpepiu.seoni@mp.gov.in, dpepiuseoni@gmail.com

एनआईटी नं.-16/2022/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/जी/एपीडी **जबलपुर, दिनांक : 05.08.2022**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :

स. क्र.	पोर्टल टेंडर क्रमांक	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनु. राशि (पीएसी) (रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
1.	2022_PWPIU_215844_1	आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास भवन शिकारा जिला सिवनी का निर्माण कार्य (तृतीय आमंत्रण)	सिवनी (म.प्र.)	330.81	330810/-	15000/-	12 माह वर्षाकाल सहित
2.	2022_PWPIU_215860_1	आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास भवन घाटकोहका जिला सिवनी का निर्माण कार्य (तृतीय आमंत्रण)	सिवनी (म.प्र.)	318.51	318510/-	15000/-	12 माह वर्षाकाल सहित
3.	2022_PWPIU_215874_1	आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास भवन धोबीसर्रा जिला सिवनी का निर्माण कार्य (तृतीय आमंत्रण)	सिवनी (म.प्र.)	326.83	326830/-	15000/-	12 माह वर्षाकाल सहित
4.	2022_PWPIU_215879_1	आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास भवन चमारी जिला सिवनी का निर्माण कार्य (तृतीय आमंत्रण)	सिवनी (म.प्र.)	304.12	304120/-	15000/-	12 माह वर्षाकाल सहित
5.	2022_PWPIU_215896_1	उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीजादेवरी जिला सिवनी में नवीन भवन निर्माण कार्य (पंचम आमंत्रण)	सिवनी (म.प्र.)	373.56	373560/-	15000/-	16 माह वर्षाकाल सहित

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन **दिनांक 10.08.2022 से दिनांक 24.08.2022 तक** खरीदा जा सकेगा। अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

संभागीय परियोजना यंत्री
जी-15676/47416/2022 **लोक निर्माण विभाग (पी.आई.यू.) सिवनी**

एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर, इंदौर

(इण्डो-जर्मन टूल रूम, इन्दौर)

(भारत सरकार की सोसायटी, आईएसओ 9001:2008 संस्थान)

291-बी, 302-ए, सेक्टर-ई, इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर (म.प्र.)-452015

फोन नं.: (0731)- 4210743, 4210737, फैक्स: (0731)-2720353

वेबसाइट: www.igtr-indore.com

ऑटोमोबाइल क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुअवसर

प्रवेश सूचना

1) यदि आप **10 वीं उत्तीर्ण** है, और आपकी **आयु 18 - 23 वर्ष** के बीच है तो **ऑटोमोबाइल क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुअवसर** आपके पास है।

2) आप हमारे यहाँ **"2 वर्षीय सर्टिफिकेट कोर्स इन ऑटोमोबाइल असेम्बली एंड सर्विस"** (Approved by NSDA NSQF Level-5) का कोर्स करके ऑटोमोबाइल क्षेत्र में कार्य सीख सकते हैं।

3) इस कोर्स के दौरान ब्यौसी प्रशिक्षण इण्डो-जर्मन टूल रूम, इन्दौर तथा **प्रैक्टिकल/ऑनजाब ट्रेनिंग वी.ई.कमर्शियल व्हीकल** (पूर्व में आयशर मोटर्स), पीथमपुर में दी जावेगी। कोर्स के दौरान **प्रथम वर्ष लगभग 8000/- प्रतिमाह** तथा **द्वितीय वर्ष लगभग 8500/- प्रतिमाह** स्कॉलरशिप भी दिया जावेगा। सफलतापूर्वक कोर्स करने के उपरान्त छात्र स्वरोजगार के तहत स्वयं का गैरेज डाल सकते हैं, विभिन्न ऑटोमोबाइल कंपनियों के सर्विस सेन्टर पर नौकरी कर सकते हैं तथा ऑटोमोबाइल उत्पादन कंपनी में असेम्बली का कार्य भी कर सकते हैं।

4) प्रवेश के समय दिनांक **29.08.2022** को छात्र द्वारा रु. **1500/-** रुपये अर्द्धवार्षिक प्रशिक्षण शुल्क (अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए निशुल्क), रु. **1300/-** अन्य खर्च तथा लगभग 01 माह इन्दौर में रहने-खाने की व्यवस्था अथवा खर्च लगेगा।

इच्छुक छात्र अपनी शैक्षिक योग्यता, आयु प्रमाण पत्र की फोटोकॉपी, आधार कार्ड या वोटर आईडी तथा एक फोटो लेकर इंटरव्यू हेतु निम्न में से किसी एक स्थान पर उपस्थित होवें। इंटरव्यू के समय कोई भी फीस जमा नहीं करनी है।

स्थान	समय
शासकीय आई.टी.आई., रतलाम	23.08.2022 सुबह 10 से दोपहर 12 बजे
शासकीय आई.टी.आई., धार	23.08.2022 दोपहर 2 से दोपहर 4 बजे
शासकीय आई.टी.आई., कन्नौद	24.08.2022 सुबह 10 से दोपहर 12 बजे
शासकीय आई.टी.आई., हरदा	24.08.2022 दोपहर 2 से दोपहर 4 बजे
इण्डो-जर्मन टूल रूम, इन्दौर	27.08.2022 सुबह 10 बजे

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: नवीन शर्मा : 9425077044, विकास मडवाल : 7987775446, शैलेन्द्र खरकाटे : 9827765502, अंकित गर्ग : 9685889324

R-47435/2022

होटल प्रबंध खानपान प्रौद्योगिकी एवं पोषण आहार संस्थान

प्रशासन अकादमी के समीप, 1100 आवास गृह, भोपाल-462016

(पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वशासी निकाय)

INSTITUTE OF HOTEL MANAGEMENT CATERING TECHNOLOGY AND APPLIED NUTRITON

Near Academy of Administration, 1100 Qtrs. Bhopal-462016

(An Autonomous body under Ministry of Tourism, Government of India)

(सीधी) प्रवेश सूचना

DIRECT ADMISSION FOR RESIDUAL SEAT

The Institute of Hotel Management, Bhopal under the affiliation of National Council for Hotel Management and Catering Technology, Noida, calls for application, from the eligible candidates to get admission in to **3-Years B.Sc. (H&HA) program** (NCHMCT & IGNOU collaborative regular Classroom program) and 2 years **M.Sc. in Hospitality Administration** under the permissible direct admission quota of the Institute with the following eligibility criteria against the residual vacancies in the Institute :

Interested candidate must apply to the institute by attaching the copies of testimonials through Speed Post or in person **latest by 28th August 2022** positively.

S. No.	Course	Open	Open PwD	General-EWS	General-EWS PwD	OBC	OBC PwD	SC	SC PwD	ST	ST PwD	Kashmiri Migrant	Total Seats
1.	3 Year B.Sc. (H&HA)	12	4	18	2	21	5	22	3	24	1	1	113
2.	2 Year M.Sc. (HA)	3	1	3	0	8	1	5	0	2	0	0	23

Eligibility Criteria for B.Sc. (1, 2, 3) & M.Sc. (4) :

1. Candidates must have passed 12th or equivalent examination with minimum 45% marks in aggregate in 10+2 system from a recognized board, either of any stream (Science/Arts/Commerce/Vocational).
2. English should be one of the compulsory subject in 12 level exam and have passed the subject.
3. Maximum Age limit 25 years for General : General (EWS) and OBC candidates and 28 years for SC; ST and PWD Candidates as on **1st July, 2022.**
4. B.Sc. Degree in Hospitality and Hotel Administration from NCHMCT-IGNOU; OR Bachelors Degree in Hotel Management OR in Culinary Art from a recognized University and the Institute is approved by AICTE with 55% marks in aggregate.
5. No registration fee for both the courses.

म.प्र. माध्यम/105945/47427/2022 — **प्राचार्य**

मध्यप्रदेश में आधार संग्रहण अभियान में लाएं गति

भोपाल, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से आधार संग्रहण अभियान की समीक्षा की और अभियान के कार्य में प्रगति लाने अधिकारियों को निर्देश दिए। संभागीय कमिश्नर, जिला निर्वाचन अधिकारी और उप जिला निर्वाचन अधिकारी वर्चुअल शामिल हुए। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर वोटर आईडी कार्ड से आधार नंबर को लिंक किया जा रहा है, जिससे मतदाता के वोटर आईडी कार्ड का आधार से सत्यापन हो जाए। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा देश में एक अगस्त से अभियान की शुरुआत की गई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने प्रदेश में भी अभियान को वृहद स्तर पर संचालित करने, बेहतर काम करने वाले और कम प्रगति वाले जिलों के निर्वाचन अधिकारियों से चर्चा की।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि 17 अगस्त की स्थिति में एक करोड़ 22 लाख से अधिक मतदाताओं ने वोटर आईडी कार्ड से आधार को लिंक करा लिया है। उन्होंने वोटर हेल्पलाइन एप से अधिक से अधिक मतदाताओं को आधार नंबर दर्ज करने, जागरूकता के लिए स्वीप गतिविधियाँ चलाने, कॉलेजों में जाकर युवाओं को एप से आधार नंबर दर्ज कराने और प्रेरित करने के भी निर्देश दिए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने बताया कि मतदाताओं को वोटर आईडी कार्ड के लिए बीएलओ के पास नहीं जाना पड़ेगा। अब वोटर आईडी कार्ड स्पीड पोस्ट से उनके घर तक पहुंच जाएगा। पुराने वोटर कार्ड की जगह अब जो नया वोटर आईडी कार्ड बन रहा है वह और अधिक सुरक्षित है। भारत निर्वाचन आयोग ने इसमें व्यापक परिवर्तन किए हैं। वोटर आईडी कार्ड की सुरक्षा को देखते हुए इसमें कई नए फीचर जोड़े गए हैं।

कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, पश्चिम परिक्षेत्र, इंदौर

गायत्री मंदिर के पास, ओल्ड पलासिया, इंदौर

E-mail ID eepwdwest@mp.nic.in, Phone No. : 0731-2491825

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 03/सा./40/निविदा/2022-23 — इंदौर, दिनांक 12.08.2022

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदायें तीन लिफाफा पद्धति में आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है -

क्र.	पोर्टल क्रमांक	जिला	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (राशि रु. लाख में)	अमानत राशि (रुपये में)	निविदा प्रपत्र की राशि (रुपये में)	कार्य पूर्ण करने की निर्धारित अवधि
1.	2022_PWDRB_216538	बुरहानपुर	सुकता-नावार्ड-झिर पांजरिया मार्ग लं. 10.95 कि.मी. का निर्माण कार्य मय एल.टी./एच.टी. पोल शिफ्टिंग कार्य सहित।	978.88	978880/-	20000/-	18 माह वर्षाकाल सहित
2.	2022_PWDRB_216539	खंडवा	खंडवा अंतर्गत 600 मेगावॉट ऑकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर पार्क हेतु सक्तापुर पहुंच मार्ग निर्माण (ग्रामीण मार्ग) लंबाई 7.30 कि.मी. का निर्माण कार्य मय एल.टी./एच.टी. लाइन पोल शिफ्टिंग कार्य सहित।	1375.15	1000000/-	30000/-	12 माह वर्षाकाल सहित
3.	2022_PWDRB_216540	खरगोन	बिस्टान सिरवेल तेनसेगली मार्ग लं. 9.80 कि.मी. का निर्माण कार्य मय एल.टी.एच.टी. पोल शिफ्टिंग कार्य सहित।	1192.98	1000000/-	30000/-	18 माह वर्षाकाल सहित
4.	2022_PWDRB_216541	बुरहानपुर	झिरपांजरिया अम्बा तितरान्या (पश्चिम निमाड़) मार्ग लंबाई 17.00 कि.मी. का निर्माण कार्य मय एल.टी./एच.टी. पोल शिफ्टिंग कार्य सहित।	2129.95	1064975/-	50000/-	24 माह वर्षाकाल सहित
5.	2022_PWDRB_216542	खंडवा	सालई से किरगांव मार्ग लंबाई 4.98 कि.मी. का निर्माण कार्य मय एल.टी. एच.टी. पोल शिफ्टिंग कार्य सहित।	526.73	526730/-	20000/-	14 माह वर्षाकाल सहित
			कुल	6203.69			

निविदा प्रपत्र उपरोक्त दर्शित वेबसाइट से निविदा का निर्धारित मूल्य ऑनलाइन भुगतान कर क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं ऑनलाइन निविदा प्रस्तुत करने की **अंतिम तिथि एवं समय दिनांक 31.08.2022 17.30 तक** निर्धारित है। निविदा की विस्तृत शर्तें एवं नियम उपरोक्त दर्शित पोर्टल पर देखी जा सकती हैं। निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन, यदि हो तो समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाकर केवल वेबसाइट पर ही प्रदर्शित किया जावेगा। सभी दस्तावेज केवल ऑनलाइन वेबसाइट पर ही प्रस्तुत करें। भौतिक रूप से कोई भी दस्तावेज इस कार्यालय में न भेजे जावें।

मुख्य अभियंता

जी-15726/47421/2022 — लोक निर्माण विभाग (प/प) इंदौर

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला - सीधी (म.प्र.)

Tel. No. 07822-252315, E-mail : deosidhi01@gmail.com

क्रमांक/295/...../2022-23 — सीधी, दिनांक : 10 अगस्त, 2022

जिला निर्वाचन कार्यालय/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय हेतु सहायक प्रोग्रामर/डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं भृत्य के पदों की पूर्ति हेतु

भाग-1

ई-निविदा आवेदन हेतु शुल्क रु. 1000/- (एक हजार रुपये मात्र) Non Refundable

प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, विधि और विधायी (निर्वाचन) कार्य विभाग, मध्यप्रदेश भोपाल के पत्र फा. क्रमांक-4/1/स्था./2009/वि.निर्वा./160 दिनांक 07.06.2016 मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. भोपाल के पत्र फा. क्र. 4/1/स्था./2009/6399 दिनांक 02.07.2016 एवं फा. क्र. 4/1/स्था./2009/7059 दिनांक 22.07.2016 के अनुसार जिला निर्वाचन कार्यालय, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालयों के लिये स्वीकृत स्थायी सेटअप में नवीन पदों का सृजन किया गया है। स्वीकृत पदों को आउटसोर्स से भरे जाने हेतु GST पंजीकृत अनुभवी प्रतिष्ठित फर्मों से ई-निविदा वेबसाइट www.mptenders.gov.in के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

01.	वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर निविदा उपलब्ध होने की तिथि	12.08.2022
02.	वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर नियत शर्तों निर्देशों के अनुसार तकनीकी और वित्तीय ई-निविदा ऑनलाइन अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय	**27.08.2022** Time-5:00 PM
03	निर्धारित नियम - शर्तों/निर्देशों के अनुसार तकनीकी ई-निविदा के रूप में अन्य अभिलेखों के साथ-साथ वेबसाइट में अपलोड ई-निविदा आवेदन शुल्क और धरोहर धनराशि (अर्नेस्टमनी) का अलग-अलग प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि और समय	27.08.2022 Time-5:00 PM
04	निविदा समिति/अधिकृत अधिकारियों द्वारा ई-निविदा की तकनीकी प्रस्ताव खोले जाने तथा नियमानुसार तकनीकी प्रस्तावों का मूल्यांकन आदि हेतु तिथि और समय	31.08.2022 Time-12:00 PM
05	तकनीकी ई-निविदा में सफल निविदाकारों की नियमानुसार वित्तीय ई-निविदा खोले जाने की तिथि एवं समय	01.09.2022

कलेक्टर

जी-15592/47420/2022 — एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला-सीधी

न्यायालय नायब तहसीलदार दवाना, तहसील ठीकरी जिला बड़वानी (म.प्र.)

क्रमांक/2661/रीडर/2022 — ठीकरी, दिनांक : 10.08.2022

रा.प्र.क.-0019/अ-20(3)/2021-22

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग बड़वानी द्वारा भवन निर्माण हेतु निम्नानुसार भूमि आवंटन की मांग की गई है :-

क्र.	ग्राम का नाम	प.ह.नं.	सर्वे नंबर	रकबा (हेक्टर)	प्रायोजन
1.	दवाना तहसील ठीकरी	05	302/2	6.332 हेक्टर भूमि में से पैकी रकबा 1.010 हेक्टर	विभागीय भवन निर्माण हेतु

उपरोक्तानुसार भूमि आवंटन के संबंध में जिस किसी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति उद्घोषणा **प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर** तहसील कार्यालय ठीकरी में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद अवधि के आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

जी-15661/47414/2022 — **नायब तहसीलदार, दवाना, तहसील ठीकरी**

कार्यालय, अध्यक्ष काउंसलिंग समिति
तकनीकी शिक्षा संचालनालय, मध्यप्रदेश

चतुर्थ तल, सतपुड़ा भवन, भोपाल-462004

बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी/इंजीनियरिंग (B.Tech./B.E.) पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु
(मध्यप्रदेश में स्थित शासकीय/स्वशासी/अनुदान प्राप्त/स्ववित्तीय/निजी संस्थान)

ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2022-23

प्रथम चरण

जेईई मेन-2022 की मेरिट पर आधारित
सामान्य पूल एवं TFW की सीटों के लिए एक साथ संयुक्त रूप से आयोजित

गतिविधियां	दिनांक/समय
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन निरस्त	25/08/2022 से 01/09/2022 सायं 5:00 बजे तक
रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के उपरान्त, ऑनलाइन सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, जो केवल एक बार के लिये ही रहेगी।	02/09/2022 से 03/09/2022 सायं 5:00 बजे तक
इच्छित संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी।	29/08/2022 से 05/09/2022 रात्रि 11:45 बजे तक
कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता सूची	06/09/2022
आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति, आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश।	11/09/2022 से 16/09/2022 सायं 5:00 बजे तक
अपग्रेडेशन का विकल्प ऑनलाइन प्रस्तुत करना	11/09/2022 से 16/09/2022 सायं 5:00 बजे तक
अपग्रेडेशन आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति, आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश	20/09/2022 से 24/09/2022 सायं 5:00 बजे तक
द्वितीय चरण **(प्रथमतः जेईई मेन-2022 प्रवेश परीक्षा के आधार पर तत्पश्चात अर्हकारी परीक्षा के आधार पर)**	
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन निरस्त	20/09/2022 से 25/09/2022 सायं 5:00 बजे तक
रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के उपरान्त, ऑनलाइन सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, जो केवल एक बार के लिये ही रहेगी।	26/09/2022 से 27/09/2022 सायं 5:00 बजे तक
इच्छित संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी।	21/09/2022 से 29/09/2022 रात्रि 11:45 बजे तक
कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता सूची	30/09/2022
आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति, आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश।	05/10/2022 से 11/10/2022 सायं 5:00 बजे तक
आन्तरिक ब्रांच परिवर्तन	
प्रवेशित संस्था के लिये प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन	12/10/2022 से 13/10/2022 सायं 5:00 बजे तक
ब्रांच परिवर्तन की सूची एवं पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता	16/10/2022 को दोपहर 3:00 बजे तक

संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC)
उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये
(प्रथमतः जेईई मेन-2022 प्रवेश परीक्षा के आधार पर तत्पश्चात अर्हकारी परीक्षा के आधार पर)

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन	इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये उपस्थित होना।
18/10/2022 से 19/10/2022 रात्रि 11:45 बजे तक	20/10/2022 प्रातः 10:30 बजे
उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये	
21/10/2022 से 21/10/2022 रात्रि 11:45 बजे तक	22/10/2022 प्रातः 10:30 बजे
उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये	
23/10/2022 से 25/10/2022 रात्रि 11:45 बजे तक	25/10/2022 प्रातः 10:30 बजे

- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग के लिये निर्धारित तिथि पर संस्था में प्रातः 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक उपस्थित हुए अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार कर, तदुपरान्त मेरिट के अनुसार प्रवेश किये जायेंगे।
- काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक/समय से आवंटन जारी होने तक प्रवेश निरस्तीकरण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।

संपर्क : 0755-6720205, 2660441, ईमेल : dte.helpcenter@mp.gov.in

संयुक्त संचालक
संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश

म.प्र. माध्यम/105962/47429/2022

GULAB BAI YADAV SMRITI SHIKSHA MAHAVIDHYALAYA, BORAWAN

TEH. KASRAWAD, DISTRICT-KHARGONE

RECOGNISED BY NCTE, AFFILIATED BY DEVI AHILYA VISHWAVIDYALAYA INDORE (M.P.)

Applications are invited for the appointment on teaching posts under College code-28 of the University

FOR M.Ed. DEPARTMENT

Professor (01), Associate Professor (02), Assistant Professor (03)

FOR B.Ed. DEPARTMENT

Assistant Professor : Perspectives in Education (04), **Assistant Professor :** Pedagogy subject: Maths(02), Science(02), Social Science(02), Language (02), Health & Physical Education (01)

FOR D.El.Ed. DEPARTMENT

Assistant Professor, Foundation of Education (03), Assistant Professor Pedagogy subject : Maths (02), Science (02), Humanities and Social Science (02), Language (03), Fine Arts/Performing Arts (02), Health & Physical Education (01)

Qualification for all above shall be strictly as per NCTE and UGC Norms under college code 28. To apply send your CV To **gbyssm.job@gmail.com within 07 days** or post on the following address to principal, Gulab Bai Yadav Smriti Shiksha Mahavidhyalaya, Borawan, Teh-Kasrawad, Dist-Khargone (M.P.) 451228 via speed post/registered post.

R-47415/2022

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, ग्वालियर संभाग क्र. 02, मकान नं. सी-31, कुलपति निवास के सामने, गोविन्दपुरी चौराहा, सचिन तेन्दुलकर रोड, सिटी सेंटर, ग्वालियर पिन-474011

निविदा आमंत्रण सूचना-10/2022-23

कार्यालय मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम संभाग, ग्वालियर क्र. 2 द्वारा निर्माण/मरम्मत कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 10/2022-23 के अन्तर्गत ऑनलाइन निविदा की कार्यवाही की गई है। जिसके ऑनलाइन निविदा क्र. MPPHC_217058_1, हैं। निविदा प्रपत्र **दिनांक 30.08.2022 तक** खरीदे जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/105985/47434/2022

मान (मेयो) कॉलेज ऑफ नर्सिंग

सुल्तानिया रोड, स्टेट बैंक चौराहे के पास, भोपाल–462001
इन्द्र विहार कालोनी, एयरपोर्ट रोड़, भोपाल–462032
Tel. No. 9425010770, 9425605962

इंडियन नर्सिंग कांउसिल, नई दिल्ली, मध्य प्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल, भोपाल, म.प्र. मेडिकल साइंस विश्वविद्यालय, जबलपुर एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग म.प्र. से मान्यता प्राप्त

प्रवेश सत्र 2022-23

क्र.	पाठ्यक्रम	अवधि
1.	मास्टर ऑफ नर्सिंग **(एम.एस.सी नर्सिंग)**–योग्यता बी.एस.सी. नर्सिंग	2 वर्ष
2.	पोस्ट बैसिक बी.एस.सी नर्सिंग–योग्यता जी.एन.एम.	2 वर्ष

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिये शासन अनुसार छात्रवृत्ति की सुविधा। छात्राओं के लिए उत्तम भोजन युक्त छात्रावास की विशेष सुविधा उपलब्ध है।

संचालक

LAKECITY

R-47423/2022

मान कॉलेज ऑफ फिजियोथेरेपी

सुल्तानिया रोड, स्टेट बैंक चौराहे के पास, भोपाल–462001
इन्द्र विहार कालोनी, एयरपोर्ट रोड़, भोपाल–462032
Tel. No. 9425010770, 9425605962

म.प्र. पैरामेडिकल कांउसिल, म.प्र. मेडिकल साइंस विश्वविद्यालय, जबलपुर एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग म.प्र. से मान्यता प्राप्त

प्रवेश सत्र 2022-23

क्र.	पाठ्यक्रम	अवधि
1.	मास्टर ऑफ फिजियोथेरेपी **(एम.पी.टी.)**–योग्यता बी.पी.टी.	2 वर्ष
2.	बैचचर इन फिजियोथेरेपी **(बी.पी.टी.)**–6 माह इंटर्नशिप	4½ वर्ष

क्रमांक 2 के लिए योग्यता 12वीं जीव विज्ञान विषय से। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिये शासन अनुसार छात्रवृत्ति की सुविधा।

संचालक

LAKECITY

R-47422/2022

M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.

(Government of Madhya Pradesh Undertaking)
Regional Office, 101, First Floor, Atulya IT Park, Near Crystal IT Park, Khandwa Road Indore-452007 (M.P.), Phone : (0) 2970611, 2971311, 2974363, Fax No. : 0731-2972629
E-mail : ed.roind@mpidc.co.in, Website : www.invest.mp.gov.in
GSTN : 23AACCM6080D2ZT, CIN : U45203MP1981SGC001850

No. MPIDC/R.O./IND/Tech/2022/4452 Date : 12.08.2022

NOTICE INVITING TENDER

Tender for the following work have been proceeded on the e-procurement system– **http://www.mptenders.gov.in** as mentioned below -

S. No.	Name of work	PAC	Cost of Tender Form	EMD	Last Date of Submission
1	Construction of Incubation Center at Podium floor in Atulya IT Park, Khandwa Road, Indore.	Rs. 6.49 Lakhs + GST	Rs. 2360/- i/c GST	Rs. 12984/-	26.08.2022

Detailed NIT along with other details can be viewed on above mentioned portals.
Note : The NIT will be uploaded on website of e-procurement system - **http://www.mptenders.gov.in** within 3 working days from publication in news paper.

M.P. Madhyam/105942/47426/2022 **EXECUTIVE ENGINEER**

Sapphire Institute of Business Management

Behind Govt. Veterinary College, Gram Borkhedi, Post Harsola, Tehsil Mhow, Dist – Indore 453441 (M.P.) 9770655222

APPOINTMENTS

Applications are invited for the following positions under DAVV Code 28

Position	Department	Eligibility
Principal Professor / Associate Professor/ Assistant Professor	Management (MBA & MBA Marketing Management)	Qualification & Salary as per UGC/ AICTE norms & Selection under Code 28 of DAVV Indore

Applications are also invited for following positions

Librarian, Scholarship In-charge, Receptionist, Accountant, Office Assistant, Lab Tech, Peon & Driver

Interested candidates can send / post their applications along with all testimonials on **info@sapphireinstitute.in**

R-47436/2022

प्रधानमंत्री के किसान हितैषी निर्णय से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में होगा सुधार

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने केंद्रीय कैबिनेट द्वारा लिए गए कल्याणकारी फैसलों के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री सर्व-कल्याण के उद्देश्य से निरंतर महत्वपूर्ण निर्णय ले रहे हैं। कृषि और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र के ये निर्णय अभिनंदनीय हैं। किसानों सहित राष्ट्र की बड़ी आबादी इससे लाभान्वित होगी।

श्री चौहान ने कहा कि देश के किसानों को राहत देते हुए तीन लाख रुपये तक के लघु अवधि के कृषि ऋण पर 1.5 प्रतिशत प्रतिवर्ष की ब्याज में छूट को स्वीकृति तथा कर्ज देने वाली संस्थाओं को डेढ़ प्रतिशत ब्याज सहायता देने का फैसला महत्वपूर्ण है। इस निर्णय के क्रियान्वयन के लिए 34 हजार 856 करोड़ रुपये का अतिरिक्त वजटीय प्रावधान भी किया गया है। मुख्यमंत्री ने इन निर्णयों के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय कैबिनेट का हार्दिक आभार और अभिनंदन किया है। श्री चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पूर्व में भी किसान सम्मान निधि में किसानों को लाभान्वित करने की महत्वपूर्ण पहल की गई। मध्यप्रदेश के किसानों को इस निधि में बढ़ी हुई राशि के साथ व्यापक लाभ प्राप्त हुआ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय कैबिनेट के निर्णय से स्थानीय एवं सहकारी बैंकों की हालत सुधरेगी। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में भी तेजी आएगी। किसानों को अपनी व्यावहारिक आवश्यकता पूर्ण करने के लिए और अधिक धन उपलब्ध हो सकेगा। यह निर्णय कृषि क्षेत्र में नवीन रोज़गार उत्पन्न कर धरती पुत्रों की जिंदगी बदलने का काम करेगा।

ट्रेडिशनल नॉलेज डिजिटल लायब्रेरी डेटाबेस के एक्सेस को मंजूरी

श्री चौहान ने कहा कि विविध क्षेत्रों में भारत की मूल्यवान विरासत को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इस निर्णय के अनुसार कैबिनेट ने आम उपयोगकर्ताओं के लिए भी टीकेडीएल (ट्रेडिशनल नॉलेज डिजिटल लायब्रेरी) के डेटाबेस के एक्सेस को मंजूरी दी है। इससे भारत के आम उपयोगकर्ताओं तक डेटाबेस की पहुंच आसानी से हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस डेटाबेस को खोलना एक महत्वाकांक्षी और भविष्य की दृष्टि से उपयोगी निर्णय है। इससे रचनात्मक और मेधावी लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी। इससे ऐसी प्रतिभाओं द्वारा एक प्रौद्योगिकी संपन्न समाज के लिए बेहतर, सुरक्षित और अधिक प्रभावी समाधान विकसित किया जा सकेगा।

अमृत महोत्सव में किसानों ने की बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी - कृषि मंत्री

हरदा, आजादी के अमृत महोत्सव में किसान बराबरी से भागीदारी कर रहे हैं। कृषि मंत्री श्री कमल पटेल ने हरदा में भव्य किसान ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा का नेतृत्व करते हुए यह बात कही। ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा में हरदा शहर में लगभग एक हजार किसान परंपरागत परिधान-धोती, कुर्ता के साथ साफा बांधकर ट्रैक्टरों के ऊपर तिरंगा लगाकर शामिल हुए। ट्रैक्टर तिरंगे यात्रा में कृषि मंत्री किसानों के साथ मार्ग में देशभक्ति के तरानों पर खूब झूमे।

श्री पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के इस महापर्व को सफल बनाने में प्रदेश के किसान भी किसी से पीछे नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जिले के हर गांव का किसान अपनी स्वेच्छा से अपना ट्रैक्टर लेकर तिरंगा यात्रा का भागीदार बना है।

हरदा जिले में किसान ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा छीपानेर रोड से प्रारंभ हुई जो कलेक्टर कार्यालय चौक से रेलवे स्टेशन होते हुए नारायण टॉकीज, चांडक चौराहा, घंटाघर चौक पहुंची। यहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर कृषि मंत्री श्री कमल पटेल ने माल्यार्पण किया।

भारी वर्षा के कारण निर्मित परिस्थितियां नियंत्रण में - मुख्यमंत्री

टीम मध्यप्रदेश ने वैज्ञानिक तरीके से आपदा प्रबंधन कर जलप्लावन की स्थिति को रोका

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान नर्मदापुरम् में अतिवृष्टि और बाढ़ नियंत्रण के संबंध में अधिकारियों से चर्चा करते हुये।

नर्मदापुरम्, मध्यप्रदेश में भारी वर्षा के कारण जो परिस्थितियां निर्मित हो गई थीं, उन्हें बेहतर प्रबंधन के आधार पर नियंत्रित कर लिया गया है। जनता की जिन्दगी की सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रदेश में जिला प्रशासन, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीमें सजग हैं तथा स्थिति पर नियंत्रण रखे हुए हैं। सभी जिलों को निर्देश दिए गए हैं कि जिन गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी की तिथि आगामी दो या तीन दिन में है, उन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता पर अस्पतालों और सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने नर्मदापुरम् के एनआईसी से प्रदेश के जिलों से अतिवृष्टि और बाढ़ नियंत्रण के संबंध में वर्चुअली चर्चा करते हुये कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मौसम विभाग की जानकारी के अनुसार आगामी 19 से 23 अगस्त के मध्य भी अधिक वर्षा की संभावना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि टीम मध्यप्रदेश वैज्ञानिक तरीके से आपदा प्रबंधन में दक्ष है। इसका उदाहरण, कारम डैम आपदा के प्रबंधन से स्पष्ट हुआ है। बेहतर प्रबंधन के परिणामस्वरूप भयावह स्थिति नहीं बन पायी और हम जनहानि के साथ पशुओं को भी बचाने में सफल रहे। श्री चौहान ने अतिवृष्टि के परिणामस्वरूप बाढ़ नियंत्रण और जल निकासी व्यवस्था में लगे जल संसाधन, नर्मदा घाटी विकास, मौसम विभाग, जिला प्रशासन, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ को बधाई दी।

श्री चौहान ने कहा कि यदि बरगी, बारना, तवा और कोलार का पानी एक साथ छूटता है तो जल-प्लावन की स्थिति बन सकती थी। बुद्धिमता के साथ वैज्ञानिक आपदा प्रबंधन करते हुए क्रमवद्ध रूप से बांधों से जल निकासी का प्रबंधन किया गया। जब तवा और बारना बांधों के गेट खुले थे तो बरगी बंद था। बरगी के गेट खुले तो तवा और बारना के गेट बंद होंगे। इस वैज्ञानिक प्रबंधन के परिणामस्वरूप क्षेत्र को गंभीर स्थिति से बचाने में सफलता मिली है। हमें यह वैज्ञानिक आपदा प्रबंधन निरंतर करते रहना होगा। इससे आपदा प्रबंधन में मध्यप्रदेश देश में उदाहरण प्रस्तुत करेगा। बांधों में 80 प्रतिशत जल भंडारण का निर्णय लिया गया है, 20 प्रतिशत की गुंजाइश छोड़ी गई है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आपदा प्रबंधन में जनप्रतिनिधियों तथा नवनिर्वाचित पंचायत और नगरीय निकायों के प्रतिनिधियों को विश्वास में लेकर उनका सहयोग लिया जाए। सोशल मीडिया और जनसंचार के अन्य माध्यमों से अतिवृष्टि तथा बाढ़ की स्थितियों को जनता के साथ साझा किया जाए। इससे जन-सामान्य को सतर्क करने और उनके द्वारा आवश्यक सावधानियां बरतने में सहायता मिलेगी। आपदा प्रबंधन में आदर्श समन्वय आवश्यक है।

बैठक में नर्मदापुरम् में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री सीताशरण शर्मा उपस्थित थे। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट बैठक से वर्चुअली जुड़े। मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव गृह डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव जल संसाधन श्री एस.एन. मिश्रा मंत्रालय भोपाल से बैठक में वर्चुअली शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने विदिशा, सीहोर, बालाघाट, नर्मदापुरम्, रायसेन, भोपाल, राजगढ़ और नरसिंहपुर जिले के अधिकारियों से जिले में वर्षा की जानकारी प्राप्त की।

बसों एवं मालवाहक वाहनों के पंजीयन पर कर में मिलेगी छूट - परिवहन मंत्री

परिवहन मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत विभागीय बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश में यात्री सुविधाओं के विस्तार एवं मालवाहक वाहनों को राहत देने के लिये परिवहन विभाग ने माल-यानों के कर का युक्तिकरण करने के लिए गठित समिति की सिफारिशों के आधार मोटरयान कर की दर में छूट देने का निर्णय लिया है। समिति की बैठक परिवहन मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत की अध्यक्षता में हुई।

करों की दरों में भारी छूट

श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि प्रदेश के बस ऑपरेटर और मॉलवाहक वाहनों के स्वामी प्रदेश में मोटरयान कर की दर अधिक होने से अन्य राज्यों में अपने वाहनों का पंजीयन करा लेते हैं। इससे प्रदेश को राजस्व की हानि हो रही है। इसे रोकने के लिए परिवहन विभाग ने मोटरयान कर में छूट देने का निर्णय लिया है। इसी प्रकार प्रदेश में यात्री सुविधाओं के विस्तार के लिए मध्यप्रदेश में नेशनल परमिट पर संचालित बसों का मासिक कर प्रति सीट प्रति माह ज्यादा होने से अन्य राज्यों में बसें पंजीयन के लिए चली जाती हैं। इसे कम करने के लिए अब नेशनल परमिट की बसों में मासिक कर प्रति सीट 700 रुपये के स्थान पर 200 रुपये प्रति सीट करने का निर्णय लिया जा रहा है। परिवहन मंत्री ने बताया कि मोटरयान कर में छूट देने से जहां वाहनों का पंजीकरण बढ़ेगा वहीं यात्री सुविधाओं का विस्तार होगा।

परिवहन मंत्री ने हाल ही में प्रारंभ हुए वाहन-4 पोर्टल में आ रही विभिन्न प्रकार की समस्याओं पर नाराजगी जताते हुए 7 दिवस में वाहन पोर्टल में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी एवं कर्मचारी तालमेल कर समन्वय के साथ कार्य करें। श्री राजपूत ने यात्री बसों में ओव्हरलोडिंग पर नाराजगी जताते हुए सघन चेकिंग अभियान चलाए जाने के निर्देश भी दिए।

निर्णय लिया गया कि पथभ्रष्ट वाहनों पर बकाया मोटरयान कर की वसूली के लिए 31 मार्च 2021 तक दी गई छूट को फिर से बढ़ाने के लिए राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा जाए। बकाया राशि की वसूली के लिये सरल समाधान योजना बनाई गई है, जिसमें 5 से 10 साल पुराने वाहनों पर 40 फीसदी, 10 से 15 साल पुराने वाहनों पर 50 तथा 15 साल पुराने वाहनों पर 70 फीसदी और 20 साल पुराने वाहनों पर 90 फीसदी छूट दिए जाने का प्रस्ताव है। परिवहन मंत्री ने बताया कि इस योजना से परिवहन विभाग के बकाया खातों की राशि में कमी आएगी और शासन को राजस्व की प्राप्ति होगी। उन्होंने कहा कि वाहनों पर मोटरयान कर की बकाया वसूली के लिये सघन चेकिंग अभियान भी चलाया जाएगा।

राजस्व बढ़ाने निजी यात्री वाहनों पर लगेंगे विज्ञापन

प्रमुख सचिव श्री फैज अहमद किदवई ने बताया कि मोटरयान अधिनियम के प्रावधान के तहत निजी यात्री वाहनों पर विज्ञापन लगाए जाने की योजना है। इन वाहनों पर विज्ञापन शुल्क अधिरोपित करने से राज्य सरकार को प्रतिवर्ष 150 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा।

वाहनों में जल्द लगेंगे पैनिक बटन एवं व्हीकल ट्रैकिंग डिवाइस

परिवहन आयुक्त श्री संजय कुमार झा ने बताया कि यात्री वाहनों में पैनिक बटन एवं व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस लगाने के लिये 18 कंपनियों के आवेदन प्राप्त हुए हैं। आवेदनों के परीक्षण के बाद चार कंपनियों के आवेदन सही पाए गए हैं।

'एडॉप्ट एन आंगनवाड़ी' से आ रहा बदलाव

बालाघाट जिले में जनसमुदाय द्वारा 2,555 आंगनवाड़ी केंद्रों में से 2 हजार 521 की जिम्मेदारी ली गई

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आंगनवाड़ी केंद्रों के उन्नयन और बच्चों के पोषण में जनसहयोग की संकल्पना को साकार करने के लिये 'एडॉप्ट एन आंगनवाड़ी' नवाचार प्रारंभ किया है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाये जा रहे इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आंगनवाड़ी केंद्रों में आने वाले बच्चों को ऐसा परिवेश उपलब्ध कराना है, जिससे उनका समग्र विकास संभव हो। इस पहल में आम नागरिक सहजता से अपना सहयोग दे रहे हैं। बालाघाट जिले में 'एडॉप्ट एन आंगनवाड़ी' कार्यक्रम से बड़े बदलाव दिख रहे हैं। जिले की 11 बाल विकास परियोजना में 2,555 आंगनवाड़ी केंद्र स्वीकृत हैं। इसमें से अब तक लगभग 2,521 आंगनवाड़ी केंद्रों की जिम्मेदारी जनसमुदाय द्वारा ली गई है।

आयुष राज्यमंत्री श्री रामकिशोर कांवरे ने 'एडॉप्ट एन आंगनवाड़ी' कार्यक्रम में बालाघाट जिले के ग्राम बघोली के आंगनवाड़ी केंद्र को गोद लिया है। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र में वॉल पेंटिंग, हितग्राही बच्चों के लिये बाल सुलभ सामग्रियां, खिलौने, सीलिंग फैन, कुर्सियां, बर्तन, जूते-चप्पल के रैक, दीवार घड़ी आदि प्रदान की हैं। इस केंद्र को आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र के रूप में विकसित किया गया है।

बालाघाट जिले में ग्राम पंचायत सचिव श्री परसराम उइके द्वारा जिले के ग्राम लच्छीटोला के आंगनवाड़ी केंद्र को गोद लिया गया है। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र में वॉल पेंटिंग का कार्य कराया और जन-सामान्य से बच्चों के लिये खिलौने, मेटिंग, सीलिंग फैन, कुर्सियां और बर्तन आदि की व्यवस्था भी कराई।

बालाघाट जिले की श्रीमती असीमा, श्री मदनलाल बाहे, श्री सालिकराम भगत, श्री गौतम और अनेक नागरिक ने 'एडॉप्ट एन आंगनवाड़ी' कार्यक्रम में विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्र को गोद लेकर बच्चों के पोषण और उनके सर्वांगीण विकास के लिये आवश्यक वस्तुओं और सुविधाओं की जिम्मेदारी ली है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रदेश में 30 दिसंबर 2021 को 'एडॉप्ट एन आंगनवाड़ी' कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। प्रदेश के 84 हजार 465 आंगनवाड़ी केंद्र और 12 हजार 670 मिनी आंगनवाड़ी केंद्र का श्रेणीकरण कर आवश्यकताओं का आकलन किया गया है। कोई भी इच्छुक व्यक्ति इस कार्यक्रम में सहयोग के लिये मोबाइल नंबर - 8989622333 पर मिस्ड कॉल देकर अथवा प्ले-स्टोर से 'एडॉप्ट एन आंगनवाड़ी' एप डाउनलोड करा अपना पंजीयन कर सकते हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मुख्यमंत्री ने वीरता पदक से अधिकारी और कर्मचारियों को किया सम्मानित

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर आजादी के अमृत महोत्सव में लाल परेड ग्राउंड भोपाल में राज्य स्तरीय समारोह में पुलिस, जेल और नागरिक सेवाओं के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को राष्ट्रपति के वीरता, विशिष्ट सेवा और सराहनीय सेवा पदकों से सम्मानित किया। गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने वीरता विशिष्ट सेवा, नागरिक सुरक्षा और सराहनीय सेवा पदकों से सम्मानित 78 अधिकारी एवं कर्मचारियों को बधाइयां और शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित करते हुये।

वीरता के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक

सागर पुलिस अधीक्षक श्री तरूण नायक, रतलाम पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक तिवारी, कनकी बालाघाट हॉक-फोर्स के सहायक सेनानी श्री रवि द्विवेदी, उप निरीक्षक श्री हिम्मत सिंह, श्री विपिन खलको, श्री राम पदम, श्री अजीत सिंह और सहायक उप निरीक्षक श्री बैसाखू लाल को वीरता के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक प्रदान किया गया।

विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक

पुलिस मुख्यालय में पदस्थ अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, (अजाक) श्री राजेश कुमार गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (गुप्तवार्ता) श्री आदर्श कटियार, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (प्रशासन) श्री डी. श्रीनिवास राव, संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग डॉ. रवि कुमार गुप्ता, पुलिस कमिश्नरेट इंदौर के उप पुलिस अधीक्षक रेडियो श्री सुभाष सिंह, निरीक्षक रेडियो भोपाल (सेवानिवृत्त) श्री प्रमोद पीटर, निरीक्षक (एम) पीएस टू डीजीपी भोपाल श्री निरंजन कुमार श्रीवास्तव और कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक, सीआईडी भोपाल श्री लल्लूराम त्यागी को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक प्रदान किया गया।

जेल विभाग में विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक

जेल अधीक्षक, केंद्रीय जेल जबलपुर श्री गोपाल प्रसाद ताम्रकार, जेल अधीक्षक (सेवानिवृत्त) क्षेत्रीय जेल प्रबंधन भोपाल श्री रमेश चंद्र आर्य, जेल अधीक्षक जिला जेल हरदा श्री महावीर सिंह रावत और मुख्य प्रहरी केंद्रीय जेल सतना श्री बृजराज सिंह बघेल को जेल विभाग में विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक प्रदान किया गया। डिवीजनल कमाण्डेन्ट होमगार्ड इंदौर श्री भोजपाल वर्मा और डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट होमगार्ड छतरपुर के श्री करण सिंह को नगर सेना तथा नागरिक सुरक्षा में विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक प्रदान किया गया।

सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक

पुलिस कमिश्नर इंदौर श्री हरिनारायणचारी मिश्र, पुलिस महानिरीक्षक सागर श्री अनुराग, पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमच श्री सुंदर सिंह कनेश, सहायक पुलिस महानिरीक्षक ईओडब्ल्यू भोपाल सुश्री पल्लवी त्रिवेदी, पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त भोपाल श्री मनु व्यास, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उप परिवहन आयुक्त कार्यालय ग्वालियर श्री दिलीप सिंह तोमर, पुलिस अधीक्षक एमटीएस, रीवा श्री महेन्द्र कुमार छारी, उप सेनानी 23वीं वटालियन श्री रामप्रताप पटेल, उप सेनानी प्रथम वटालियन इंदौर श्री चंद्रशेखर कौशिक, सहायक पुलिस महानिरीक्षक सीआईडी श्री ध्यान सिंह चौहान, सहायक पुलिस आयुक्त इंदौर श्री हरि सिंह रघुवंशी, उप पुलिस अधीक्षक एस.बी. पुलिस मुख्यालय भोपाल श्री ओम प्रकाश श्रीवास्तव, उप पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त मध्यप्रदेश भोपाल श्री सूर्यकांत अवस्थी, सहायक पुलिस आयुक्त हीरानगर, इंदौर श्री धैर्यशील येवले और निरीक्षक लोकायुक्त श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह, निरीक्षक ईओडब्ल्यू डॉ. दिनेश जोशी, निरीक्षक रेडियो मुख्यालय श्री सुरेश कुमार गुप्ता, निरीक्षक (एम) पीए टू पुमनि कार्यालय ग्रामीण इंदौर श्री सुनील कुमार जैन, सूबेदार (एम) प्रशासन श्री हिमांशु त्रिवेदी, सूबेदार (एम) आरएपीटीसी इंदौर श्री विनोद कुमार भटेवरा, उप निरीक्षक (एम) सीधी (स्व.) श्री रामसुंदर सोंधिया, उप निरीक्षक (एम) प्रबंध श्री राम बहोर वर्मा, उप निरीक्षक (एम) प्रशासन श्री संजय सुधाकर निरखे, उप निरीक्षक रेडियो पुलिस प्रशिक्षण शाला इंदौर श्री हरेन्द्र कुमार चन्द्रायन, (कार्यवाहक) उप निरीक्षक पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय इंदौर श्री हरि प्रसाद तीलवे, सहायक उप निरीक्षक सीआईडी श्री विनोद कुमार सिंह, सहायक उप निरीक्षक एसबी श्री सेवाराम मैथिल, प्रधान आरक्षक रेडियो श्री सुरेन्द्र कुमार मिश्रा, (कार्यवाहक) प्रधान आरक्षक रेडियो श्री भरत कुमार मजुमदार, आरक्षक (एम) ईओडब्ल्यू श्री प्रेमलाल तिवारी, (कार्यवाहक) प्रधान आरक्षक प्रशासन श्री उवेस खान और आरक्षक ईओडब्ल्यू श्री मदन मुरारी शुक्ला को सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक प्रदान किया गया।

जेल विभाग सराहनीय सेवा पदक

मुख्य प्रहरी (सेवानिवृत्त) जेल मुख्यालय श्री इकबाल अहमद, मुख्य प्रहरी केंद्रीय जेल श्री अजय बहादुर सिंह, मुख्य प्रहरी देवास श्री रामेश्वर झणियों, मुख्य प्रहरी सिवनी श्री हेमराज पटेल, मुख्य प्रहरी केंद्रीय जेल उज्जैन श्री ओमप्रकाश सिंह, प्रहरी केंद्रीय जेल श्री रामपाल सिंह, प्रहरी मुख्य प्रहरी सब जेल लवकुशनगर श्री राम बहादुर कोल, मुख्य प्रहरी सब जेल लखनादौन श्री घनश्याम भाजीपाले, प्रहरी केंद्रीय जेल इंदौर श्री ईश्वरलाल शर्मा, मुख्य प्रहरी केंद्रीय जेल रीवा श्री वाल्मिक प्रसाद त्रिपाठी, प्रहरी केंद्रीय जेल रीवा श्री श्यामसुंदर दुबे, प्रहरी केंद्रीय जेल भोपाल श्री तौसीफ अहमद, सहायक ग्रेड-I जेल मुख्यालय श्री दिनेश सिंह रावत और कार्यपालन यंत्री जेल मुख्यालय श्री संजीव खरे को जेल विभाग की सराहनीय सेवा पदक प्रदान किया गया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

Agnipath
मौका जिंदगी जिंदादिली से जीने का
आओ बनें हम भारत के अग्निवीर
थल सेना, नौसेना और वायु सेना में
www.joinindianarmy.nic.in
www.joinindiannavy.gov.in
www.careerindianairforce.cdac.in
ARO GWALIOR
ग्वालियर ए.आर.ओ के लिए अग्निवीर भर्ती रैली 07 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक सागर जिला के इन्दरा गांधी इनजीनीयरींग कालेज परिसर मे करायी जाएगी ।
इसकी अधिकारिक अधिसूचना (NOTIFICATION) www.joinindianarmy.nic.in पर अपलोड की गई है। रैली के लिए आन लाइन रजिस्ट्रेशन 05 अगस्त से 03 सितंबर तक चलेगा।
इस स्वतंत्रता दिवस पर अग्निवीर बनकर अपने देश की सेवा करने का संकल्प लें ।
अधिक जानकरी के लिए www.joinindianarmy.nic.in पर लाग इन करे या हमें 0751-2466414 पर काल करें ।
जय हिंद। जय हिंद की सेना । The Power of PowerPoint
R-47411/2022

नैसकॉम करेगा इंजीनियरिंग और पॉलीटेक्निक छात्रों का दक्षता संवर्धन

भोपाल, राज्य के इंजीनियरिंग स्नातकों के लिए प्लेसमेंट परिदृश्य में सुधार के लिए तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा नैसकॉम के सहयोग से शैक्षणिक-सत्र 2022-23 से इंजीनियरिंग और पॉलीटेक्निक छात्रों का दक्षता संवर्धन करने का निर्णय लिया गया है। इस कार्यक्रम के बेहतर संचार और प्रभावी कार्यान्वयन के लिए इंजीनियरिंग, पॉलीटेक्निक कॉलेजों को 5 क्षेत्रों में रखा गया है। तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा सभी कॉलेजों को 24 अगस्त 2022 तक छात्रों के डाटा क्षेत्रवार साझा करने के निर्देश दिए गए हैं।

इन क्षेत्रों के इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेजों की निगरानी दो नोडल अधिकारियों द्वारा की जाएगी। नैसकॉम द्वारा डेटा सत्यापन 28 अगस्त को और त्रुटियों का सुधार 31 अगस्त को किया जाएगा। मान्य डाटा 3 सितंबर को डीटीईएमपी समूह द्वारा भविष्य के कौशल प्राइम प्लेटफॉर्म पर अपलोड किया जाएगा। नैसकॉम द्वारा साइन अप ओरिएंटेशन-सत्र की शुरुआत (भौतिक/आभासी) 5 सितंबर को की जाएगी।

कारम बांध के आपदा प्रबंधन में लगे नागरिकों और संस्थाओं पर प्रदेशवासियों को गर्व - मुख्यमंत्री

भोपाल, धार के कारम बांध के आपदा प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों और संस्थाओं पर सभी प्रदेशवासियों को गर्व है। टीम मध्यप्रदेश ने वैज्ञानिक आपदा प्रबंधन का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह साहस, कर्मठता और समन्वय का ही परिणाम रहा कि जन-हानि नहीं हुई। साथ ही हमने पशु-हानि भी नहीं होने दी। फसलों का जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई राज्य शासन द्वारा की जाएगी। कारम बांध की घटना की जांच के लिए कमेटी गठित की गई है। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार कार्यवाही की जाएगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने धार जिले के कारम बांध के आपदा प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान कारम बांध आपदा प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित करते हुये।

मुख्यमंत्री ने समारोह में कारम डैम के राहत और बचाव कार्य में लगी पोकलेन मशीन के ऑपरेटरों को सम्मान निधि के रूप में दो-दो लाख रुपये के चेक प्रदान किये। उन्होंने समाजसेवियों तथा अशासकीय संस्थाओं को भी सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कारम बांध आपदा के प्रबंधन के संबंध में इंदौर संभाग के आयुक्त श्री पवन शर्मा, कलेक्टर धार श्री पंकज जैन और कलेक्टर खरगोन श्री कुमार पुरुषोत्तम के अनुभव, वर्चुअली सुने। मुख्यमंत्री निवास आये धामनोद नगर परिषद के अध्यक्ष श्री दिनेश शर्मा, धामनोद के समाजसेवी श्री प्रमोद केड़िया, श्री गौरव जाट, डैम की पाइप का वाल्व खोलने वाले श्री समर सिंह ने भी आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों से संबंधित अपने अनुभव साझा किए। श्री चौहान ने कहा कि ईश्वर की कृपा, तकनीकी विशेषज्ञों के मार्गदर्शन और सबके सहयोग से 24 घंटे में बांध का पानी निकाल लिया गया। संतोष की बात यह रही कि पानी गांव और घरों में नहीं घुसा। कभी-कभी इस तरह की परीक्षा की घड़ी निर्मित होती है। इस कठिन समय में तीनों मंत्री और प्रशासन का पूरा अमला जिम्मेदारी एवं कुशलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करता रहा। इस सफलता का श्रेय सभी को है।

मुख्यमंत्री ने बांध के पानी की सुरक्षित निकासी के लिए मार्ग बनाने वाले पोकलेन ऑपरेटर, पोकलेन मशीन हेल्पर, ब्रेकर ऑपरेटर आदि को सम्मान निधि के रूप में 2-2 लाख रुपये के चेक प्रदान किए।

इंटरस्टेट जोनल काउंसिल की बेहतर हों तैयारियां - मुख्यमंत्री

भोपाल, बाइस अगस्त को भोपाल में होने वाली इंटरस्टेट जोनल काउंसिल की बेहतर तैयारियां सुनिश्चित की जाएं। यह बात मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय के सिचुएशन रूम में 22 अगस्त को होने वाली इंटरस्टेट जोनल काउंसिल की तैयारियों की समीक्षा करते हुये कही। मुख्यमंत्री ने एजेण्डा के बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम, अनुसूचित जाति और जनजाति विकास, कृषि, विमानन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, वित्त, गृह, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण सहित विभिन्न विभागों के बैठक में रखे जाने वाले बिन्दुओं पर विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्देश दिए। श्री चौहान ने कहा कि गरीब, किसान और कमजोर वर्गों की सुविधाओं का ध्यान रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने तैयारियों की समीक्षा बैठक पुनः आयोजित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने आगंतुकों के लिये सभी आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

एजेंसी देना है
मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र
रोज़गार और निर्माण
प्रदेश में
खरगोन, बालाघाट, नरसिंहपुर, छिन्दवाड़ा, बीना, धार एवं अशोकनगर जिलों में एजेंसी नियुक्त करना है।
एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालीन समय में संपर्क करें
0755-2760006, 9424442725, 9424444174
प्रमुख आकर्षण
• कॅरियर की खबरें
• सम-सामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
• खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
• सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
• मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
• विज्ञान की बातें
मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com
आज ही खरीदें
प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध

चर्चा

नामग्या सी. खाम्पा

केन्या में भारत की नई उच्चायुक्त नियुक्त

नामग्या सी. खाम्पा को केन्या में भारत की नई उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने बताया नामग्या सी. खाम्पा वर्ष 2000 बैच की भारतीय विदेश सेवा की अधिकारी हैं। वे फिलहाल काठमांडू में भारतीय मिशन की उप प्रमुख हैं।

डिएंड्रा डॉटिन

महिला बिग बैश लीग में खेलेंगी

कॉमनवेल्थ गेम्स के दौरान इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने वाली वेस्टइंडीज की ऑलराउंडर डिएंड्रा डॉटिन महिला बिग बैश लीग में खेलती नजर आएंगी। एडिलेड स्ट्राइकर्स ने नए सीजन के लिए डॉटिन के साथ करार किया है। स्ट्राइकर्स के हेड कोच ल्यूक विलियम्स के अनुसार "डिएंड्रा एक मैच विजेता खिलाड़ी हैं। उनके पास 250 से अधिक इंटरनेशनल मैच का अनुभव है जो अब काम आयेगा।

जो बाइडेन ने

फिनलैंड-स्वीडन की नाटो सदस्यता पर हस्ताक्षर किए

अमेरिका के राष्ट्रपति ने औपचारिक रूप से फिनलैंड-स्वीडन की नाटो सदस्यता को मंजूरी देते हुए इंस्ट्रमेंट ऑफ रेटिफिकेशन दस्तावेज पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। जिसके बाद दोनों देश नाटो के सदस्य बन गए हैं। समाचार एजेंसी डीपीए की रिपोर्ट के अनुसार पिछले सप्ताह नाटो के विस्तार के लिए डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी के ज्यादातर सदस्यों ने इसके पक्ष में मतदान किया था। नाटो के 30 सदस्य देशों में से अमेरिका 23वां देश रहा जिसने फिनलैंड और स्वीडन के विलय को मंजूरी दी है।

गुस्तावो पेट्रो

कोलंबिया के राष्ट्रपति बने

कोलंबिया में 8 अगस्त को गुस्तावो पेट्रो ने पहले वामपंथी राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण की। उन्होंने असमानता से लड़ने और सरकार तथा गुरिल्ला समूहों के बीच लंबे समय तक चले युद्ध से पीड़ित देश के इतिहास में अहम बदलाव लाने का वादा किया है। कोलंबिया के एम-19 गुरिल्ला समूह के पूर्व सदस्य गुस्तावो पेट्रो ने कंजर्वेटिव दलों को हराकर जून में चुनाव जीता था।

सिंगापुर ने

मनाया अपना 57वां राष्ट्रीय दिवस

सिंगापुर ने 9 अगस्त को अपना 57वां राष्ट्रीय दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर सिंगापुर ने अपने 200 साल पुराने ऐतिहासिक हरित खुले क्षेत्र पडांग को अपना 75वां राष्ट्रीय स्मारक घोषित किया। पडांग देश के इतिहास में अनगिनत आयोजनों से जुड़ा रहा है। सिंगापुर में बीचों-बीच स्थित 4.3 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला पडांग सिंगापुर की राष्ट्रीय स्मारकों की सूची में पहला हरित खुला क्षेत्र है। यहां सन् 1800 से ही क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, टेनिस और लॉन बॉलिंग जैसी खेल स्पर्धाओं का आयोजन होता रहा है। मलय भाषा में पडांग का अर्थ होता है 'खुला मैदान'।

अमेरिका में

गिटार की आकृति वाला घर है बिकाऊ

अमेरिका के लोक संगीतकार एल्विस एल कार्डेन ने गिटार की आकृति का मकान 6.3 करोड़ रुपये में बेचने का निर्णय लिया है। उन्होंने इस मकान को 3,122 फीट के आकार में तैयार किया है। हरियाली से घिरे इस मकान के साथ आधा एकड़ खुला एरिया और आठ गाड़ियां पार्क करने लायक जगह भी है। इस प्रापर्टी के खरीददार गिटार की आकृति वाले आकार के आकर्षण से घर खरीदने की होड़ में हैं।

नासा के

रोवर ने मंगल पर पूरे किये दस साल

अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने बताया कि उसके द्वारा मंगल पर भेजे गए क्यूरोसिटी शेवर ने 10 साल पूरे कर लिए हैं। इस दौरान 'नासा' ने रोवर की कुछ तस्वीरें खींची हैं। यह रोवर पांच अगस्त 2012 को मंगल ग्रह पर भेजा गया था। नासा के मुताबिक पिछले 10 वर्षों में इस रोवर ने कई परेशानियां और चुनौतियों का सामना करते हुए महत्वपूर्ण डाटा धरती पर भेजा है।

अमेरिका

व्हेल ने निगला मछुआरा जिंदा बाहर निकला

अमेरिका के मैसाचुसेट्स के तट के पास माइकल पेकार्ड नामक मछुआरा झींगा मछली पकड़ने गया था। समुद्र की तलहटी पर व्हेल ने उसे अचानक निगल लिया, लेकिन कुछ ही देर बाद मछली ने उल्टी के साथ उसे जिंदा ही बाहर निकाल दिया। उसके साथी मछुआरों ने ऑक्सीजन दी तो वह होश में आ गया और उसने साथियों को व्हेल के अंदर जाने की घटना को बताया।

ब्रिटेन में

मछुआरों ने 7.5 फीट लंबी और 190 किलोग्राम की मछली पकड़ी

ब्रिटेन के 45 साल के मछुआरे और स्पोर्टक्वेस्ट हॉलिडे के मैनेजर पॉल स्टीवंस ने 7.5 फीट लंबी और 190 किलो की हैलिबट (मछली) को उत्तरी नार्वे के समुद्र तट से पकड़ने में सफलता हासिल की। उन्होंने यह एक रिकॉर्ड बनाया है। माना जा रहा है कि 90 साल की इस मछली को अकेले काबू करना आसान नहीं है।

भारतवंशी कारोबारी थानेदार

जीता प्राइमरी चुनाव

भारतीय-अमेरिकी कारोबारी थानेदार ने अमेरिका में डेट्रोइट के कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक पार्टी का प्राइमरी चुनाव जीत लिया है। अब नवंबर के मध्यावधि-चुनाव में उनका सामान रिपब्लिकन पार्टी के मार्टल विविंग्स से होगा। कर्नाटक के बेलागावी के रहने वाले 67 वर्षीय थानेदार ने 2 अगस्त को मिशिगन के 13वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट में अपनी पार्टी के 8 अन्य हाइप्रोफाइल उम्मीदवारों को पराजित कर पार्टी का टिकट हासिल किया है।

गोल अंडा

अड़तालीस हजार रुपये में बिकता है मुर्गी का दुर्लभ अंडा

ब्रिटेन में रहने वाले एनाबेल मुल्काही पिछले 20 साल से रेस्क्यू किए गए मुर्गे-मुर्गियों को पाल रहे हैं। उनमें से एक मुर्गी के अंडे की कीमत 500 पाउंड यानी 48 हजार रुपये है। दरअसल इस मुर्गी ने जब पहली बार अंडा दिया तो उसका आकार एकदम गोल था। यह दुर्लभ अंडा करोड़ों में एक है। सामान्य अंडे का वजन 58 ग्राम होता है, जबकि इस अंडे का वजन 178 ग्राम होता है।

पुष्कर में

देश का पहला सैंड आर्ट पार्क खुला

राजस्थान में अजमेर के तीर्थराज पुष्कर में देश का पहला सैंड आर्ट पार्क खुल गया है। पुष्कर मूल के सैंड आर्टिस्ट अजय रावत ने बताया कि यहां बालू मिट्टी के धोरों पर सैंड से बनी हुई विशेष कलाकृतियां देशी एवं विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करेंगी।

लीजा कीटली

इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम की कोच ने दिया इस्तीफा

इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम की हेड कोच लीजा कीटली ने अपने पद से इस्तीफा देने की घोषणा की है। इंग्लैंड की कोच वर्तमान सत्र के बाद ही पद से इस्तीफा दे देंगी। इंग्लैंड अब दक्षिण अफ्रीका में 2023 टी-20 विश्वकप से छह महीने पहले नए कोच की भर्ती शुरू करेगा। इंग्लिश टीम के साथ कीटली का आखिरी अभियान भारत के खिलाफ 10 सितंबर से शुरू होने वाली सीमित ओवर की घरेलू सीरीज होगी।

रूपाली एच. देसाई

अपीली कोर्ट में जज बनीं

अमेरिकी सीनेट (उच्च सदन) ने 'नाइंथ सर्किट' के लिए अपीली अदालत में भारतीय अमेरिकी वकील रूपाली एच. देसाई की नियुक्ति की घोषणा कर दी है। इसी के साथ वह इस शक्तिशाली अदालत में न्यायाधीश के पद पर नियुक्त होने वाली दक्षिण एशियाई मूल की पहली न्यायाधीश बन गई हैं। अमेरिका के डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन दोनों पार्टियों के 67 सांसदों ने देसाई के समर्थन में मतदान किया।

बेट्टी ब्रोमेज

तिरानवे साल में हवाई जहाज के पंखों पर चढ़कर भरी उड़ान

ब्रिटेन की 93 साल की बेट्टी ब्रोमेज ने हवाई जहाज के पंखों पर पांचवीं बार उड़ान भरी और आकाश में गोता लगाया। उनका नाम गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी दर्ज किया गया है। चैरिटी के लिए उन्होंने यह करतब किया है। जबकि एक साल पहले ही उनकी हार्ट सर्जरी हुई है। बेट्टी के अनुसार उन्हें इस तरह के उड़ान की प्रेरणा एक चॉकलेट टेलीविजन विज्ञापन को देखकर आई थी। उन्होंने कहा कि वे साबित करना चाहती थीं कि इस उम्र में जोखिम उठा सकती हैं।

आंग सान सू की

छह साल की और सजा मिली

म्यांमार की अपदस्थ नेता और नोबेल पुरस्कार विजेता आंग सान सू की को 6 साल की और सजा सुना दी गई। पहले से उन्हें चार साल की कैद की सजा सुनाई गई थी। इस फैसले के बाद 77 साल की सू की के समर्थकों में गुस्सा भड़क सकता है। मामले के जानकारों के मुताबिक जेल परिसर की ही एक अदालत ने उन्हें एक चैरिटी के नाम पर भ्रष्टाचार करने के मामले का दोषी पाया है। म्यांमार में तख्तापलट के बाद यह चौथी बार है जब सू की को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई गई है।

विलियम रुतो

केन्या के नये राष्ट्रपति निर्वाचित हुये

केन्या के उपराष्ट्रपति विलियम रुतो अपने प्रतिद्वंद्वी रैला ओडिंगा को हराकर देश के नये राष्ट्रपति निर्वाचित हुये हैं। हालांकि राष्ट्रपति चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद देश के कुछ हिस्सों में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गये हैं। रैला ने रुतो की जीत को खारिज किया है।

स्मृति शेष

ग्रैमी विजेता गायिका और अभिनेत्री ओलिविया न्यूटन का निधन

चार बार की ग्रैमी विजेता गायिका और अभिनेत्री ओलिविया न्यूटन जॉन का 73 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक ऑस्ट्रेलियाई गायिका ने 16 वर्ष की उम्र में टैलेंट शो जीता था। वे अमेरिका में जन्मी थीं लेकिन 5 वर्ष की उम्र में ऑस्ट्रेलिया चली गयी थीं, लेकिन गायकी के लिए वे इंग्लैंड में रहने लगी थीं।

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व अंपायर रूडी कर्टजन का निधन

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व अंपायर 73 वर्षीय रूडी कर्टजन का सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। वे आईसीसी एलीट पैनल के अंपायर रह चुके हैं। कर्टजन ने 331 इंटरनेशनल मैचों में अंपायरिंग की थी। 2010 में उनके रिटायरमेंट के समय यह एक रिकॉर्ड था।

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कन्नड़ गायक शिवमोग्गा का निधन

जाने-माने कन्नड़ गायक 83 वर्षीय शिवमोग्गा सुब्बना का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। सुब्बना कन्नड़ के पहले गायक थे जिन्हें 'काडु कुडुरे' में उनके गए गीत के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया था।



'द स्नोमैन' के लेखक रेमंड ब्रिग्स का निधन

हॉलीवुड फिल्म 'द स्नोमैन' और 'फंगस द बोगीमैन' जैसी चर्चित पुस्तकों के ब्रिटिश लेखक एवं चित्रकार रेमंड ब्रिग्स का 88 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। लंदन में 1934 में जन्मे ब्रिग्स ने कला की पढ़ाई की और बच्चों के चित्रकार के रूप में लंबे कैरियर की शुरुआत करने से पहले विज्ञापन की दुनिया में भी कुछ समय काम किया था।



(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

कार्यालय, अध्यक्ष काउंसलिंग समिति
तकनीकी शिक्षा संचालनालय, मध्यप्रदेश

चतुर्थ तल, सतपुड़ा भवन, भोपाल-462004

बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर (B.Arch.) पाठ्यक्रम में प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु

(मध्यप्रदेश में स्थित अनुदान प्राप्त/स्ववित्तीय/निजी संस्थान)

ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2022-23

प्रथम चरण

गतिविधियां	दिनांक/समय
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन निरस्त	20/08/2022 से 31/08/2022 सायं 5:00 बजे तक
रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के उपरान्त, ऑनलाइन सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, जो केवल एक बार के लिये ही रहेगी।	01/09/2022 से 02/09/2022 सायं 5:00 बजे तक
इच्छित संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी।	24/08/2022 से 04/09/2022 रात्रि 11:45 बजे तक
कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता सूची	05/09/2022
आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति, आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश।	09/09/2022 से 14/09/2022 सायं 5:00 बजे तक

द्वितीय चरण

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन निरस्त	12/09/2022 से 19/09/2022 सायं 5:00 बजे तक
रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के उपरान्त, ऑनलाइन सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, जो केवल एक बार के लिये ही रहेगी।	20/09/2022 से 21/09/2022 सायं 5:00 बजे तक
इच्छित संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी।	14/09/2022 से 23/09/2022 रात्रि 11:45 बजे तक
कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता सूची	24/09/2022
आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति, आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश।	29/09/2022 से 06/10/2022 सायं 5:00 बजे तक

उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC)

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन	इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये उपस्थित होना।
10/10/2022 से 13/10/2022 रात्रि 11:45 बजे तक	14/10/2022 प्रातः 10:30 बजे

उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये

15/10/2022 से 25/10/2022 रात्रि 11:45 बजे तक	25/10/2022 प्रातः 10:30 बजे

- **प्रथमतः नाटा (NATA) एवं अर्हकारी परीक्षा (हायर सेकेण्डरी स्कूल 12वीं) के घोषित परिणामों की संयुक्त मेरिट के आधार पर तत्पश्चात जेईई मेन-2022 (JeeMain-2022), पेपर-2 एवं अर्हकारी परीक्षा (हायर सेकेण्डरी स्कूल 12वीं) के घोषित परिणामों की संयुक्त मेरिट के आधार पर आवंटन जारी किये जायेंगे।**
- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग के लिये निर्धारित तिथि पर संस्था में प्रातः 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक उपस्थित हुए अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार कर, तदुपरान्त मेरिट के अनुसार प्रवेश किये जायेंगे।
- काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक/समय से आवंटन जारी होने तक प्रवेश निरस्तीकरण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।
- द्वितीय चरण एवं संस्था स्तर की काउंसलिंग में, प्रवेश परीक्षा नाटा उत्तीर्ण (Qualified) अभ्यर्थी उपलब्ध न होने पर प्रवेश परीक्षा नाटा के स्थान पर JEE Main-2022 पेपर-2 (Aptitude Test in Architecture) को मान्य किया जायेगा।

(कोविड-19 के कारण, सोशल डिस्टेंसिंग रखने के लिये, सहायता केन्द्रों पर किसी भी अभ्यर्थी को नहीं जाना है)

संपर्क : 0755-6720205, 2660441, ईमेल : dte.helpcenter@mp.gov.in

संयुक्त संचालक

म.प्र. माध्यम/105961/47428/2022 **संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**

स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ प्रदेश में उत्साह और हर्षोल्लास से मनाई गई

भोपाल, मध्यप्रदेश में आजादी के अमृत महोत्सव में देश की 75वीं स्वतंत्रता वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। भोपाल में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने ध्वजारोहण कर भव्य परेड की सलामी ली और प्रदेशवासियों से विकास में जनभागीदारी का आह्वान किया। विधानसभा अध्यक्ष, राज्य मंत्रिपरिषद के सदस्यों और जिला कलेक्टर्स ने स्वतंत्रता दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम में ध्वजारोहण कर मुख्यमंत्री का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया।

रीवा- जिला मुख्यालय पर एसएएफ ग्राउंड में विधानसभा अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम ने ध्वजारोहण कर संयुक्त परेड की सलामी ली। इस मौके पर पुलिस बल द्वारा हर्ष फायर करके राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। विधानसभा अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी और कर्मचारियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।

इंदौर- जिले में राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस पूर्ण गरिमा, जोश, उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रुस्तमजी आर्म्ड पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज मैदान में गृह, जेल, संसदीय कार्य एवं विधि मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। गृह मंत्री ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया।

जबलपुर- जिले में 76वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और उत्साह से मनाया गया। जिला मुख्यालय स्थित पं. रविशंकर शुक्ल स्टेडियम में भव्य एवं गरिमामय समारोह में लोक निर्माण, कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री श्री गोपाल भार्गव ने ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। नागरिकों की उपस्थिति के बीच मुख्य अतिथि ने मुख्यमंत्री के स्वतंत्रता दिवस संदेश का वाचन किया। इस मौके पर सशस्त्र बलों द्वारा हर्ष फायर किये गये। पुलिस बैंड ने राष्ट्रगान की धुन बजाई। मंत्री श्री भार्गव ने विशिष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया।

नरसिंहपुर- जिला मुख्यालय पर 76वें स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित मुख्य समारोह में वन मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने ध्वजारोहण किया और मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। उन्होंने समृद्धि के प्रतीक गुब्बारे भी आकाश में छोड़े। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी और कर्मचारी, नागरिकों, विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

उज्जैन- स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर वाणिज्यिक कर, वित्त, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने उज्जैन जिला मुख्यालय के दशहरा मैदान में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। मुख्य अतिथि श्री देवड़ा ने श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारी और कर्मचारियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।

मण्डला- जिला मुख्यालय के स्टेडियम में आयोजित 76वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री बिसाहूलाल सिंह ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के बाद तिरंगे को सलामी दी गई एवं राष्ट्र गान का गायन हुआ। इस मौके पर मध्यप्रदेश गान की भी प्रस्तुति हुई। मुख्य समारोह में जनजातीय लोक संस्कृति पर आधारित प्रस्तुतियाँ दी गई।

देवास- जिले में स्वतंत्रता दिवस पर जिला मुख्यालय पर आयोजित मुख्य समारोह में खेल एवं युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोज़गार मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। मंत्री श्रीमती सिंधिया ने रंग-बिरंगे गुब्बारे खुले आकाश में छोड़े।

सागर- जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय पर पीटीसी ग्राउंड पर स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह हुआ। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। मुख्य अतिथि ने देश की प्रगति के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारे आसमान में छोड़े। इस मौके पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया गया।

अनूपपुर- सीधी जिला मुख्यालय पर 76वां स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरे उत्साह और गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री सुश्री मीना सिंह मांडवे ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। उन्होंने नागरिकों को मुख्यमंत्री का संदेश पढ़कर सुनाया। जनजातीय कार्य

(शेष अगले पृष्ठ पर)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड - नरसिंहपुर (म.प्र.)

निविदा आमंत्रण सूचना (संक्षिप्त)

प्रकाशन क्र. 41/2022-23 **दिनांक : 12.08.2022**

म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न कार्यों की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित हैं। विस्तृत निविदा प्रपत्र एवं भविष्य में होने वाले समस्त संशोधन केवल ऑन-लाइन पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर ही देखे जा सकेंगे। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-

स. क्र.	निविदा सूचना क्र./दिनांक	ई-निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	कुल अनु. लागत (रु. लाख में)	कुल अमानती राशि (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	ऑन लाइन निविदा क्रय/ प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	समय अवधि
1.	083/ 08.08.2022	2022_PHED _215961_1	Single village Of Pipe Water Supply Scheme under Jal Jeevan Mission at **Village :- RANI PINDRAI, GARGATA, JARJOLA, IMALIYA AND SAGOUNI KHURD (LAKADHAOU) Block :- Narsinghpur** Dist. Narsinghpur (M.P.) based on Installation of electric submersible water motor pump, laying & jointing distribution pipe line and Rising main. Construction of RCC OHT, installation of Transformer, Erection of Pump house, household tap connections, Boundary wall including cost of all material & labour with 90 Days of trial run after completion of construction/Execution of work with successful testing and commissioning.	233.67	233670.00	15000.00	**26.08.2022**	270 दिवस वर्षा ऋतु सहित
2.	084/ 08.08.2022	2022_PHED _215964_1	Single village Of Pipe Water Supply Scheme under Jal Jeevan Mission at **Village :- GARARU, BAMHORI GHAT, DHUBGHAT GOUNDI, TINDNI, SAGOUNI CHOUDHARY, JHIRIKHURD AND BAMHNI Block :- Narsinghpur** Dist. Narsinghpur (M.P.) based on	220.79	220790.00	15000.00	26.08.2022	270 दिवस वर्षा ऋतु सहित

(शेष अगले पृष्ठ पर)

कार्यालय, अध्यक्ष काउंसलिंग समिति
तकनीकी शिक्षा संचालनालय, मध्यप्रदेश

चतुर्थ तल, सतपुड़ा भवन, भोपाल-462004

फार्मेसी (B. Pharmacy/D.Pharmacy) पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में अर्हकारी परीक्षा के आधार पर प्रवेश हेतु (मध्यप्रदेश में स्थित शासकीय/स्वशासी/अनुदान प्राप्त/स्ववित्तीय/निजी संस्थान)

ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2022-23

प्रथम चरण

गतिविधियां	दिनांक/समय
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन निरस्त	20/08/2022 से 05/09/2022 सायं 5:00 बजे तक
रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के उपरान्त, ऑनलाइन सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, जो केवल एक बार के लिये ही रहेगी।	06/09/2022 से 07/09/2022 सायं 5:00 बजे तक
इच्छित संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी।	03/09/2022 से 09/09/2022 रात्रि 11:45 बजे तक
कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता सूची	10/09/2022
आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति, आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश।	14/09/2022 से 20/09/2022 सायं 5:00 बजे तक

द्वितीय चरण

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन निरस्त	21/09/2022 से 29/09/2022 सायं 5:00 बजे तक
रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के उपरान्त, ऑनलाइन सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, जो केवल एक बार के लिये ही रहेगी।	30/09/2022 से 01/10/2022 सायं 5:00 बजे तक
इच्छित संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी	23/09/2022 से 03/10/2022 रात्रि 11:45 बजे तक
कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता सूची	04/10/2022
आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति, आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश।	08/10/2022 से 14/10/2022 सायं 5:00 बजे तक

संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC)
उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन	इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये उपस्थित होना।
15/10/2022 से 20/10/2022 रात्रि 11:45 बजे तक	21/10/2022 प्रातः 10:30 बजे

उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये

22/10/2022 से 25/10/2022 रात्रि 11:45 बजे तक	25/10/2022 प्रातः 10:30 बजे

- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग के लिये निर्धारित तिथि पर संस्था में प्रातः 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक उपस्थित हुए अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार कर, तदुपरान्त मेरिट के अनुसार प्रवेश किये जायेंगे।
- काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक/समय से आवंटन जारी होने तक प्रवेश निरस्तीकरण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।

संपर्क : 0755-6720205, 2660441, ईमेल : dte.helpcenter@mp.gov.in

संयुक्त संचालक
संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश

म.प्र. माध्यम/105966/47433/2022

(पिछले पृष्ठ का शेष)

स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ .....

मंत्री ने जिले के उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी और कर्मचारियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किये।

छिंदवाड़ा- जिला मुख्यालय में किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने 76वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के संदेश का वाचन किया।

दमोह- जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया। जिला मुख्यालय के तहसील ग्राउंड पर आयोजित मुख्य समारोह में राजस्व, परिवहन मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने ध्वजारोहण किया। सशस्त्र बलों की टुकड़ियों ने तीन चक्रों में हर्ष फायर किये। परिवहन मंत्री ने मुख्यमंत्री के जनता के नाम संदेश का वाचन किया।

सिंगरौली- जिला मुख्यालय पर मुख्य अतिथि खनिज साधन एवं श्रम मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के संदेश का वाचन किया। मुख्य अतिथि ने कोविड कोरोना काल के दौरान श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारी और कर्मचारियों को सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने पुलिस परेड ग्राउंड में बादाम और अशोक के पौधे लगाये।

विदिशा- विदिशा जिला मुख्यालय पर आयोजित 76वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में चिकित्सा शिक्षा, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने ध्वजारोहण कर आकर्षक परेड की सलामी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री चौहान के जनता के नाम संदेश का वाचन किया। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी और कर्मचारी को सम्मानित भी किया।

गुना- ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जिला मुख्यालय स्थित लाल परेड ग्राउण्ड में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। हर्ष फायर के साथ राष्ट्रगान का गायन किया गया। श्री तोमर ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। इस मौके पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। ऊर्जा मंत्री ने वैक्सीनेशन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया।

छतरपुर- जिला मुख्यालय पर नागरिकों की उपस्थिति के बीच सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण किया और आकर्षक परेड की सलामी ली। कार्यक्रम में पुलिस बैंड ने लयबद्ध ध्वनि के साथ राष्ट्रगान का गायन किया। कार्यक्रम में कोविड रोकथाम में शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन करने वाली ग्राम पंचायतों की टीम को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

खण्डवा- जिला मुख्यालय के पुलिस परेड ग्राउंड पर पर्यटन, संस्कृति, अध्यात्म मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। मंत्री सुश्री ठाकुर ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी और कर्मचारियों को पुरस्कृत किया।

रायसेन- जिला मुख्यालय के होमगार्ड ग्राउंड में 76वें स्वतंत्रता दिवस पर सहकारिता, लोक सेवा प्रबंधन मंत्री श्री अरविंद भदौरिया ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। मंत्री डॉ. भदौरिया ने परेड का निरीक्षण किया और मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। सहकारिता मंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और मीसा बंदियों का सम्मान कर शॉल-श्रीफल भेंट किया।

राजगढ़- जिला मुख्यालय के पुलिस परेड ग्राउंड में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के संदेश का वाचन किया। इस अवसर पर पुलिस बल द्वारा हर्ष फायर किये गये। डॉ. यादव ने पाटन स्कूल में बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन किया।

बड़वानी- जिला मुख्यालय के पुलिस परेड ग्राउंड में 76वें स्वतंत्रता

(शेष अगले पृष्ठ पर)

(पिछले पृष्ठ का शेष)

Installation of electric submersible water motor pump, laying & jointing distribution pipe line and Rising main. Construction of installation of Transformer, Erection of Pump house, household tap connections, Boundary wall including cost of all material & labour with 90 Days of trial run after completion of construction/Execution of work with successful testing and commissioning.

3.	085/ 08.08.2022	2022_PHED _215965_1	Single village Of Pipe Water Supply Scheme under Jal Jeevan Mission at **Village :- MEHKA, GUDWARA GANGAI, JHAGARHAI, KODA, BHOOTPIPARIYA, KALYANPUR, AND BAHORIPAR KHURD Block :- Narsinghpur** Dist. Narsinghpur (M.P.) based on Installation of electric submersible water motor pump, laying & jointing distribution pipe line and Rising main, Construction of RCC OHT, installation of Transformer, Erection of Pump house, household tap connections, Boundary wall including cost of all material & labour with 90 Days of trial run after completion of construction/Execution of work with successful testing and commissioning.	216.11	216110.00	15000.00	26.08.2022	270 दिवस वर्षा ऋतु सहित
4.	086/ 08.08.2022	2022_PHED _215966_1	Single village Of Pipe Water Supply Scheme under Jal Jeevan Mission at **Village :- NAWALGAON, JHARKHURPA, SIMARIYA, BARKHEDA, KUKWARA, BANSKUARI MAGARDHA AND SINGHPUR Block :- Narsinghpur** Dist. Narsinghpur (M.P.) based on Installation of electric submersible water motor pump, laying & jointing distribution pipe line and Rising main. Construction of RCC OHT, installation of Transformer, Erection of Pump house, household tap connections, Boundary wall including cost of all material & labour with 90 Days of trial run after completion of construction/Execution of work with successful testing and commissioning.	177.03	177030.00	12500.00	26.08.2022	270 दिवस वर्षा ऋतु सहित
5.	087/ 08.08.2022	2022_PHED _215967_1	Single village Of Pipe Water Supply Scheme under Jal Jeevan Mission at **Village :- SAMNAPUR, CHILACHONE KALA, SAWALRANI, BADGUA and DHAWAI Block :- Narsinghpur** Dist. Narsinghpur (M.P.) based on Installation of electric submersible water motor pump, laying & jointing distribution pipe line and Rising main, Construction of RCC OHT, installation of Transformer, Erection of Pump house, household tap connections, Boundary wall including cost of all material & labour with 90 Days of trial run after completion of construction/ Execution of work with successful testing and commissioning.	196.62	196620.00	12500.00	26.08.2022	270 दिवस वर्षा ऋतु सहित
6.	088/ 08.08.2022	2022_PHED _215968_1	Single village Of Pipe Water Supply Scheme under Jal Jeevan Mission at **Village :- BAIHARPAUDI, SIHORA, MADH PIPARIYA, BHANDARDEV, KARHAIYA AND SALAIYA Block :- Narsinghpur** Dist. Narsinghpur (M.P.) based on Installation of electric submersible water motor pump, laying & jointing distribution pipe line and Rising main, Construction of installation of Transformer, Erection of Pump house, household tap connections, Boundary wall including cost of all material & labour with 90 Days of trial run	185.08	185080.00	12500.00	26.08.2022	180 दिवस वर्षा ऋतु सहित

(शेष अगले पृष्ठ पर)

कार्यालय, अध्यक्ष काउंसलिंग समिति
तकनीकी शिक्षा संचालनालय, मध्यप्रदेश

चतुर्थ तल, सतपुड़ा भवन, भोपाल-462004

एम.फार्मेसी (M.Pharmacy) पाठ्यक्रम में प्रवेश परीक्षा/अर्हकारी परीक्षा के आधार पर प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु (मध्यप्रदेश में स्थित शासकीय/स्वशासी/अनुदान प्राप्त/स्ववित्तीय एवं निजी संस्थान)

ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2022-23

प्रथम चरण
(प्रवेश परीक्षा के आधार पर)

गतिविधियां	दिनांक/समय
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन निरस्त	12/09/2022 से 20/09/2022 सायं 5:00 बजे तक
रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के उपरान्त, ऑनलाइन सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, जो केवल एक बार के लिये ही रहेगी।	21/09/2022 से 22/09/2022 सायं 5:00 बजे तक
इच्छित संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी	17/09/2022 से 24/09/2022 रात्रि 11:45 बजे तक
कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता सूची	26/09/2022
आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति, आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश।	30/09/2022 से 04/10/2022 सायं 5:00 बजे तक

द्वितीय चरण
(प्रथमतः प्रवेश परीक्षा के आधार पर तत्पश्चात अर्हकारी परीक्षा के आधार पर)

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन निरस्त	01/10/2022 से 06/10/2022 सायं 5:00 बजे तक
रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के उपरान्त, ऑनलाइन सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, जो केवल एक बार के लिये ही रहेगी।	07/10/2022 से 08/10/2022 सायं 5:00 बजे तक
इच्छित संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी	03/10/2022 से 10/10/2022 रात्रि 11:45 बजे तक
कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता सूची	11/10/2022
आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति, आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश।	14/10/2022 से 18/10/2022 सायं 5:00 बजे तक

उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC)
(प्रथमतः प्रवेश परीक्षा के आधार पर तत्पश्चात अर्हकारी परीक्षा के आधार पर)

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन	इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये उपस्थित होना।
19/10/2022 से 21/10/2022 रात्रि 11:45 बजे तक	22/10/2022 प्रातः 10:30 बजे
उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये	
23/10/2022 से 25/10/2022 रात्रि 11:45 बजे तक	25/10/2022 प्रातः 10:30 बजे

- एम.फार्मेसी पाठ्यक्रम के प्रथम चरण ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, प्रवेश परीक्षा के आधार पर होंगे।
- एम.फार्मेसी पाठ्यक्रम के उत्तरोत्तर चरणों में प्रवेश परीक्षा एवं अर्हकारी परीक्षा के आधार पर रजिस्ट्रेशन किये जा सकेंगे।
- एम.फार्मेसी (M.Pharmacy) पाठ्यक्रमों में प्रथम चरण में केवल GPATE Qualified for 2022 की मेरिट पर आधारित प्रवेश दिये जावेंगे, द्वितीय चरण एवं संस्था स्तर की काउंसलिंग में प्रथमतः GPATE Qualified for 2022 की मेरिट तत्पश्चात अभ्यर्थी उपलब्ध न होने पर अर्हकारी परीक्षा की मेरिट के आधार पर प्रवेश दिये जायेंगे।
- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका अध्ययन कर लें।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग के लिये निर्धारित तिथि पर संस्था में प्रातः 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक उपस्थित हुए अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार कर, तदुपरान्त मेरिट के अनुसार प्रवेश किये जायेंगे।
- काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक/समय से आवंटन जारी होने तक प्रवेश निरस्तीकरण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।

संपर्क : 0755-6720205, 2660441, ईमेल : dte.helpcenter@mp.gov.in

संयुक्त संचालक
संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश

म.प्र. माध्यम/105965/47432/2022

(पिछले पृष्ठ का शेष)

स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ .....

दिवस पर नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा, पर्यावरण मंत्री श्री हरदीप सिंह डंग ने ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। इस अवसर पर जिला पुलिस बल, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, कोबरा बटालियन, हॉक फोर्स एवं होमगार्ड के जवानों द्वारा मार्चपास्ट किया गया। मुख्य अतिथि श्री डंग ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया।

मंदसौर- जिले में 76वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंदसौर के राजीव गांधी महाविद्यालय क्रीड़ा परिसर मैदान में जिले के प्रभारी मंत्री तथा औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री श्री राजवर्धन सिंह प्रेम सिंह दत्तीगांव ने ध्वजारोहण किया और आकर्षक परेड की सलामी ली। मुख्य अतिथि ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन भी किया। समारोह में सुरक्षा बल की टुकड़ियों ने हर्ष फायर कर राष्ट्रगान की धुन बजाई।

मुरैना- जिला मुख्यालय के पुलिस परेड ग्राउंड पर 76वां स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किया गया। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण (स्वतंत्र प्रभार), नर्मदा घाटी विकास राज्यमंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह ने ध्वजारोहण कर भव्य परेड की सलामी ली। मंत्री श्री कुशवाह ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। उद्यानिकी मंत्री ने खुली जीप में परेड की टुकड़ियों का निरीक्षण किया।

झाबुआ- जिला मुख्यालय के पुलिस परेड ग्राउंड में स्कूल शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार), सामान्य प्रशासन राज्यमंत्री श्री इंदर सिंह परमार ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। स्कूल शिक्षा मंत्री ने नागरिकों की उपस्थिति के बीच मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। समारोह में आकर्षक जनजातीय नृत्य की प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि ने श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया।

शहडोल- जिला मुख्यालय के महात्मा गांधी स्टेडियम में 76वां स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साह के साथ मनाया गया। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण (स्वतंत्र प्रभार), विमुक्त, घुम्मकड़ एवं अर्द्धघुम्मकड़ जनजातीय कल्याण (स्वतंत्र प्रभार), पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्री रामखेलावन पटेल ने ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। समारोह में सुरक्षा बल की टुकड़ियों ने हर्ष फायर कर राष्ट्रगान की धुन बजाई। मंत्री श्री पटेल ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया।

पन्ना- जिला मुख्यालय पर आयुष (स्वतंत्र प्रभार), जल संसाधन राज्यमंत्री श्री राम किशोर (नानो) कांवरे ने ध्वजारोहण किया और आकर्षक परेड की सलामी ली। उन्होंने नागरिकों की उपस्थिति के बीच मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया।

शाजापुर- जिला मुख्यालय पर संपन्न हुए स्वतंत्रता दिवस समारोह में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी राज्यमंत्री एवं शाजापुर के प्रभारी मंत्री श्री बृजेन्द्र सिंह यादव ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। समृद्धि के प्रतीक रंगीन गुब्बारे खुले आकाश में छोड़े गये। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी राज्यमंत्री ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। राज्यमंत्री श्री यादव ने श्रेष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित भी किया।

दतिया- लोक निर्माण राज्यमंत्री श्री सुरेश धाकड़ ने दतिया जिला मुख्यालय में 76वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण कर आकर्षक परेड की सलामी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। मुख्य अतिथि ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को सम्मानित किया।

रतलाम- जिले में 76वां स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साह के माहौल में मनाया गया। जिला मुख्यालय पर नगरीय विकास तथा आवास राज्यमंत्री श्री ओ.पी.एस. भदौरिया ने ध्वजारोहण किया। मुख्य अतिथि ने परेड का निरीक्षण कर परेड की सलामी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। मंत्री श्री भदौरिया ने जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारी को सम्मानित किया।

धार- जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने स्वतंत्रता दिवस पर धार जिले के कारम डेम पर ध्वजारोहण कर एनडीआरएफ और रेस्क्यू ऑपरेशन में शामिल सभी सहभागियों का सम्मान किया।

इसी प्रकार शेष 23 जिला मुख्यालयों क्रमशः ग्वालियर, शिवपुरी, निवाड़ी, हरदा, सतना, कटनी, डिण्डौरी, आगर-मालवा, नर्मदापुरम्, खरगोन, भिण्ड, टीकमगढ़, अशोकनगर, सिवनी, नीमच, उमरिया, बुरहानपुर, अलीराजपुर, श्योपुर, बैतूल, सीहोर, सीधी और बालाघाट में जिला कलेक्टर ने ध्वजारोहण कर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया।

(पिछले पृष्ठ का शेष)

			after completion of construction/Execution of work with successful testing and commissioning.						
7.	089/ 08.08.2022	2022_PHED _215969_1	Single village Of Pipe Water Supply Scheme under Jal Jeevan Mission at **Village :- PINDRAI, BABARIYA, BACHAI, Khamriya, and Mungwani Block :- Narsinghpur** Dist. Narsinghpur (M.P.) based on Installation of electric submersible water motor pump, laying & jointing distribution pipe line and Rising main, Construction of RCC OHT, installation of Transformer, Erection of Pump house, household tap connections, Boundary wall including cost of all material & labour with 90 Days of trial run after completion of construction/Execution of work with successful testing and commissioning.	200.88	200880.00	15000.00	26.08.2022	270 दिवस वर्षा ऋतु सहित
8.	090/ 08.08.2022	2022_PHED _215970_1	Single village Of Pipe Water Supply Scheme under Jal Jeevan Mission at **Village :- KARHAIYA (NARMDA), BARGI, BADGUWAN, GOTEGAON, JHIRI KALAN and KARHAIYAKHED Block :- Narsinghpur** Dist. Narsinghpur (M.P.) based on Installation of electric submersible water motor pump, laying & jointing distribution pipe line and Rising main, Construction of installation of Transformer, Erection of Pump house, household tap connections, Boundary wall including cost of all material & labour with 90 Days of trial run after completion of construction/ Execution of work with successful testing and commissioning.	169.94	169940.00	12500.00	26.08.2022	180 दिवस वर्षा ऋतु सहित
9.	091/ 08.08.2022	2022_PHED _215971_1	Single village Of Pipe Water Supply Scheme under Jal Jeevan Mission at **Village :- GADARIYA, SALIWADA and BHOUTI Block :- Narsinghpur** Dist. Narsinghpur (M.P.) based on Installation of electric submersible water motor pump, laying & jointing distribution pipe line and Rising main, Construction of RCC OHT installation of Transformer, Erection of Pump house, household tap connections, Boundary wall including cost of all material & labour with 90 Days of trial run after completion of construction/Execution of work with successful testing and commissioning.	110.15	110150.00	12500.00	26.08.2022	270 दिवस वर्षा ऋतु सहित
10.	092/ 08.08.2022	2022_PHED _215972_1	Single village Of Pipe Water Supply Scheme under Jal Jeevan Mission at **Village :- LIGHARI, GHOGHRA, JERA, KATKUHI, and KHAPA Block :- Narsinghpur** Dist. Narsinghpur (M.P.)	187.58	187580.00	12500.00	26.08.2022	270 दिवस वर्षा ऋतु सहित

(शेष अगले पृष्ठ पर)

कार्यालय, अध्यक्ष काउंसलिंग समिति तकनीकी शिक्षा संचालनालय, मध्यप्रदेश

चतुर्थ तल, सतपुड़ा भवन, भोपाल-462004

एम.टेक.-एम.ई (M.Tech./ME)/एम.आर्क. (M. Arch) पाठ्यक्रम में प्रवेश परीक्षा/अर्हकारी परीक्षा के आधार पर प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु (मध्यप्रदेश में स्थित शासकीय/स्वशासी/अनुदान प्राप्त/स्ववित्तीय एवं निजी संस्थान)

ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2022-23

प्रथम चरण
(प्रवेश परीक्षा के आधार पर)

गतिविधियां	दिनांक/समय
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन निरस्त	20/08/2022 से 16/09/2022 सायं 5:00 बजे तक
रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के उपरान्त, ऑनलाइन सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, जो केवल एक बार के लिये ही रहेगी।	17/09/2022 से 18/09/2022 सायं 5:00 बजे तक
इच्छित संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी	10/09/2022 से 20/09/2022 रात्रि 11:45 बजे तक
कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता सूची	21/09/2022
आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति, आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश।	26/09/2022 से 30/09/2022 सायं 5:00 बजे तक

द्वितीय चरण
(प्रथमतः प्रवेश परीक्षा के आधार पर तत्पश्चात अर्हकारी परीक्षा के आधार पर)

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन निरस्त	27/09/2022 से 04/10/2022 सायं 5:00 बजे तक
रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के उपरान्त, ऑनलाइन सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, जो केवल एक बार के लिये ही रहेगी।	05/10/2022 से 06/10/2022 सायं 5:00 बजे तक
इच्छित संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी	29/09/2022 से 08/10/2022 रात्रि 11:45 बजे तक
कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता सूची	10/10/2022
आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति, आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश।	14/10/2022 से 18/10/2022 सायं 5:00 बजे तक

उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC)
(प्रथमतः प्रवेश परीक्षा के आधार पर तत्पश्चात अर्हकारी परीक्षा के आधार पर)

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन	इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये उपस्थित होना।
19/10/2022 से 21/10/2022 रात्रि 11:45 बजे तक	22/10/2022 प्रातः 10:30 बजे
उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये	
23/10/2022 से 25/10/2022 रात्रि 11:45 बजे तक	25/10/2022 प्रातः 10:30 बजे

- एम.टेक.-एम.ई/एम.आर्क. पाठ्यक्रम के प्रथम चरण ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, प्रवेश परीक्षा के आधार पर होंगे।
- एम.टेक.-एम.ई/एम.आर्क. पाठ्यक्रम के उत्तरोत्तर चरणों में प्रवेश परीक्षा एवं अर्हकारी परीक्षा के आधार पर रजिस्ट्रेशन किये जा सकेंगे।
- एम.टेक.-एम.ई (MTech./ME)/एम.आर्क. (M. Arch) पाठ्यक्रमों में प्रथम चरण में केवल GATE Qualified for 2022 की मेरिट पर आधारित प्रवेश दिये जायेंगे, द्वितीय चरण एवं संस्था स्तर की काउंसलिंग में प्रथमतः GATE Qualified for 2022 की मेरिट तत्पश्चात अभ्यर्थी उपलब्ध न होने पर अर्हकारी परीक्षा की मेरिट के आधार पर प्रवेश दिये जायेंगे।
- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका अध्ययन कर लें।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग के लिये निर्धारित तिथि पर संस्था में प्रातः 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक उपस्थित हुए अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार कर, तदुपरान्त मेरिट के अनुसार प्रवेश किये जायेंगे।
- काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक/समय से आवंटन जारी होने तक प्रवेश निरस्तीकरण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।

संपर्क : 0755-6720205, 2660441, ईमेल : dte.helpcenter@mp.gov.in

संयुक्त संचालक
संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश

म.प्र. माध्यम/105964/47431/2022

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में छूटे शेष 38 लाख हितग्राहियों को भी मिलेगी खाद्य सुरक्षा

भोपाल, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री विसाहूलाल सिंह ने बताया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना की पात्रता सूची में छूटे हुए शेष 38 लाख हितग्राहियों के नाम भी जोड़े जाएंगे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में प्रदेश के 5 करोड़ 46 लाख हितग्राहियों को पात्रता सूची के लिए चिन्हित किया गया था। वर्तमान में 5 करोड़ 8 लाख हितग्राहियों को खाद्यान्न सुरक्षा का लाभ मिल रहा है।

श्री सिंह ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप शत-प्रतिशत हितग्राहियों को खाद्यान्न सुरक्षा मुहैया कराने के उद्देश्य से शेष 38 लाख हितग्राहियों को भी पात्रता सूची में जोड़ा जाएगा।

प्रमुख सचिव खाद्य श्री फैज़ अहमद किदवई ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव पर पात्रता सूची में छूटे हुए पात्र परिवारों के हितग्राहियों को स्थानीय निकाय के माध्यम से 16 अगस्त से 15 अक्टूबर तक विभिन्न स्तर पर कार्रवाई कर विशेष अभियान चलाकर प्राथमिकता परिवार की श्रेणी में शामिल करने चिन्हित किया जाएगा। इसके बाद निकाय कर्मियों द्वारा एम राशन मित्र पोर्टल पर नए हितग्राहियों के निर्धारित प्रारूप में आवेदन, आधार नंबर, मोबाइल नंबर, पात्रता श्रेणी, वर्तमान पता सहित पात्रता संबंधी दस्तावेज अपलोड किए जाएंगे। पंजीयन के बाद आवेदन https://rationmitra.nic.in पोर्टल पर संबंधित स्थानीय निकाय अधिकारी को अग्रेषित किया जाएगा, जो आवेदन खाद्य अधिकारी को अग्रेषित करेंगे। एनआईसी भोपाल द्वारा प्राप्त डाटा को एनआईसी हैदराबाद के साथ शेयर कर पात्रता पर्ची जारी की जाएगी। पात्रता पर्चियों को स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से वितरित कराया जाएगा। प्रत्येक बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग से प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

ग्लोबल स्किल पार्क के कार्यों की करें प्रतिदिन मॉनीटरिंग – तकनीकी शिक्षा मंत्री

भोपाल, ग्लोबल स्किल पार्क का कार्य तीव्र गति से करना है। संबंधित अधिकारी निर्माणाधीन कार्यों की प्रतिदिन मॉनीटरिंग करें। तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने यह निर्देश ग्लोबल स्किल पार्क के निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान दिये। प्रदेश में व्यापक स्तर पर युवाओं के कौशल को निखारकर रोज़गार की संभावनाओं को साकार करने के उद्देश्य से भोपाल के नरेला संकरी में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के ग्लोबल स्किल पार्क का निर्माण किया जा रहा है। तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री श्रीमती सिंधिया लगातार निर्माण कार्यों की समीक्षा कर रही हैं। श्रीमती सिंधिया ने कहा कि स्किल पार्क के स्ट्रक्चर काम लगभग पूरे किए जा चुके हैं। श्रीमती सिंधिया ने अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर परिसर में ही वेयरहाउस बनाने के निर्देश दिए, जिससे सामान को स्टॉक किया जा सके। उन्होंने कहा कि इससे समय की बचत होगी और काम को गति मिलेगी।

एनिमेशन, गेमिंग, हॉस्पिटीलिटी के पाठ्यक्रम भी जोड़ें

श्रीमती सिंधिया ने कहा कि यह प्रोजेक्ट मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का ड्रीम प्रोजेक्ट है। इसे ऐसा बनाएं कि दूसरे राज्य इसका अनुसरण करें। उन्होंने कहा कि जीएसपी में एनिमेशन, गेमिंग, हॉस्पिटीलिटी, मेन्यूफैक्चरिंग जैसे पाठ्यक्रमों को आवश्यक रूप से जोड़ें। प्रदेश के विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय पहचान के लिये तैयार करें। गुणवत्ता से कोई समझौता न करें। ऊर्जा की बचत के लिये मोशन सेंसर का इस्तेमाल करें। ग्लोबल स्किल पार्क में वॉयोडायवर्सिटी, एथलेटिक टर्फ, इंडोर हॉल जैसी व्यवस्था शत-प्रतिशत सुनिश्चित करें। श्रीमती सिंधिया ने कार्यों की गति को बढ़ाने के लिये श्रमिकों की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश दिए। श्रीमती सिंधिया ने कहा कि युवाओं को निरंतर बाजार मांग के अनुसार रोज़गार के लिये प्रशिक्षित करने के लिये अग्रणी तकनीकों का समावेश आवश्यक है।

बैठक में संचालक कौशल विकास एवं सीईओ ग्लोबल स्किल पार्क श्री हरजिंदर सिंह ने निर्माणाधीन कार्यों के प्रगति की जानकारी दी।

(पिछले पृष्ठ का शेष)

based on Installation of electric submersible water motor pump, laying & jointing distribution pipe line and Rising main. Construction of RCC OHT installation of Transformer, Erection of Pump house, household tap connections, Boundary wall including cost of all material & labour with 90 Days of trial run after completion of construction/Execution of work with successful testing and commissioning.

11.	093/ 10.08.2022	2022_PHED _216198_1	Single village Of Pipe Water Supply Scheme under Jal Jeevan Mission at **Village :- DUDWARA, DUNGARIYA, LABERI, SARRA, and DHARIYA Block :- Narsinghpur** Dist. Narsinghpur (M.P.) based on Installation of electric submersible water motor pump, laying & jointing distribution pipe line and Rising main, Construction of RCC OHT installation of Transformer, Erection of Pump house, household tap connections, Boundary wall including cost of all material & labour with 90 Days of trial run after completion of construction/Execution of work with successful testing and commissioning.	205.52	205520.00	15000.00	26.08.2022	270 दिवस वर्षा ऋतु सहित
12.	094/ 10.08.2022	2022_PHED _216200_1	Single village Of Pipe Water Supply Scheme under Jal Jeevan Mission at **Village :- THWARIKALA, BORIYA, PANJARA, PIPARIYA, AND MADWA Block :- Narsinghpur** Dist. Narsinghpur (M.P.) based on Installation of electric submersible water motor pump, laying & jointing distribution pipe line and Rising main, Construction of RCC OHT installation of Transformer, Erection of Pump house, household tap connections, Boundary wall including cost of all material & labour with 90 Days of trial run after completion of construction/Execution of work with successful testing and commissioning.	114.33	114330.00	12500.00	26.08.2022	270 दिवस वर्षा ऋतु सहित
13.	095/ 10.08.2022	2022_PHED _216202_1	Single village Of Pipe Water Supply Scheme under Jal Jeevan Mission at **Village :- MEHGAON, CHAVARPATHA, DUNGARIYA, BUDHAINA, CHARBAHERIYA AND GORAKHPUR Block :- Narsinghpur** Dist. Narsinghpur (M.P.) based on Installation of electric submersible water motor pump, laying & jointing distribution pipe line and Rising main, Construction of RCC OHT installation of Transformer. Erection of Pump house, household tap connections, Boundary wall including cost of all material & labour with 90 Days of trial run after completion of construction/Execution of work with successful testing and commissioning.	175.98	175980.00	12500.00	26.08.2022	270 दिवस वर्षा ऋतु सहित

(शेष अगले पृष्ठ पर)

कार्यालय, अध्यक्ष काउंसलिंग समिति तकनीकी शिक्षा संचालनालय, मध्यप्रदेश

चतुर्थ तल, सतपुड़ा भवन, भोपाल-462004

एम.बी.ए. (MBA) पाठ्यक्रम में प्रवेश परीक्षा/अर्हकारी परीक्षा तथा एम.सी.ए. (MCA) पाठ्यक्रम में अर्हकारी परीक्षा के आधार पर प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु (मध्यप्रदेश में स्थित शासकीय/स्वशासी/अनुदान प्राप्त/स्ववित्तीय/निजी संस्थान)

ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2022-23

प्रथम चरण

गतिविधियां	दिनांक/समय
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन निरस्त	20/08/2022 से 11/09/2022 सायं 5:00 बजे तक
रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के उपरान्त, ऑनलाइन सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, जो केवल एक बार के लिये ही रहेगी।	12/09/2022 से 13/09/2022 सायं 5:00 बजे तक
इच्छित संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी	05/09/2022 से 15/09/2022 रात्रि 11:45 बजे तक
कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता सूची	16/09/2022
आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति, आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश।	21/09/2022 से 28/09/2022 सायं 5:00 बजे तक

द्वितीय चरण

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन निरस्त	24/09/2022 से 01/10/2022 सायं 5:00 बजे तक
रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के उपरान्त, ऑनलाइन सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, जो केवल एक बार के लिये ही रहेगी।	02/10/2022 से 03/10/2022 सायं 5:00 बजे तक
इच्छित संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी	26/09/2022 से 05/10/2022 रात्रि 11:45 बजे तक
कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता सूची	06/10/2022
आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति, आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश।	11/10/2022 से 18/10/2022 सायं 5:00 बजे तक

संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC)
उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन	इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये उपस्थित होना।
19/10/2022 से 21/10/2022 रात्रि 11:45 बजे तक	22/10/2022 प्रातः 10:30 बजे

उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये

23/10/2022 से 25/10/2022 रात्रि 11:45 बजे तक	25/10/2022 प्रातः 10:30 बजे

- एम.बी.ए. पाठ्यक्रम के प्रथम चरण ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, केवल सीमेट-2022 (CMAT-2022) के आधार पर होंगे।
- एम.बी.ए. पाठ्यक्रम के उत्तरोत्तर चरणों में सीमेट-2022 (CMAT-2022) एवं अर्हकारी परीक्षा के आधार पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किये जा सकेंगे।
- एम.बी.ए. पाठ्यक्रम में प्रथम चरण में केवल सीमेट-2022 (CMAT-2022) की मेरिट पर आधारित प्रवेश दिये जायेंगे, द्वितीय चरण एवं संस्था स्तर की काउंसलिंग में प्रथमतः सीमेट-2022 (CMAT-2022) की मेरिट तत्पश्चात अभ्यर्थी उपलब्ध न होने पर अर्हकारी परीक्षा की मेरिट आधारित प्रवेश मान्य किये जायेंगे।
- एम.सी.ए. पाठ्यक्रम के प्रत्येक चरण में अर्हकारी परीक्षा की मेरिट आधारित प्रवेश मान्य किये जायेंगे।
- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग के लिये निर्धारित तिथि पर संस्था में प्रातः 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक उपस्थित हुए अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार कर, तदुपरान्त मेरिट के अनुसार प्रवेश किये जायेंगे।
- काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक/समय से आवंटन जारी होने तक प्रवेश निरस्तीकरण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।

(कोविड-19 के कारण, सोशल डिस्टेंसिंग रखने के लिये, सहायता केन्द्रों पर किसी भी अभ्यर्थी को नहीं जाना है)

संपर्क : 0755-6720205, 2660441, ईमेल : dte.helpcenter@mp.gov.in

संयुक्त संचालक
संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश

म.प्र. माध्यम/105963/47430/2022

विस्टाडोम कोच में आनंददायक यात्रा की अनुभूति लें पर्यटक

जनशताब्दी एक्सप्रेस में विस्टाडोम कोच का शुभारंभ

भोपाल, संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री सुश्री उषा ठाकुर और चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से अत्याधुनिक विस्टाडोम का शुभारंभ किया। मंत्री द्वय ने हरी झंडी दिखाकर विस्टाडोम कोच लगी जनशताब्दी एक्सप्रेस को रवाना किया। मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड की पहल पर भारतीय रेलवे ने मध्यप्रदेश में पर्यटकों को यात्रा का एक अनूठा अनुभव कराने के लिए विस्टाडोम कोच को शामिल किया है। कोच शीशे की छत एवं कांच की बड़ी खिड़कियों से सुसज्जित है, जिससे पर्यटक अपनी सीट से पहाड़ों और घाटियों के लुभावने दृश्य देख पायेंगे।

सुश्री ठाकुर ने कहा कि विस्टाडोम कोच में पर्यटक सुखद, आरामदायक और आनंददायक यात्रा का अनुभव ले सकेंगे। पर्यटकों को सुरक्षित और आरामदायक पर्यटन उपलब्ध कराने पर्यटन विभाग नित नए नवाचार करने के लिए प्रतिबद्ध है। यात्रा के दौरान पर्यटकों को प्रकृति के विहंगम दृश्य देख कर एक रोमांचक यात्रा का अनुभव होगा। श्री विश्वास सारंग ने कहा कि पर्यटन विभाग की सोच का परिणाम जमीन पर दिखता है। विस्टाडोम जैसे अत्याधुनिक और आरामदायक कोच से प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। यह इतना आकर्षक है कि मैं खुद इसमें यात्रा करना चाहूंगा।

प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव पर विस्टाडोम पर्यटन विभाग का नवाचार है। यह कोच प्रदेश के प्रमुख पर्यटन-स्थलों को जोड़ता है। भीमबेटका, सलकनपुर मंदिर, नर्मदा घाट, सतपुड़ा नेशनल पार्क, मड़ई, पचमढ़ी, भेड़ाघाट, मदन महल किला आदि महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल जाने की इच्छा रखने वाले पर्यटकों को विस्टाडोम कोच को अपनी यात्रा में शामिल करना चाहिए।

विस्टाडोम कोच की अनूठी विशेषताएं

विस्टाडोम भारतीय रेलवे की इंटीग्रल कोच फैक्ट्री द्वारा बनाया गया एक अति आधुनिक कोच है। इन डिब्बों में बड़ी कांच की खिड़कियां और छत, घूमने वाली सीटें और एक अवलोकन लाउंज शामिल है, जिससे यात्री पहाड़ों, घाटियों, हरियाली आदि की झलक देख सकें। साथ ही यह वाई-फाई, जीपीएस और इंफोटेनमेंट सिस्टम से लैस है, जिससे यात्रियों को ट्रेन में यात्रा का सबसे शानदार अनुभव मिल सकेगा। विस्टाडोम कोच में यात्रियों के लिए मल्टी-टियर स्टील लगेज शेल्फ, स्नेक टेबल, पर्यटकों के अनुकूल लाउंज, माइक्रोवेव ओवन, कॉफी मेकर और रेफ्रिजरेटर के साथ एक मिनी पेंट्री कार की सुविधा भी उपलब्ध है।

रेलवे स्टेशन-पर्यटन गंतव्य

- औबेदुल्लागंज (प्रस्तावित)- भीमबेटका
- होशंगाबाद- सलकनपुर मंदिर, पवित्र नर्मदा नदी का घाट
- इटारसी- तवा डेम
- सोहागपुर (प्रस्तावित)- मढ़ई (सतपुड़ा नेशनल पार्क)
- पिपरिया- पचमढ़ी
- श्री धाम (गोटेगांव)- जोतेश्वर मंदिर
- मदन महल- मदन महल किला, रानी दुर्गावती संग्रहालय
- जबलपुर- मार्बल रॉक भेड़ाघाट, कान्हा एवं बांधवगढ़ नेशनल पार्क

हरियाली क्षेत्र में वृद्धि और वायु प्रदूषण आकलन के लिए समिति गठित

भोपाल, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने उज्जैन, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और भोपाल आदि नगर निगमों की हरियाली क्षेत्र में वृद्धि और वायु प्रदूषण कम करने की कार्ययोजना के आकलन और परीक्षण के लिए समिति का गठन किया है। पूर्व प्रधान मुख्य वन संरक्षक डॉ. प्रवीण चन्द्र दुबे की अध्यक्षता में गठित समिति 17 अगस्त को अपनी अनुशंसाएँ शासन को सौंपेगी। समिति के सदस्यों में एप्को के मुख्य अभियंता श्री अनूप श्रीवास्तव, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रशासकीय अधिकारी श्री अश्वनी सिंह परिहार, अधीक्षण यंत्री श्री आर.के. गुप्ता, कार्यपालन यंत्री श्री डी.के. जैन और एप्को के कार्यपालन यंत्री श्री जयप्रकाश नामदेव को शामिल किया गया है।

(पिछले पृष्ठ का शेष)

14.	096/ 10.08.2022	2022_PHED _216204_1	Single village Of Pipe Water Supply Scheme under Jal Jeevan Mission at **Village :- PEEPARPANI, DUNGARIYA, RATAMATI, AND GOURCHHAPAR Block :- Narsinghpur** Dist. Narsinghpur (M.P.) based on Installation of electric submersible water motor pump, laying & jointing distribution pipe line and Rising main, Construction of installation of Transformer, Erection of Pump house, household tap connections, Boundary wall including cost of all material & labour with 90 Days of trial run after completion of construction/Execution of work with successful testing and commissioning.	106.53	106530.00	12500.00	26.08.2022	180 दिवस वर्षा ऋतु सहित
15.	097/ 10.08.2022	2022_PHED _216207_1	Single village Of Pipe Water Supply Scheme under Jal Jeevan Mission at **Village :- CHOURAKHEDA, SALAIYA, MAHMADPUR, PANJRA ANDIYA AND LURHETA Block :- Narsinghpur** Dist. Narsinghpur (M.P.) based on Installation of electric submersible water motor pump, laying & jointing distribution pipe line and Rising main, Construction of installation of Transformer, Erection of Pump house, household tap connections, Boundary wall including cost of all material & labour with 90 Days of trial run after completion of construction/Execution of work with successful testing and commissioning.	128.98	128980.00	12500.00	26.08.2022	180 दिवस वर्षा ऋतु सहित
16.	098/ 10.08.2022	2022_PHED _216208_1	Single village Of Pipe Water Supply Scheme under Jal Jeevan Mission at **Village :- MUDIYA, BAGHPODI, BELKHEDA, MALHAUA, PANSI and SINGRAMPUR Block :- Narsinghpur** Dist. Narsinghpur (M.P.) based on Installation of electric submersible water motor pump, laying & jointing distribution pipe line and Rising main, Construction of RCC OHT installation of Transformer, Erection of Pump house, household tap connections, Boundary wall including cost of all material & labour with 90 Days of trial run after completion of construction/Execution of work with successful testing and commissioning.	212.68	212680.00	15000.00	26.08.2022	270 दिवस वर्षा ऋतु सहित

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड-नरसिंहपुर

जी-15640/47413/2022

मध्यप्रदेश के जिलों को जानिए

कंस वधोत्सव परंपरा के लिए प्रसिद्ध है शाजापुर जिला

शाजापुर, मध्यप्रदेश के उज्जैन संभाग का एक जिला है। इसका गठन राज्य पुनर्गठन अधिनियम के तहत 1 नवम्बर, 1956 को किया गया था। शाजापुर जिला आजादी से पूर्व ग्वालियर रियासत का हिस्सा था तथा इसे 1904 में जिले के रूप में गठित किया गया था।

यह जिला पश्चिम में उज्जैन और आगर-मालवा, दक्षिण में देवास और सीहोर, उत्तर में राजगढ़ तथा पूर्व में सीहोर जिले से घिरा है। ऐसा माना जाता है कि मुगल शासक शाहजहां 1640 में यहां ठहरा था इसलिए इसका नाम शाजापुर पड़ गया। शाजापुर को पूर्व में खानड़ीखेड़ा और खांखरा खेड़ी के नाम से जाना जाता था। पार्वती, नेवज, लखुन्दर, कालीसिंध, चीलर आदि जिले की प्रमुख नदियां हैं।

हर साल दीवाली के बाद आने वाली दशमी को यहां ऐतिहासिक महत्व के एक नाटक 'कंस वधोत्सव' का आयोजन होता है। भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अत्याचारी राजा कंस का वध किए जाने के कथानक पर आधारित नाटक के विशाल आयोजन की यह परंपरा करीब 150 से अधिक साल से चली आ रही है।

मथुरा के बाद यह आयोजन सबसे पहले शाजापुर में ही शुरू किया गया था। कहा जाता है कि कंस वधोत्सव का इतिहास यहां के गोवर्धन मंदिर से संबंधित है। पहले इसको कंस लीला के नाम से भी जाना जाता था।

इतिहास

शाजापुर को शाहजहां के समय में पहचान मिली। इस क्षेत्र के प्राकृतिक सौंदर्य को देखकर शाहजहां की फौज ने यहां एक पड़ाव लेने का फैसला किया। यह जगह 'खांखरा खेड़ी' के रूप में जानी जाती थी। ऐसा माना जाता है कि शाहजहां और उनकी फौज को यह जगह बहुत ज्यादा पसंद आयी और फलस्वरूप जब शाहजहां सम्राट बना तब अपने दक्षिणी अभियान के लिए इस जगह को महत्व दिया। जगन्नाथ रावल के साथ उसने यहां चार दिशाओं में चार द्वार निर्मित कराये। साथ ही एक व्यापार केंद्र भी विकसित किया। नतीजतन इस क्षेत्र में धीरे-धीरे आबादी बढ़ी और यह नगर में परिवर्तित हो गया। इस जगह के आसपास एक दीवार भी बनाई गई थी। यहां के राजा ने इस क्षेत्र को शाहजहां के सम्मान में 'शाहजहांपुर' के रूप में नामित किया था।

यह भी कहा जाता है कि चंद्रलेखा नदी, (जो अब चीलर नदी है) के किनारे सुरक्षा की दृष्टि से बहुत बड़े किले का निर्माण किया गया। सबसे अहम बात यह है कि इस दुर्ग की सुरक्षा के लिए चीलर नदी का प्रवाह मोड़ा गया था, यह पहले उत्तरी दिशा में बहती थी। मुगल वंश के पतन के बाद, शाहजहांपुर 1732 में सिंधिया राज्य में लाया गया था और कई सारे प्रशासनिक बदलाव किए गये। इसका नाम 'शाजापुर' किया गया और किले में एक सुंदर महल भी ताराबाई द्वारा विकसित किया गया था। 1904 में यह नगर एक जिले के रूप में घोषित किया गया था।

अर्थव्यवस्था

शाजापुर जिला कृषि प्रधान जिला है, यहां पर गहरी काली मिट्टी पाई जाती है, जो अत्यधिक उपजाऊ होती है। जिले में प्रमुख रूप से प्याज, लहसुन, आलू, गन्ना, गेहूं, चना आदि की खेती की जाती है। यह जिला सोयाबीन, नमकीन उद्योग और कृषि आधारित उद्योगों के लिए जाना जाता है। जिले में प्रमुख रूप से बैराइट्स खनिज पाया जाता है, जिसका प्रयोग कागज विस्तारक, सफेद रंग और पेंट के कच्चे माल के लिए किया जाता है। जिले में कपास ओटाई, गांठ बनाने, आटा उत्पादन और ईंट निर्माण से सम्बंधित उद्योग भी हैं। मक्सी जिले का प्रमुख औद्योगिक केंद्र है। यहां स्थापित विभिन्न उद्योग जिले की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और लोगों को रोज़गार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। साथ ही जिले के शुजालपुर और कालापीपल अपनी कृषि मंडियों के लिए जाने जाते हैं।

शाजापुर जिला प्रमुख तथ्य

1. जिले का गठन - 1 नवम्बर, 1956
2. संभाग - उज्जैन
3. जिला मुख्यालय - शाजापुर
4. क्षेत्रफल - 3460 वर्ग किलोमीटर
5. जनसंख्या - 9 लाख 41 हजार 403 (पुरुष-487468, महिलाएं-453935)
6. लिंग अनुपात - 1012 (मार्च 2022 में)
7. तहसीलें - 7 (शाजापुर, मोहन बड़ोदिया, गुलाना, शुजालपुर, कालापीपल, अवंतीपुर बड़ोदिया, पोलायकलां)
8. विकासखंड - 4
9. ग्राम पंचायत - 326
10. ग्राम - 635
11. नगर परिषद - 04 (मक्सी, अकोदिया, पोलायकलां, पानखेड़ी)
12. नगर पालिका - 2 (शाजापुर, शुजालपुर)
13. विधानसभा क्षेत्र - 3 (शाजापुर, शुजालपुर, कालापीपल)
14. भाषा एवं बोली - हिन्दी, मालवी

(सभी आंकड़े 2011 की जनगणना के अनुसार)

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

- इस जिले का इतिहास महाभारत काल से जुड़ा हुआ है, जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर करेड़ी माता का मंदिर है। इसे कंकावती माता के रूप में भी जाना जाता है। मान्यता है कि यह मंदिर महाभारत काल में राजा कर्ण द्वारा स्थापित किया गया था। माता के कंधे पर एक जलकुंड है, जो हर समय पानी से पूरी तरह से भरा हुआ रहता है। सांप के निशान भी मूर्तियां पर मौजूद हैं।
- शाजापुर में स्थित करीब 250 साल पुराना राजराजेश्वरी माता मंदिर ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व का पर्यटन स्थल है। चीलर नदी के किनारे बने इस मंदिर में रिद्धि-सिद्धि और गणपति की मूर्तियां स्थापित हैं।
- शाजापुर जिले के मक्सी का जैन मंदिर, पूजन की अनूठी परंपरा के कारण देशभर में प्रसिद्ध है। मंदिर में विराजित करीब 1500 साल पुरानी भगवान पार्श्वनाथ की प्रतिमा का हर दिन तीन घंटे बाद स्वरूप बदलता है। उसकी पूजा करने वाले भी बदल जाते हैं। यह संभवतः देश की एकमात्र ऐसी प्रतिमा है, जिसकी पूजा-अर्चना जैन संप्रदाय की दोनों शाखाओं द्वारा एक ही दिन में बारी-बारी से की जाती है।
- शाजापुर शहर के निकट ऐतिहासिक महत्व का पांडु खो नामक स्थान है, जिसके बारे में प्रचलित है कि यहां पर पांडवों ने अज्ञातवास का काफी समय बिताया था। यहां एक चबूतरे पर शिवलिंग था, मान्यता है कि इसकी स्थापना भी पांडवों ने की थी। इस पर बाद में मंदिर का निर्माण कराया गया। घनी झाड़ियों के बीच घाटी में होने के कारण इसका नजारा देखने लायक है। यहां कई प्राकृतिक जलस्रोत भी हैं। यहां शिवरात्रि के मौके पर बड़ी संख्या में लोग आते हैं।
- इसके अतिरिक्त डासी का हनुमान मंदिर, भैरव डूंगरी, शाजापुर का पुराना किला, मराठा रानी ताराबाई महल, चीलर बांध, ओंकारेश्वर महादेव, भांगनाथ, जामा मस्जिद आदि यहां के अन्य दर्शनीय स्थल हैं।

- रीता मोदी
(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान - खेल

1. भारत ने किस वर्ष एफआईएच हॉकी वर्ल्डकप का खिताब अपने नाम किया था?
(अ) वर्ष 1971
(ब) वर्ष 1975
(स) वर्ष 1982
(द) वर्ष 1994

2. कॉमनवेल्थ गेम्स-2022 की ओपनिंग सेरेमनी में पीवी सिंधु के अलावा भारत के ध्वजवाहक थे?
(अ) मनप्रीत सिंह
(ब) बजरंग पूनिया
(स) रानी रामपाल
(द) लक्ष्य सेन

3. रग्बी खेल की शुरुआत किस देश से हुई है?
(अ) ऑस्ट्रेलिया
(ब) इंग्लैंड
(स) द. अफ्रीका
(द) जापान

4. वर्ष 1920 में किस शहर में ओलिंपिक खेल आयोजित किए गए थे?
(अ) मियामी (ब) पेरिस
(स) एंटवर्प (द) म्युनिख

5. वर्ष 2021 में इनमें से किस देश ने एशियन हॉकी चैम्पियनशिप की मेजबानी की थी?
(अ) भारत
(ब) जापान
(स) मलेशिया
(द) बांग्लादेश

6. सुनील गावस्कर ने टेस्ट क्रिकेट में कितने शतक बनाये हैं?
(अ) 30 (ब) 32
(स) 34 (द) 36

7. एलोर्डा कप किस खेल से संबंधित एक प्रतियोगिता है?
(अ) बैडमिंटन
(ब) मुक्केबाजी
(स) कबड्डी
(द) एथेलेटिक्स

8. वर्ष 2026 में कॉमनवेल्थ गेम्स किस देश में आयोजित किए जायेंगे?
(अ) ऑस्ट्रेलिया (ब) कनाडा
(स) स्कॉटलैंड (द) सिंगापुर

9. इयॉन मॉर्गन ने इंग्लैंड के अलावा किस देश के लिए क्रिकेट खेला है?
(अ) नीदरलैंड (ब) आयरलैंड
(स) स्कॉटलैंड (द) द. अफ्रीका

10. इनमें से किस खिलाड़ी ने इस वर्ष मार्लोका ओपन टेनिस टूर्नामेंट जीता है?
(अ) डेनिल मेदवेदेव
(ब) सैम क्वेरी
(स) स्टेफनोस सितसिपास
(द) इनमें से कोई नहीं

11. इस वर्ष रणजी ट्रॉफी जीतने वाली मध्यप्रदेश क्रिकेट टीम के कप्तान हैं?
(अ) रजत पाटीदार
(ब) ईश्वर पांडे
(स) यश दुबे
(द) आदित्य श्रीवास्तव

12. विकास गौड़ा किस खेल में भारत के दिग्गज खिलाड़ी रह चुके हैं?
(अ) भाला फेंक
(ब) गोला फेंक
(स) चक्का फेंक
(द) इनमें से कोई नहीं

13. इनमें से किस खिलाड़ी को वर्ष 2021 में प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया था?
(अ) राफेल नडाल
(ब) एलेक्जेंडर ज्वेरेव
(स) डेनिल मेदवेदेव
(द) नोवाक जोकोविच

14. वीएआर तकनीक का उपयोग किस खेल में होता है?
(अ) फुटबॉल (ब) हॉकी
(स) क्रिकेट
(द) इनमें से कोई नहीं

15. किस देश ने एफआईएच प्रो लीग-2022 का खिताब अपने नाम किया है?
(अ) भारत (ब) बेल्जियम
(स) नीदरलैंड (द) जर्मनी

16. वर्ष 2010 में किस देश ने फीफा पुरुष वर्ल्डकप की मेजबानी की थी?
(अ) जर्मनी (ब) द. अफ्रीका
(स) ब्राजील (द) स्पेन

17. इस वर्ष किस खिलाड़ी ने पीजीए गोल्फ चैम्पियनशिप जीती है?
(अ) फिल मिकेलसन
(ब) रॉरी मैक्लरॉय
(स) कॉलिन मोरिकावा
(द) जस्टिन थॉमस

18. अमेरिकी खिलाड़ी जस्टिन गेटलिन किस खेल के खिलाड़ी हैं?
(अ) फर्राटा दौड़
(ब) मैराथन दौड़
(स) बाधा दौड़
(द) गोला फेंक

19. इस वर्ष फ्रेंच ओपन में महिला एकल वर्ग की चैम्पियन बनी हैं?
(अ) सिमोना हालेप
(ब) ईगा स्वितेक
(स) एश्ले बार्टी
(द) गर्बाइन मुगुरूजा

20. अनिल कुंबले ने टेस्ट क्रिकेट में कितने विकेट झटके हैं?
(अ) 619 (ब) 627
(स) 630 (द) 655

21. इंडोनेशिया ओपन-2022 में पुरुष एकल वर्ग में चैम्पियन बने हैं?
(अ) एचएस प्रणय
(ब) विक्टर एक्सेलसन
(स) एंथोनी गिंटिंग
(द) केंटा निशिमोटो

22. ट्रॉयथलॉन में इनमें से कौन-सा खेल शामिल नहीं है?
(अ) दौड़
(ब) साइक्लिंग
(स) तैराकी
(द) तलवारबाजी

23. टोक्यो ओलिंपिक-2022 में बेसबॉल का स्वर्ण पदक किस देश ने जीता था?
(अ) जापान (ब) अमेरिका
(स) मैक्सिको (द) कनाडा

24. रॉबिन वेन पर्सी किस देश के दिग्गज फुटबॉलर रह चुके हैं?
(अ) जर्मनी (ब) नीदरलैंड
(स) क्रोएशिया (द) पोलैंड

25. वर्ष 2019 में किस खिलाड़ी को आईसीसी ने वर्ष का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना था?
(अ) बेन स्टोक्स
(ब) केन विलियमसन
(स) रोहित शर्मा
(द) स्टीव स्मिथ

उत्तर

1. (ब), 2. (अ), 3. (ब), 4. (स), 5. (द), 6. (स), 7. (ब), 8. (अ), 9. (ब), 10. (स), 11. (द), 12. (स), 13. (द), 14. (अ), 15. (स), 16. (ब), 17. (द), 18. (अ), 19. (ब), 20. (अ), 21. (ब), 22. (द), 23. (अ), 24. (ब), 25. (अ)।

- पुष्पेंद्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

जी-20 समूह की बैठकों की व्यवस्थाएं बेहतर हों - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रालय में जी-20 समूह की बैठकों की तैयारियों की समीक्षा करते हुये कहा है कि इंदौर, भोपाल और खजुराहो में होने वाली जी-20 समूह की बैठकों के लिए प्रदेश में बेहतर तैयारी हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश की छवि को अच्छे ढंग से प्रदर्शित करें। जहां बैठक हों वहां साफ-सफाई और शहर की साज-सज्जा की जाए। बैठक में शामिल होने वाले अतिथियों के दिल-दिमाग में प्रदेश की बेहतर छवि बने, इसके प्रयास हों। प्रदेश की विशेषताओं को भी अतिथियों के समक्ष रखा जाए, जिससे विदेश से बैठक में हिस्सा लेने वाले लोग मध्यप्रदेश की यादें लेकर जाएं।

मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव गृह डॉ. राजेश राजौरा, अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो. सचिन चतुर्वेदी, प्रमुख सचिव संस्कृति श्री शिव शेखर शुक्ला, प्रमुख सचिव उद्योग नीति एवं निवेश प्रोत्साहन श्री सजंय शक्ला सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS)

भारत में है दुनिया का सबसे बड़ा वितरण नेटवर्क

भारत में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) का एक लंबा इतिहास है, जिसे आजादी से पहले भारत में लागू किए गए 'खाद्यान्न राशनिंग' के रूप में देखा जा सकता है। यह वह अवधि है, जिसे आज भी भीषण अकाल और भूख की वजह से बड़े पैमाने पर होने वाली मौतों और मानव पीड़ा के लिए याद किया जाता है। स्वतंत्रता के बाद, भारत ने भीषण अकालों को सफलतापूर्वक इतिहास के पन्नों में धकेल दिया है और सार्वजनिक वितरण प्रणाली को केंद्र में रखते हुए खाद्य और कृषि से संबंधित अपनी विकास नीतियों के माध्यम से खाद्य असुरक्षा, कुपोषण और गरीबी की समस्या को दूर करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। 70 और 80 के दशक के अंत में ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक वितरण का विस्तार हुआ, जिसके बाद 1997 में लक्षित पीडीएस शुरू किया गया और ऐतिहासिक राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) का कार्यान्वयन 2016 में पूरा हुआ। सार्वजनिक वितरण प्रणाली यानी 'पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम' परियोजना देशभर में नागरिकों के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। इसे भारतीय खाद्य सुरक्षा प्रणाली द्वारा स्थापित किया गया है। इसके द्वारा देश में गरीबों को सब्सिडी दरों पर खाद्यान्न वितरित किया जाता है। यह वितरण देश भर के कई राज्यों में स्थापित राशन की दुकानों के माध्यम से किया जाता है। मुख्य रूप से दिए जाने वाले पदार्थों में मुख्य अनाज जैसे गेहूं, चावल, चीनी और मिट्टी के तेल जैसे आवश्यक ईंधन शामिल हैं। भारतीय खाद्य निगम एक सरकारी स्वामित्व की संस्था द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली की खरीद और रखरखाव करता है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली देश में खाद्य अर्थव्यवस्था प्रबंधन के लिए सरकार की नीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह सस्ती कीमतों पर खाद्यान्न के वितरण के माध्यम में कमी के प्रबंधन की प्रणाली के रूप में सामने आई है।

संचालन कैसे और कौन करता है?

सार्वजनिक वितरण प्रणाली का संचालन केंद्र और राज्य सरकारों की संयुक्त जिम्मेदारी होती है। जहां केंद्र सरकार ने फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के माध्यम से राज्य सरकारों के खाद्यान्न खरीद, भंडारण, परिवहन और थोक आवंटन की जिम्मेदारी ली है तो वहीं राज्य सरकार ने राज्य के भीतर आवंटन पात्र परिवारों की पहचान, राशन कार्ड जारी करना और उचित मूल्य की दुकान आदि की व्यवस्था और कामकाज की निगरानी सहित परिचालन की जिम्मेदारी ले रखी है। पीडीएस योजना के तहत गरीबी रेखा के नीचे आने वाले प्रत्येक परिवार हर महीने 34 किलोग्राम चावल अथवा गेहूं के पात्र हैं जबकि गरीबी रेखा से ऊपर के परिवार की पात्रता 14 किलोग्राम खाद्यान्न है। सार्वजनिक व्यय और कवरेज के क्षेत्र में इसे सबसे महत्वपूर्ण खाद्य सुरक्षा नेटवर्क समझा जाता है।

उचित मूल्य की दुकान (FPS) किसे कहते हैं?

भारत के सार्वजनिक प्रणाली का वह हिस्सा जो गरीबों को रियायती दरों पर राशन वितरित करता है, उस सार्वजनिक वितरण की दुकान को उचित मूल्य की दुकान (FPS) के नाम से जाना जाता है। स्थानीय लोग इसे राशन की दुकान कहते हैं। राशन की दुकान से कम दरों पर राशन प्राप्त करने के लिए राशन कार्ड का होना आवश्यक है। हर परिवार का राशन कार्ड उनकी आर्थिक क्षमता के आधार पर बनता है। राशन की दुकान अब अधिकांश इलाकों गांव, कस्वों और शहरों में उपलब्ध है। भारत में 5.5 लाख से अधिक दुकानें हैं, यह दुनिया में सबसे बड़ा वितरण नेटवर्क है।

वन नेशन वन राशन कार्ड

खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में वन नेशन वन राशन कार्ड एक क्रांतिकारी योजना बनकर उभरी है। इस योजना की वजह से देश के लाखों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। असम राज्य के वन नेशन वन राशन कार्ड लागू करने के बाद अब ये योजना पूरे देश में लागू हो चुकी है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के मुताबिक असम वन नेशन वन राशन कार्ड (ONORC) को लागू करने वाला देश का 36वां राज्य/केंद्र शासित प्रदेश बन गया है। इसके साथ ही योजना को सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सफलतापूर्वक लागू किया गया है, जिससे पूरे देश में खाद्य सुरक्षा क्रियान्वित हो गई है। इस सुविधा की वजह से राशन कार्ड धारक देश के किसी भी राज्य से आसानी से राशन ले सकेंगे। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की ONORC योजना से जहां फर्जी राशन कार्ड और भ्रष्टाचार में कमी आई है, वहीं इस योजना में कोई नए राशन कार्ड बनवाने की भी जरूरत नहीं है बल्कि पुराने राशन कार्ड भी मान्य होंगे। यह कार्ड लाभार्थियों के परिवार और सदस्यों को उनकी पसंद के एफपीएस से अपने मूल स्थान या किसी और जगह पर भी उसी राशन कार्ड पर शेष, आवश्यक मात्रा में खाद्यान्न उठाने में सक्षम बनाता है।

कोविड महामारी के दौरान प्रवासी हुए लाभार्थी

कोविड-19 महामारी के पिछले दो वर्षों के दौरान वन नेशन वन राशन कार्ड योजना ने एनएफएसए (राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम) के लाभार्थियों, विशेष रूप से प्रवासी लाभार्थियों को रियायती राशन सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह देश में अपनी तरह की एक विशेष नागरिक केंद्रित पहल है, जिसे अगस्त 2019 में शुरू किए जाने के बाद से लगभग 80 करोड़ लाभार्थियों को कवर करते हुए बहुत कम समय में तेजी से लागू किया गया है। अगस्त 2019 में इस योजना की शुरुआत होने के बाद से लगभग 71 करोड़ पोर्टेबल लेनदेन (43.6 करोड़ एनएफएसए और 27.8 करोड़ PMGKY लेनदेन) वन नेशन वन राशन कार्ड के तहत हुए हैं, जिससे पोर्टेबिलिटी के माध्यम से खाद्य सब्सिडी में लगभग 40,000 करोड़ रुपये के मूल्य का खाद्यान्न वितरित किया गया है। वहीं कोविड-19 अवधि के दौरान (अप्रैल 2020 से लेकर अब तक) लगभग 64 करोड़ पोर्टेबल लेन-देन दर्ज किए गए हैं, जिसमें पोर्टेबिलिटी के माध्यम से खाद्य सब्सिडी में लगभग 36,000 करोड़ रुपये मूल्य के बराबर खाद्यान्न वितरित किया गया है।

'मेरा राशन' मोबाइल एप

वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के तहत एक अन्य पहलू 'मेरा राशन' मोबाइल एप्लीकेशन है, जिसे ONORC योजना का अधिकतम लाभ उठाने के लिए शुरू किया गया है। मोबाइल एप लाभार्थियों को उपयोगी वास्तविक समय की जानकारी प्रदान कर रहा है। यह 13 भाषाओं में उपलब्ध है। अब तक इस एप को गूगल प्ले स्टोर से 20 लाख से ज्यादा बार डाउनलोड किया जा चुका है।

कुपोषण दूर करने के लिए चावल फोर्टिफिकेशन प्रोग्राम

कुपोषण एक गंभीर समस्या है, जिसे दूर करने के लिए चावल फोर्टिफिकेशन की घोषणा की गई थी। इस कार्यक्रम के एक वर्ष पूरे हो गये हैं। चावल फोर्टिफिकेशन कार्यक्रम के चरण-2 में लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (TPDS) के तहत कुल 151 जिले (24 राज्यों में) फोर्टिफाइड चावल उठा चुके हैं। 1 अप्रैल, 2022 से शुरू हुए इस चरण के तहत राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा लगभग 6.83 LMT चावल वितरित किया गया है। फोर्टिफाइड राइस का मतलब है, पोषण युक्त चावल। इसमें आम चावल की तुलना में आयरन, विटामिन बी-12 और फॉलिक एसिड ज्यादा होता है। इसके अलावा जिंक, विटामिन ए, विटामिन बी वाले फोर्टिफाइड राइस भी तैयार किए जाते हैं। इन्हें आम चावलों में मिलाकर खाया जाता है। फूड सेफ्टी रेगुलेटर FSSAI के मुताबिक, इन्हें खाने से भोजन में पोषक तत्वों की मात्रा बढ़ जाती है और स्वास्थ्य अच्छा रहता है। केंद्र प्रायोजित यह पायलट योजना 2019 से लेकर अगले 3 साल तक की अवधि के लिए लागू की गई थी।

चरण-I के तहत मार्च, 2022 तक पूरे भारत में आईसीडीएस (एकीकृत बाल विकास सेवाएं) और प्रधानमंत्री पोषण को कवर किया गया और लगभग 17 लाख मीट्रिक टन फोर्टिफाइड राइस वितरित किए गए। योजना का दूसरा चरण अप्रैल 2022 में शुरू हुआ है, जिसके लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) के माध्यम से फोर्टिफाइड चावल के वितरण के दूसरे चरण के तहत 90 लाख मीट्रिक टन फोर्टिफाइड चावल का उत्पादन पहले ही किया जा चुका है। दूसरे चरण को पूरा करने का लक्ष्य 2023 तक है। इस बीच सभी आकांक्षी और भारी मांग वाले कुल 291 जिलों को कवर किया जाएगा। इसके अलावा इसके तीसरे चरण में मार्च 2024 तक दूसरे चरण के तहत आने वाले इन जिलों के साथ बाकी जिलों को भी कवर किया जाएगा।

- रश्मि रंजन

(लेखिका, समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए - सामान्य अध्ययन

1. ग्रीन पार्क स्टेडियम कहाँ पर स्थित है?
(अ) कानपुर (ब) मुंबई
(स) कोलकाता (द) चेन्नई
उत्तर- (अ) कानपुर।

2. अंतर्राष्ट्रीय बीज भंडार कहाँ पर स्थित है?
(अ) नॉर्वे (ब) स्वीडन
(स) डेनमार्क (द) फिलिपींस
उत्तर- (अ) नॉर्वे।

3. प्रभाष जोशी पुरस्कार किस खेल विधा हेतु प्रदान किया जाता है?
(अ) बैडमिंटन (ब) हॉकी
(स) तैराकी (द) मलखंब
उत्तर- (द) मलखंब।

4. 'केम्पोस' नामक घास भूमि निम्नलिखित में से किस देश में पाई जाती है?
(अ) ब्राजील (ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) यूक्रेन (द) न्यूजीलैंड
उत्तर- (अ) ब्राजील।

5. निम्नलिखित में से किस मंदिर का निर्माण द्रविड़ शैली में हुआ है?
(अ) वृहदेश्वर मंदिर
(ब) कंदरिया महादेव
(स) दिलवाड़ा मंदिर
(द) दशावतार मंदिर
उत्तर- (अ) वृहदेश्वर मंदिर।

6. निम्न में अमृत क्रांति का संबंध किस क्षेत्र से है?
(अ) नदियों को जोड़ने की योजना
(ब) तिलहन उत्पादन
(स) कृषि उत्पादन दोगुना करना
(द) खनिज तेल
उत्तर- (अ) नदियों को जोड़ने की योजना।

7. स्वतंत्रता के पश्चात देश की पहली औद्योगिक नीति कब लाई गई थी?
(अ) 10 अप्रैल 1949
(ब) 6 अप्रैल 1948
(स) 18 अप्रैल 1950
(द) 8 दिसंबर 1953
उत्तर- (ब) 6 अप्रैल 1948

8. द्वितीय पंचवर्षीय योजना किस मॉडल पर आधारित थी?
(अ) डोमर संवृद्धि मॉडल
(ब) डी.पी. धर मॉडल
(स) पी.सी. महालनोबिस मॉडल
(द) व्यापक आगत-निर्गत मॉडल
उत्तर- (स) पी.सी. महालनोबिस मॉडल।

9. राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार अधिनियम कब पारित हुआ?
(अ) 2004 (ब) 2005
(स) 2007 (द) 2008
उत्तर- (ब) 2005

10. विटीकल्चर का संबंध है?
(अ) वनों का संरक्षण
(ब) अंगूर का उत्पादन
(स) रेशम उत्पादन
(द) शहद उत्पादन
उत्तर- (ब) अंगूर का उत्पादन।

11. भारत में वर्तमान में महारत्न कंपनियों की संख्या कितनी है?
(अ) 9 (ब) 10
(स) 11 (द) 12
उत्तर- (स) 11

12. भारतीय रिजर्व बैंक के ओपन मार्केट ऑपरेशन से आशय है?
(अ) सिक्योरिटीज में व्यापार करना
(ब) सोने का व्यापार
(स) विदेशी मुद्रा की नीलामी करना
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (अ) सिक्योरिटीज में व्यापार करना।

13. विभिन्न नदियों और उनके उद्गम स्थान के संबंध में कौनसा सुमेलित नहीं है?
(अ) सोन - अमरकंटक
(ब) बेतवा - कुमारगाँव (रायसेन)
(स) कालीसिंध - काकरी बरड़ी (इंदौर)
(द) ताप्ती - मुल्ताई
उत्तर- (स) कालीसिंध - काकरी बरड़ी (इंदौर)।

14. भारतीय वन प्रबंधन संस्थान कहाँ पर स्थित है?
(अ) भुवनेश्वर (ब) देहरादून
(स) हैदराबाद (द) भोपाल
उत्तर- (द) भोपाल।

15. 'समय के पाँव' किसकी कृति है?
(अ) सुभद्रा कुमारी चौहान
(ब) भवभूति
(स) माखनलाल चतुर्वेदी
(द) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'
उत्तर- (स) माखनलाल चतुर्वेदी।

16. छीपा शिल्प किस जिले में प्रसिद्ध है?
(अ) ग्वालियर (ब) सतना
(स) उज्जैन (द) पन्ना
उत्तर- (स) उज्जैन।

17. लारूकाज उत्सव कौनसी जनजाति द्वारा मनाया जाता है?
(अ) भील (ब) गोंड
(स) बैगा (द) सहरिया
उत्तर- (ब) गोंड।

18. मध्यप्रदेश के किस जिले में रेलवे स्लीपर बनाने का कारखाना स्थित है?
(अ) भोपाल (ब) सतना
(स) जबलपुर (द) सीहोर
उत्तर- (द) सीहोर।

19. आगासौद (बीना) तेल शोधक रिफायनरी किस देश के सहयोग से बनी है?
(अ) ओमान (ब) ईरान
(स) जापान (द) कुवैत
उत्तर- (अ) ओमान।

20. विक्रम पुरस्कार की स्थापना किस वर्ष की गई थी?
(अ) 1988 (ब) 1990
(स) 1992 (द) 1994
उत्तर- (ब) 1990

21. निम्नलिखित में से कौन मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की पहली महिला न्यायाधीश थीं?
(अ) लता श्रीवास्तव
(ब) लता वानखेड़े
(स) सरोजनी सक्सेना
(द) निर्मला बुच
उत्तर- (स) सरोजनी सक्सेना।

22. वह दर जिस पर बैंक, रिजर्व बैंक से उधार लेती है, कहलाती है?
(अ) रेपो दर
(ब) बैंक दर
(स) रिवर्स रेपो दर
(द) ब्याज दर
उत्तर- (अ) रेपो दर।

23. मध्यप्रदेश में 'एग्रो कॉम्प्लेक्स' कहाँ पर स्थित है?
(अ) रायसेन (ब) सागर
(स) छिंदवाड़ा (द) इंदौर
उत्तर- (स) छिंदवाड़ा।

24. पॉजिट्रॉन की खोज किसने की थी?
(अ) चैडविक
(ब) कार्ल.डी. एण्डरसन
(स) पाउली
(द) एच. युकावा
उत्तर- (ब) कार्ल.डी. एण्डरसन।

25. निषेचन के बिना फल के विकास को क्या कहा जाता है?
(अ) गैमिटोगैमी
(ब) पार्थेनेकॉपी
(स) हाइब्रिडोजेनेसिस
(द) एपोमिक्सिस
उत्तर- (ब) पार्थेनेकॉपी।

26. निम्नलिखित में से कौन रासायनिक उर्वरक नहीं है?
(अ) यूरिया
(ब) सोडियम सल्फेट
(स) सुपर फास्फेट
(द) पोटेशियम नाइट्रेट
उत्तर- (ब) सोडियम सल्फेट।

27. मानव त्वचा का सबसे बाहरी हिस्सा कहलाता है -
(अ) एपिडर्मिस (ब) हाइपोडर्मिस
(स) डर्मिस (द) नर्व फाइबर
उत्तर- (अ) एपिडर्मिस।

28. गरम शीशे को धीरे-धीरे ठंडा करने की प्रक्रिया कहलाती है -
(अ) एनीलिंग
(ब) ह्यूमिडिफाइंग
(स) कन्डन्सेशन
(द) डीकैंटेशन
उत्तर- (अ) एनीलिंग।

29. विदेसिया गायन मध्यप्रदेश के किस क्षेत्र में गाया जाता है?
(अ) बघेलखंड (ब) निमाड़
(स) मालवा (द) बुंदेलखंड
उत्तर- (अ) बघेलखंड।

30. पदार्थ का परमाण्विक सिद्धांत सर्वप्रथम किसने प्रतिपादित किया था?
(अ) जॉन डाल्टन (ब) रदर फोर्ड
(स) रॉबर्ट बॉयल (द) नील्स बोर
उत्तर- (अ) जॉन डाल्टन।

(शेष अगले पृष्ठ पर)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न - हिन्दी

निर्देश :- निम्नलिखित काव्यांशों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए-

(1) नीलांबर परिधान हरित पट पर सुन्दर है, सूर्य चन्द्र युग-मुकुट मेखला रत्नाकर है, नदियां प्रेम-प्रवाह, फूल तारे मंडल है, वंदी जन खग-वृंद शेष पुन सिंघासन है, करते अभिषेक पयोद है, बलिहारी इस देश की, हे मातृभूमि! तू सत्य ही, सगुण मूर्ति सर्वेश की जिसकी रज में लोट-लोटकर बड़े हुए हैं, घुटनों के बल सरक-सरक कर खड़े हुए हैं, परमहंस सम बाल्यकाल में सब सुख पाए, शुचि-सुधा सींचता-रात में, तुझ पर चन्द्र प्रकाश है हे मातृभूमि! दिन में तरणि, करता तमु का नाश है-

1. नीलाम्बर में किस समास का प्रयोग है?
(A) बहुब्रीहि समास
(B) कर्मधारय समास
(C) तत्पुरुष समास
(D) अव्ययी भाव समास
उत्तर - (B) कर्मधारय समास

2. 'रत्नाकर' का सही संधि विच्छेद है?
(A) रत्न + आकर
(B) रत्ना + कर
(C) र + आकार
(D) रत्न + कर
उत्तर - (A) रत्न + आकर

3. इस कविता में किसकी वंदना की गई है?
(A) मातृभूमि की
(B) परमहंस की
(C) नदियों की
(D) रत्नाकर की
उत्तर - (A) मातृभूमि की

4. 'शुचि सुधा सींचता' में किस अलंकार का प्रयोग है?
(A) उपमा (B) अनुप्रास
(C) रूपक (D) श्लेष
उत्तर - (B) अनुप्रास अलंकार

5. 'परमहंस सम' में किस अलंकार का प्रयोग है?
(A) श्लेष (B) रूपक
(C) अनुप्रास (D) उपमा
उत्तर - (D) उपमा अलंकार

(2) ऋषि-मुनियों, साधु-संतों को नमन, उन्हें मेरा अभिनंदन जिनके तप से पूत हुई है, भारत देश की स्वर्णिम माटी। जिनके श्रम से चली आ रही, युग-युग से अविरल परिपाटी। जिनके संयम से शोभित है, जन-जन के माथे पर चंदन। कठिन आत्म-मंथन के हित जो असि-धारा पर चलते हैं पर प्रकाश हित पिघल-पिघल कर, मोम दीप-सा जलते हैं। जिनके उपदेशों को सुनकर, संवर जाए जन-जन का जीवन उनके ही आशीष, शुभेच्छा, पाने को करता पद-वंदन

6. कवि किसको नमन करता है?
(A) ऋषि-मुनियों को
(B) साधु-संतों को
(C) A और B दोनों को
(D) किसी की नहीं
उत्तर - (C) A और B दोनों को

7. ऋषि-मुनियों और साधु-संतों ने भारत-भूमि को कैसा बताया है?
(A) पवित्र (B) स्वर्णिम
(C) अविरल (D) तपी
उत्तर - (B) स्वर्णिम

8. 'मोम-दीप-सा' में किस अलंकार का प्रयोग है?
(A) अनुप्रास (B) उपमा
(C) यमक (D) श्लेष
उत्तर - (B) उपमा अलंकार

9. 'असि-धाट' पर चलना क्या है?
(A) तलवार की धार पर चलना
(B) कठिन मार्ग पर चलना
(C) आत्ममंथन करना
(D) धूप में चलना
उत्तर - (B) कठिन मार्ग पर चलना

10. 'शुभेच्छा' शब्द का संधि विच्छेद है?
(A) शुभ + इच्छा
(B) शुभा + इच्छा
(C) शु + भेच्छा
(D) शुभे +च्छा
उत्तर - (A) शुभ + इच्छा

11. रस का सर्वप्रथम विस्तृत शास्त्रीय विवेचन किसने किया?
(A) भट्टलोल्लट
(B) भरतमुनि
(C) शंकुक
(D) राज शेखर
उत्तर - (B) भरतमुनि

12. वह सर्वप्रथम ग्रंथ कौनसा है जिसमें रस-संबंधी विचार विस्तार के साथ उपलब्ध होते हैं?
(A) नाट्यशास्त्र
(B) दश रूपक
(C) भाव प्रकाश
(D) नाट्य दर्पण
उत्तर - (A) नाट्यशास्त्र

13. संचारी भाव की संख्या है?
(A) 28 (B) 32
(C) 33 (D) 35
उत्तर - (C) 33

14. एक कबूतर देख हाथ में पूछा कहां अपर है, उसने कहा अपर कैसा, उड़ है गया सपर है, उपर्युक्त छंद में कौनसा अलंकार है?
(A) वीप्सा (B) वक्रोक्ति
(C) श्लेष (D) उपमा
उत्तर - (B) वक्रोक्ति

15. किसे 'व्याभिचारी भाव' कहा जाता है?
(A) स्थायी भाव
(B) विभाव
(C) संचारी भाव
(D) अनुभाव
उत्तर - (C) संचारी भाव

16. 'अपने गुरुजी पर क्रोध करना' कहा जाएगा?
(A) भावाभास
(B) भावोदय
(C) भाव-संधि
(D) भाव-शबलता
उत्तर - (A) भावाभास

17. 'घिग्घी बंध जाना' किस रस का अनुभाव माना जाएगा?
(A) वीर रस
(B) भयानक रस
(C) रौद्र रस
(D) हास्य रस
उत्तर - (B) भयानक रस

18. जहां एक ही शब्द के अनेक अर्थ व्यंजित हों, तो वहां कौनसा अलंकार होता है?
(A) यमक (B) श्लेष
(C) उत्प्रेक्षा (D) रूपक
उत्तर - (B) श्लेष अलंकार

19. निम्नलिखित में से कौनसा रीतिकालीन कवि सर्वाधिक अलंकारवादी रहा है?
(A) केशवदास (B) देव
(C) भिखारीदास (D) पदमाकर
उत्तर - (A) केशवदास

20. 'सिय मुख सुन्दर चन्द्र समाना' में साधारण धर्म का निर्धारण कीजिए?
(A) समाना (B) सुन्दर
(C) मुख (D) चन्द्र
उत्तर - (B) सुन्दर

21. निम्नलिखित में से रूपक अलंकार का उदाहरण होगा?
(A) साधु ऊंचे शैल-सम किन्तु प्रकृति सुकुमार।
(B) वे दो ओंठ न ये, राधे था एक फटा उर तेरा।
(C) प्यासी मछली-सी आंखें, थीं विकल रूप के जल में।
(D) हमको जीवित करने आई वन स्वतंत्रता नारी थी।
उत्तर - (C) प्यासी मछली-सी आंखें थीं विकल रूप के जल में।

22. निम्नलिखित पद में कौनसा अलंकार होगा "था स्वप्न या मति-भ्रम, माया कि हाय छल था, या दृश्यमान मेरा यह अल्प पुण्य-फल था?
(A) भ्रांतिमान (B) सन्देह
(C) उल्लेख (D) दृष्टान्त
उत्तर - (B) सन्देह अलंकार

23. 'डूब रहा राधा दृगंबु में है ब्रज कहां गए हरि आज' इस उदाहरण में अलंकार निर्धारण कीजिए?
(A) अतिश्योक्ति (B) अत्युक्ति
(C) समासोक्ति (D) अन्योक्ति
उत्तर - (B) अत्युक्ति

24. उस अलंकार को क्या कहते हैं जिसमें दो परस्पर भिन्न वाक्यों में भाव-साम्य के कारण एकता का आरोप किया जाता है?
(A) निदर्शना (B) प्रतीप
(C) असंगति (D) एकावली
उत्तर - (A) निदर्शना

25. "रुदन का हंसना ही तो गान" में अलंकार का निर्धारण कीजिए?
(A) विभावना (B) विरोधाभास
(C) असंगति (D) दीपक
उत्तर - (B) विरोधाभास अलंकार

26. "देखो दो-दो मेघ बरसते, मैं प्यासी-की-प्यासी" में कौनसा अलंकार है?
(A) विशेषोक्ति
(B) विभावना
(C) पुनरुक्ति प्रकाश
(D) अनुप्रास
उत्तर - (A) विशेषोक्ति अलंकार

27. निम्न में से सही अलंकार का उदाहरण का चयन कीजिए?
(A) बिनु पद चलै सुनै बिनु काना-विभावना अलंकार।
(B) अब नभ उगलेगा आग का एक गोला-रूपक अलंकार।
(C) सखी हंसती भी रोती है- असंगति अलंकार।
(D) रहिमन फाटे दूध को मथेन माखन होय- उदाहरण अलंकार।
उत्तर - (A) बिनु पद चलै सुनै बिनु काना-विभावना अलंकार।

28. "जब कोई पदार्थ किसी भाव या विचार का स्वीकृत उपलक्षण या संकेत बन जाता है तो वह कहलाता है?
(A) बिम्ब (B) प्रतीक
(C) फैन्टेसी (D) अन्योक्ति
उत्तर - (B) प्रतीक

निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में अलंकार पहचान कर सही नाम लिखें :-

29. 'पीपर पात सरिस मन डोला'?
(A) अनुप्रास (B) यमक
(C) उपमा (D) श्लेष
उत्तर - (C) उपमा अलंकार

30. 'मेघ-आए बड़े बन ठन के संवर के'?
(A) उपमा (B) रूपक
(C) श्लेष (D) मानवीकरण
उत्तर - (D) मानवीकरण अलंकार

31. तीन-बेर खाती थी, वह तीन बेर खाती है?
(A) यमक (B) श्लेष
(C) उत्प्रेक्षा (D) अनुप्रास
उत्तर - (A) यमक अलंकार

32. अंबर पनघट में डुबो रही, तारा-घट ऊषा नागरी?
(A) उपमा (B) रूपक
(C) श्लेष (D) यमक
उत्तर - (B) रूपक अलंकार

33. 'तू मोहन के उरबासी, है उरबासी समान?
(A) अनुप्रास (B) उपमा
(C) यमक (D) मानवीकरण
उत्तर - (C) यमक अलंकार

34. "जनु अशोक अंगार दीन्ह मुद्रिका डारी तब"?
(A) रूपक (B) उत्प्रेक्षा
(C) उपमा (D) अनुप्रास
उत्तर - (B) उत्प्रेक्षा अलंकार

35. छंद की हर पंक्ति को चरण या..... कहा जाता है?
(A) पाद (B) गति
(C) यति (D) गण
उत्तर - (A) पाद

36. निम्न पंक्तियां किस छंद की हैं सुखी मीन जे नीर अगाधा, जिमी हरिशरण ने एकउ बाधा?
(A) दोहा (B) सोरठा
(C) चौपाई (D) रोला
उत्तर - (C) चौपाई

37. शांत रस की उत्पत्ति कब होती है?
(A) संसार से वैराग्य होने पर
(B) क्रोध भाव दर्शाने के बाद
(C) घोर विनाश के पश्चात्
(D) भय की स्थिति उत्पन्न होने पर
उत्तर - (A) संसार से वैराग्य होने पर

38. 'सिर पर बैठो काग' आंख दोऊ खात निकारत। खींचहिं जीभाहिं सियार, अति आनंदउर धारत" इन पंक्तियों में कौनसा रस है?
(A) भयानक (B) अद्‌भुत
(C) वीभत्स (D) वीर
उत्तर - (C) वीभत्स रस

39. जिस छंद में वार्णिक या मात्रिक प्रतिबंध न हो, वह छंद क्या कहलाता है?
(A) वार्णिक छंद
(B) मात्रिक छंद
(C) मुक्त छंद
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (C) मुक्त छंद

40. छंद का सर्वप्रथम उल्लेख कहां मिलता है?
(A) ऋग्वेद (B) यजुर्वेद
(C) सामवेद (D) उपनिषद
उत्तर - (A) ऋग्वेद में

41. छंद को पढ़ते समय आने वाले विराम को क्या कहते हैं?
(A) गति (B) यति
(C) तुक (D) गण
उत्तर - (B) यति

42. जिस छंद में चार चरण और प्रत्येक चरण में 16 मात्राएं होती हैं, उस छंद को क्या कहते हैं?
(A) दोहा छंद (B) सोरठा छंद
(C) रोला छंद (D) चौपाई छंद
उत्तर - (D) चौपाई छंद

43. छंद से संबंधित गणों की सही संख्या है?
(A) 6 (B) 8
(C) 12 (D) 15
उत्तर - (B) 8

44. मात्रा की दृष्टि से दोहा के ठीक विपरीत होता है?
(A) रोला (B) छप्पय
(C) चौपाई (D) सोरठा
उत्तर - (D) सोरठा

45. वार्णिक छंदों में किसका विचार होता है?
(A) वर्ण का
(B) मात्रा और वर्ण का
(C) मात्रा का
(D) वर्ण और गुरु का
उत्तर - (A) वर्ण का

डॉ. राममनोहर उपाध्याय
(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) के जनसंचार विभाग में अतिथि शिक्षक हैं)

(पिछले पृष्ठ का शेष)

31. तड़ित चालक का आविष्कार किसने किया था?
(अ) ग्राहम बेल
(ब) लॉर्ड लिस्टर
(स) आइन्सटीन
(द) बेंजामिन फ्रेंकलिन
उत्तर- (द) बेंजामिन फ्रेंकलिन।

32. किसान क्रेडिट कार्ड योजना की शुरुआत किस वर्ष की गई थी?
(अ) 1996 (ब) 1998
(स) 1997 (द) 2000
उत्तर- (ब) 1998

33. क्लाउडेड लेपर्ड नेशनल पार्क किस राज्य में स्थित है?
(अ) मणिपुर (ब) मेघालय
(स) त्रिपुरा (द) असम
उत्तर- (स) त्रिपुरा।

34. महावेली गंगा किस देश की सबसे लंबी नदी है?
(अ) नेपाल (ब) बांग्लादेश
(स) श्रीलंका (द) म्यांमार
उत्तर- (स) श्रीलंका।

35. परमाणु ऊर्जा आयोग की स्थापना किस वर्ष हुई थी?
(अ) 1946 (ब) 1948
(स) 1949 (द) 1950
उत्तर- (ब) 1948

36. पेंच जल विद्युत परियोजना किन दो राज्यों की संयुक्त परियोजना है?
(अ) मध्यप्रदेश - महाराष्ट्र
(ब) मध्यप्रदेश - बिहार
(स) मध्यप्रदेश - उत्तरप्रदेश
(द) मध्यप्रदेश - राजस्थान
उत्तर- (अ) मध्यप्रदेश - महाराष्ट्र।

37. निम्नलिखित में से किस वर्ष e-NAM (राष्ट्रीय कृषि बाजार) का शुभारंभ किया गया था?
(अ) 14 अप्रैल 2016
(ब) 18 सितंबर 2018
(स) 20 अप्रैल 2017
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (अ) 14 अप्रैल 2016

38. किस देश के मूल निवासी 'एबोरिजिन्स' कहलाते हैं?
(अ) ऑस्ट्रेलिया (ब) अमेरिका
(स) नाइजीरिया (द) रूस
उत्तर- (अ) ऑस्ट्रेलिया।

39. कृषि लागत एवं मूल्य आयोग की स्थापना कब की गई थी?
(अ) 1963 (ब) 1965
(स) 1968 (द) 1969
उत्तर- (ब) 1965

40. दुष्यंत कुमार पांडुलिपि संग्रहालय कहां पर स्थित है?
(अ) इंदौर
(ब) भोपाल
(स) सागर
(द) उज्जैन
उत्तर- (ब) भोपाल।

41. विश्व का तीसरा तथा एशिया का प्रथम लेजर किरण अनुसंधान संस्थान कहाँ है?
(अ) बेंगलुरू (ब) इंदौर
(स) भोपाल (द) दिल्ली
उत्तर- (ब) इंदौर।

42. ऊष्मागतिकी का प्रथम नियम किस अवधारणा की पुष्टि करता है?
(अ) ऊर्जा संरक्षण
(ब) ताप संरक्षण
(स) कार्य संरक्षण
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (अ) ऊर्जा संरक्षण।

43. अम्ल वर्षा का pH मान कितना होता है?
(अ) 5.5 या उससे कम
(ब) 7
(स) 8.5 या उससे ज्यादा
(द) 10.5 या उससे ज्यादा
उत्तर- (अ) 5.5 या उससे कम।

44. विषाणुओं में होता है -
(अ) केवल DNA
(ब) केवल RNA
(स) या तो DNA या तो RNA
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (स) या तो DNA या तो RNA

45. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय कहां स्थित है?
(अ) अहमदाबाद (ब) नागपुर
(स) दिल्ली (द) भोपाल
उत्तर- (द) भोपाल।

- कृतिका जावरिया
(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित विषयों पर लेखन करती हैं।)

मनोज प्रभाकर बने नेपाल क्रिकेट टीम के कोच

नई दिल्ली, नेपाल क्रिकेट बोर्ड ने भारत के पूर्व ऑलराउंडर मनोज प्रभाकर



को नेपाल क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। मनोज श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर पुबुदु दासनायके की जगह लेंगे। दासनायके जुलाई, 2022 में अपने पद से इस्तीफा देकर कनाडा की राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच बन गये थे। मनोज प्रभाकर पहले भी कोच की भूमिका निभा चुके हैं। मनोज इससे पहले दिल्ली क्रिकेट टीम के गेंदबाजी कोच तथा राजस्थान क्रिकेट टीम के मुख्य कोच रह चुके हैं। वर्ष 2016 के आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप में मनोज अफगानिस्तान की क्रिकेट टीम के गेंदबाजी कोच थे। मनोज प्रभाकर ने भारत के लिये 39 टेस्ट और 130 वन-डे अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं। मनोज बेहतरीन ऑलराउंडर के रूप में पहचाने जाते हैं। मनोज ने टेस्ट में 96 विकेट तथा वन-डे में 157 विकेट के अलावा टेस्ट में 1600 रन तथा वन-डे में 1858 रन भी बनाये हैं।

पी.वी. सिंधु बैडमिंटन विश्व चैंपियन से हुई बाहर

नई दिल्ली, भारत की स्टार महिला बैडमिंटन खिलाड़ी पी.वी. सिंधु इस महीने आयोजित होने वाली बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप से बाहर हो गई हैं। सिंधु राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान चोटिल हो गई थीं, जिसके कारण उन्होंने विश्व चैंपियनशिप से हटने का फैसला किया है। सिंधु ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों में क्वार्टर फाइनल के दौरान उन्हें पैर में दर्द महसूस हुआ था, एमआरआई स्कैन के दौरान सिंधु के बाएं पैर में स्ट्रेस फैक्चर की पुष्टि हुई है। सिंधु ने चोटिल होने के बावजूद राष्ट्रमंडल खेलों में बैडमिंटन की महिला एकल स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। सिंधु का विश्व चैंपियनशिप में रिकॉर्ड काफी शानदार रहा है। सिंधु ने वर्ष 2019 में बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। सिंधु इस टूर्नामेंट में एक रजत और दो कांस्य पदक भी जीत चुकी हैं।

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मेग लेनिंग ने क्रिकेट से लिया ब्रेक

सिडनी, ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मेग लेनिंग ने क्रिकेट से अनिश्चितकालीन ब्रेक लेने का फैसला किया है। उन्होंने ब्रेक लेने की वजह निजी कारणों को बताया है। मेग लेनिंग ने कहा कि कुछ वर्षों की व्यस्तता के बाद मैंने खुद पर ध्यान केंद्रित करने के लिये क्रिकेट से कदम पीछे हटाने का फैसला किया है। लेनिंग की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया ने पिछले कुछ वर्षों में काफी कामयाबी हासिल की है। लेनिंग की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया ने हाल ही में राष्ट्रमंडल खेलों में महिला क्रिकेट में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने अपनी कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया को वर्ष 2020 में ट्वेंटी-20 विश्वकप तथा वर्ष 2022 में वन-डे विश्वकप चैंपियन बनाया था। लेनिंग वर्ष 2014 में ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम की कप्तान बनी थीं।

आईसीसी ने

अगले पांच वर्षों के लिये जारी किया एफटीपी

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने वर्ष 2023 से लेकर 2027 तक के लिए पुरुष क्रिकेट का एफटीपी (फ्यूचर टूर प्रोग्राम) जारी कर दिया है। 2023 से 2027 की क्रिकेट साइकिल में पुरुष टीमें कुल मिलाकर 777 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलेंगी। इनमें 173 टेस्ट, 281 वन-डे और 323 ट्वेंटी-20 मैच शामिल हैं। ये सभी मैच आईसीसी इवेंट्स, द्विपक्षीय सीरीज और त्रिकोणीय सीरीज का हिस्सा होंगे। यह साइकिल पुरुष क्रिकेट के 12 सदस्य देशों के लिए हैं। पिछले क्रिकेट साइकिल की तुलना में इस बार 83 मैच बढ़ाए गए हैं। पिछले क्रिकेट साइकिल में कुल मैचों की संख्या 694 थी।

आईपीएल के लिए ढाई महीने की विंडो

आईसीसी ने इसके अलावा आईपीएल के लिए अलग से ढाई महीने की विंडो दी है। मार्च मध्य से लेकर मई के अंत तक का समय आईपीएल को दिया गया है। इस दौरान पांच वर्ष तक कोई अंतर्राष्ट्रीय मैच नहीं होगा।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में टेस्ट मैचों की संख्या भी बढ़ा दी गई है। वर्ष 2023 से एक टेस्ट सीरीज में मैचों की संख्या चार से बढ़ाकर पांच कर दी गई है। पिछली बार दोनों टीमें 1992 में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में भिड़ी थीं। ऑस्ट्रेलिया को अब 2023 से 2027 के बीच हर साल भारत और इंग्लैंड के खिलाफ तीनों फॉर्मेट में से कोई एक सीरीज खेलनी ही है। इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और भारत 2023 से 2027 के एफटीपी साइकिल के दौरान सबसे ज्यादा टेस्ट मैच खेलेंगे। इंग्लैंड 22, ऑस्ट्रेलिया 21 और भारत 20 टेस्ट खेलेगा।

अगले एफटीपी में भारत का शेड्यूल

भारत का एफटीपी साइकिल जुलाई-2023 में वेस्टइंडीज के दौरे से शुरू होगा। इस दौरे पर टीम इंडिया 2 टेस्ट, 3 वन-डे और 2 ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय सीरीज खेलेगी। इसके बाद दिसंबर 2023 में भारत दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर जाएगा। जनवरी 2024 में भारत इंग्लैंड के खिलाफ अपनी जमीन पर पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगा। 2024 के नवम्बर से लेकर जनवरी तक टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनके घर में सीरीज खेलेगी। इसके बाद टीम इंग्लैंड के खिलाफ जून 2025 में एक सीरीज खेलेगी। वहीं, 2027 के जनवरी-फरवरी में भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने घर में सीरीज खेलेगी।

अगले एफटीपी में आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के दो संस्करण खेले जाएंगे। इसके अलावा चार और आईसीसी टूर्नामेंट्स का आयोजन होगा। आईसीसी इवेंट्स की शुरुआत अगले वर्ष भारत में होने वाले वन-डे विश्वकप से होगी। इसके बाद 2024 में वेस्टइंडीज और अमेरिका ट्वेंटी-20 विश्वकप की मेजबानी करेंगे। 2025 में पाकिस्तान की मेजबानी में चैंपियंस ट्रॉफी खेली जाएगी। इसके बाद भारत और श्रीलंका संयुक्त रूप से 2026 में ट्वेंटी-20 विश्वकप की मेजबानी करेंगे। 2027 में दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया की संयुक्त मेजबानी में वन-डे वर्ल्डकप खेला जाएगा।

पहली बार महिला क्रिकेट का एफटीपी जारी

आईसीसी ने पहली बार महिला फ्यूचर टूर प्रोग्राम (एफटीपी) की घोषणा की। इसमें अगले 3 वर्षों (यानी मई 2022 से अप्रैल 2025 तक) में खेल के तीनों फॉर्मेट्स में 10 टीमों के द्विपक्षीय अंतर्राष्ट्रीय दौरे शामिल हैं। कुल मिलाकर, उपरोक्त अवधि के दौरान 301 अंतर्राष्ट्रीय महिला मुकाबले खेले जाएंगे। इसमें 7 टेस्ट, 135 एकदिवसीय और 159 ट्वेंटी-20 इंटरनेशनल मैच शामिल हैं।

विदेशी क्रिकेट लीग में हिस्सा नहीं ले सकेंगे भारतीय खिलाड़ी

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय खिलाड़ियों के विदेशी क्रिकेट लीगों में शामिल होने पर पाबंदी लगा दी है। बीसीसीआई ने एक आदेश जारी कर कहा कि भारतीय खिलाड़ी विदेशी लीग में शामिल नहीं हो सकते। अगर किसी खिलाड़ी को विदेशों में जाना है, तो उसे सभी फॉर्मेट के साथ आईपीएल से भी संन्यास लेना होगा। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने बताया कि भारत का कोई भी खिलाड़ी विदेशी लीग में हिस्सा नहीं ले सकता है। विदेशी लीग में खेलने के लिये उसे सभी फॉर्मेट से संन्यास लेना होगा। अगर कोई खिलाड़ी विदेशी लीग में शामिल होता है, तो उसके बीसीसीआई के साथ संबंध खत्म हो जायेंगे।

आयरलैंड के बल्लेबाज केविन ओ ब्रायन ने लिया संन्यास

डबलिन, आयरलैंड के दिग्गज ऑलराउंडर केविन ओ ब्रायन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। केविन ने सोशल मीडिया के जरिये संन्यास लेने की घोषणा की। केविन ने अपने अंतर्राष्ट्रीय कॅरियर में अविश्वसनीय समर्थन के लिये प्रशंसकों का आभार जताया। केविन ने वर्ष 2006 में इंग्लैंड के खिलाफ वन-डे मैच से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखा था, वहीं आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच अक्टूबर, 2021 में नामीबिया के खिलाफ खेला था। केविन ने आयरलैंड के लिये 153 वन-डे मैचों में 3619 रन, 110 ट्वेंटी-20 मैचों में 1973 तथा 3 टेस्ट मैचों में 258 रन बनाये हैं। केविन ने 114 वन-डे तथा 58 ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय विकेट भी झटके हैं।

फीफा ने भारत से छीनी अंडर-17 महिला विश्वकप की मेजबानी

लुसाने, इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एसोसिएशन फुटबॉल (फीफा) ने ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया है। फीफा ने बताया कि नियमों के उल्लंघन की वजह से यह फैसला किया गया। इसके साथ ही फीफा ने भारत से इस वर्ष आयोजित होने वाले फीफा अंडर-17 महिला विश्वकप की मेजबानी भी वापस ले ली है।

भारत को अक्टूबर 2022 में होने वाले अंडर-17 महिला विश्वकप की मेजबानी के अधिकार प्राप्त थे। यह टूर्नामेंट 2021 में होना था, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण स्थगित कर दिया गया। फीफा ने कहा कि निलंबन का मतलब है कि फीफा अंडर-17 महिला विश्वकप 2022 जो भारत में 11-30 अक्टूबर तक होना था, वो इस समय भारत में आयोजित नहीं हो सकता है। फीफा टूर्नामेंट के संबंध में अगले कदम की जांच करेगा और या जब जरूरी हुआ तो यह मामला परिषद के ब्यूरो को सौंपा जायेगा। फीफा ने एआईएफएफ को अगस्त महीने की शुरुआत में ही थर्ड पार्टी के हस्तक्षेप को लेकर सस्पेंशन की चेतावनी दी थी। लेकिन अब उसने बयान में बताया कि सभी की सहमति के बाद सस्पेंशन का निर्णय लिया गया है।

फीफा ने कहा कि फीफा परिषद के ब्यूरो ने सर्वसम्मति से अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को तीसरे पक्ष के अनुचित प्रभाव के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का निर्णय लिया है, जो फीफा के नियमों का गंभीर उल्लंघन है।

सिमोना हालेप ने जीता कनाडा ओपन खिताब

टोरंटो, रोमानिया की स्टार टेनिस खिलाड़ी सिमोना हालेप ने नेशनल बैंक ओपन (कनाडा ओपन) का खिताब अपने नाम किया है। हालेप ने टूर्नामेंट के फाइनल में ब्राजील की बीट्रिज हद्दाद मायिया को कड़े मुकाबले में 6-3, 2-6, 6-3 से हराया।

फाइनल मुकाबले में पहले सेट में बीट्रिज ने हालेप पर एक समय 3-0 की बढ़त ले ली थी। इसके बाद हालेप ने जबरदस्त वापसी कर लगातार 6 गेम जीतकर सेट अपने नाम किया है। दूसरे सेट में बीट्रिज ने एक बार फिर वापसी की। बीट्रिज ने 4-0 की बढ़त लेकर हालेप पर दबाव बनाया। इसके बाद हालेप ने 2 गेम जीतकर 4-2 का स्कोर किया, वहीं बीट्रिज ने 2 गेम जीतकर दूसरा सेट 6-2 से अपने नाम किया। तीसरे सेट में हालेप ने शुरुआत से बीट्रिज पर दबाव बनाते हुये लगातार अंक अर्जित कर बीट्रिज पर 6-3 से जीत दर्ज कर खिताब पर कब्जा जमाया।

पुरुष वर्ग में बुस्टा बने चैंपियन

कनाडा ओपन में पुरुष एकल वर्ग का खिताब स्पेन के पाब्लो करेनो बुस्टा ने जीता। बुस्टा ने फाइनल में पोलैंड के हुर्बर्ट हुर्काज को 3-6, 6-3, 6-3 से हराया। मैच में हुर्काज ने पहले सेट में बुस्टा को 6-3 से हराया, इसके बाद बुस्टा ने दूसरे सेट में वापसी कर 6-3 से जीत दर्ज की, तीसरे सेट में भी बुस्टा हुर्काज पर भारी पड़े।

- **सिमोना हालेप ने तीसरी बार जीता है कनाडा ओपन।**
- **हालेप वर्ष 2016 और 2018 में भी बनी हैं कनाडा ओपन चैंपियन।**

सेरेना विलियम्स

यूएस ओपन के बाद लेंगी टेनिस से संन्यास

न्यूयार्क, अमेरिका की दिग्गज महिला टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स जल्द ही टेनिस से संन्यास लेंगी। सेरेना ने कहा कि वे टेनिस से दूर हो रही हैं। उन्होंने इस महीने के अंत में शुरू होने वाले प्रतिष्ठित ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट यूएस के बाद टेनिस को अलविदा कहने की योजना बनाई है। सेरेना ने एक मैगजीन के लिये लिखे एक कॉलम में कहा कि वह अपने टेनिस कॅरियर के अंतिम मोड़ पर खड़ी हैं।

सेरेना ने कहा कि मुझे रिटायरमेंट शब्द कभी पसंद नहीं आया। मैं रिटायरमेंट शब्द को एक ट्रांजिशन के रूप में देख रही हूं, लेकिन इस बार मैं संवेदनशील होना चाहती हूं कि इस शब्द का उपयोग कैसे किया जाये। उन्होंने कहा कि जीवन में एक समय आता है, जब हमें एक अलग दिशा में आगे बढ़ने का फैसला करना होता है। अब मैं अगले पड़ाव के बारे में सोच रही हूं।

सेरेना काफी समय से खराब फॉर्म और फिटनेस से जूझ रही थीं। सेरेना ने चोट के बाद जून 2022 में टेनिस में वापसी

की, लेकिन उनका प्रदर्शन बेहद साधारण रहा। इसके बाद से उनके संन्यास लेने की अटकलें लगाई जाने लगी थीं। सेरेना ने अपना आखिरी ग्रैंड स्लैम खिताब वर्ष 2017 में ऑस्ट्रेलियन ओपन के रूप में जीता था, उसके बाद सेरेना ने बेटी को जन्म देने के लिये टेनिस से लंबा ब्रेक लिया था।

सेरेना विलियम्स अपने टेनिस कॅरियर में सात बार ऑस्ट्रेलियन ओपन, सात बार विम्बलडन, छह बार यूएस ओपन तथा तीन बार फ्रेंच ओपन खिताब जीत चुकी हैं। इसके अलावा सेरेना अपनी बड़ी बहन वीनस विलियम्स के साथ मिलकर 14 बार महिला युगल वर्ग में ग्रैंड स्लैम खिताब भी जीता है। सेरेना ने ओलिंपिक खेलों में चार बार टेनिस में स्वर्ण पदक भी जीता है। वर्ष 1995 में 16 वर्ष की उम्र में टेनिस में कदम रखने वाली सेरेना ने अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब वर्ष 1999 में जीता था।

- **सेरेना मार्गरेट कोर्ट (24) के बाद सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने वाली महिला टेनिस खिलाड़ी हैं।**
- **सेरेना विलियम्स ने अब तक 23 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं।**
- **सेरेना ने वर्ष 2003, 2005, 2007, 2009, 2010, 2015 और 2017 में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीता है।**
- **सेरेना वर्ष 2002, 2013 और 2015 में फ्रेंच ओपन चैम्पियन बनीं।**
- **सेरेना वर्ष 2002, 2003, 2009, 2010, 2012, 2015 और 2016 में विम्बलडन एकल खिताब जीता है।**
- **सेरेना के नाम वर्ष 1999, 2002, 2008, 2012, 2013 और 2014 में यूएस ओपन जीतने की उपलब्धि दर्ज है।**

बेलोन डि'ओर पुरस्कार की रेस से बाहर हुये मेसी

नियोन, अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम के कप्तान लियोनल मेसी बेलोन डि'ओर पुरस्कार की रेस से बाहर हो गये हैं। वर्ष के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर को दिये जाने वाले बेलोन डि'ओर पुरस्कार के लिये जारी की गई सूची में मेसी का नाम शामिल नहीं है। वर्ष 2005 के बाद यह पहला अवसर है, जब मेसी को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिये नामांकित खिलाड़ियों में शामिल नहीं किया गया है। मेसी ने रिकॉर्ड सात बार बेलोन डि'ओर पुरस्कार अपने नाम किया है। मेसी ने वर्ष 2009, 2010, 2011, 2012, 2015, 2019 और 2021 में यह पुरस्कार जीता है। मेसी ने पिछले वर्ष रॉबर्ट लेवानडोवस्की को पछाड़कर यह पुरस्कार हासिल किया था। इस वर्ष पुरस्कार के लिये 30 खिलाड़ी नामांकित किये गये हैं। इनमें क्रिस्टियानो रोनाल्डो, रॉबर्ट लेवानडोवस्की, करीम बेंजेमा, मोहम्मद सालाह, साडियो माने और हैरी केन जैसे दिग्गज खिलाड़ी शामिल हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

76वें स्वतंत्रता दिवस पर वैश्विक नेताओं ने दी बधाई

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ ही विश्व के अन्य नेताओं ने भारत की आज़ादी की 75वीं वर्षगांठ पर भारतीयों को बधाई दी। वैश्विक नेताओं ने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने का संकल्प लिया जिसने आश्चर्यजनक उपलब्धियां हासिल की हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि दोनों लोकतंत्र नियम आधारित व्यवस्था की रक्षा के लिए एक साथ खड़े रहेंगे, एक स्वतंत्र और मुक्त हिंद-प्रशांत की अवधारणा को आगे बढ़ाएंगे तथा दुनिया के समक्ष पैदा हुई चुनौतियों का समाधान करेंगे। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने एक अलग बयान में भारत के लोगों को बधाई दी। ब्लिंकन ने कहा, 'इस महत्वपूर्ण दिन पर, हम साझा लोकतांत्रिक मूल्यों को प्रदर्शित करते हैं और हम भारत के लोगों का सम्मान करते हैं जो मिलकर एक उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर रहे हैं।'

फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और भारत के लोगों को ट्विटर पर बधाई दी। मैक्रों ने ट्वीट किया, 'प्रिय मित्र नरेन्द्र मोदी, भारत के प्रिय लोगों, आपको स्वतंत्रता दिवस की बधाई! पिछले 75 वर्षों में भारत की शानदार उपलब्धियों का जश्न मनाते हुए आप फ्रांस पर भरोसा कर सकते हैं कि वह हमेशा आपके साथ खड़ा रहेगा। 'ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने अपने संदेश में कहा कि उनकी भारत यात्रा की बहुत अच्छी यादें हैं। अल्बनीज ने कहा कि वह सम्मान, दोस्ती और सहयोग की भावना से हमारी साझेदारी को गहरा करने के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ हैं।'

मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह ने कहा 'भारत अपनी आज़ादी की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है। सोलिह ने लिखा, 'मालदीव और भारत के बीच हमेशा गहरी दोस्ती रही है तथा यह हमारी इच्छा है कि भारत स्वतंत्रता, प्रगति और विविधता का प्रतीक बना रहे!' सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालकृष्णन ने भारत की आज़ादी की 75वीं वर्षगांठ पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर को शुभकामनाएं दीं और द्विपक्षीय संबंधों के लगातार मजबूत होने की उम्मीद जताई।

76वें स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर

राष्ट्रपति का राष्ट्र के नाम संदेश

भारत की माननीया राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने 76वें स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम संदेश देते हुए कहा कि भारत की आजादी हमारे साथ-साथ विश्व में लोकतंत्र के हर समर्थक के लिए उत्सव का विषय है। जब भारत स्वाधीन हुआ तो अनेक अंतर्राष्ट्रीय नेताओं और विचारकों ने हमारी लोकतान्त्रिक शासन प्रणाली की सफलता के विषय में आशंका व्यक्त की थी। उनकी इस आशंका के कई कारण भी थे। उन दिनों लोकतंत्र आर्थिक रूप से उन्नत राष्ट्रों तक ही सीमित था। विदेशी शासकों ने वर्षों तक भारत का शोषण किया था। इस कारण भारत के लोग गरीबी और अशिक्षा से जूझ रहे थे। लेकिन भारतवासियों ने उन लोगों की आशंकाओं को गलत साबित कर दिया। भारत की मिट्टी में लोकतंत्र की जड़ें लगातार गहरी और मजबूत होती गईं। अधिकांश लोकतान्त्रिक देशों में वोट देने का अधिकार प्राप्त करने के लिए महिलाओं को लंबे समय तक संघर्ष करना पड़ा था। लेकिन हमारे गणतंत्र की शुरुआत से ही भारत ने सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार को अपनाया। इस प्रकार आधुनिक भारत के निर्माताओं ने प्रत्येक वयस्क नागरिक को राष्ट्र-निर्माण की सामूहिक प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर प्रदान किया। भारत को यह श्रेय जाता है कि उसने विश्व समुदाय को लोकतंत्र की वास्तविक क्षमता से परिचित कराया। हमारे पास जो कुछ भी है वह हमारी मातृभूमि का दिया हुआ है। इसलिए हमें अपने देश की सुरक्षा, प्रगति और समृद्धि के लिए अपना सब कुछ अर्पण कर देने का संकल्प लेना चाहिए। हमारे अस्तित्व की सार्थकता एक महान भारत के निर्माण में ही दिखाई देगी। मैं भारत के सशस्त्र बलों, विदेशों में स्थित भारतीय मिशनों और अपनी मातृभूमि को गौरवान्वित करने वाले प्रवासी-भारतीयों को स्वाधीनता दिवस की बधाई देती हूं। मैं सभी देशवासियों के सुखद और मंगलमय जीवन के लिए शुभकामनाएं व्यक्त करती हूं।

● 76वें स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का संबोधन ●

विश्व भारत की तरफ गर्व से देख रहा है

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 76वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से अपने संबोधन में कहा कि आज का यह

- **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 76वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विश्व के राजनेताओं को उनकी बधाई और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद दिया।**

दिवस ऐतिहासिक दिवस है। एक पुण्य पड़ाव, एक नई राह, एक नये संकल्प और नये सामर्थ्य के साथ कदम बढ़ाने का यह शुभ अवसर है। आजादी के जंग में गुलामी का पूरा कालखंड संघर्ष में बीता है। हिन्दुस्तान का कोई कोना ऐसा नहीं था, कोई काल ऐसा नहीं था, जब देशवासियों ने सैकड़ों सालों तक गुलामी के खिलाफ जंग न किया हो। जीवन न खपाया हो, यातनाएं न झेली हो, आहुति न दी हो। आज हम सब देशवासियों के लिए ऐसे हर महापुरुष को, हर त्यागी को, हर बलिदानी को नमन करने का अवसर है। उनका ऋण स्वीकार करने का अवसर है और उनका स्मरण करते हुए उनके सपनों को जल्द से जल्द पूरा करने का संकल्प लेने का भी अवसर है।

हम वो लोग हैं जिसने दुनिया को वसुधैव कुटुम्बकम् का मंत्र दिया है। हम वो लोग हैं जिसने दुनिया का कल्याण देखा है, हम जग कल्याण से जन कल्याण के राही रहे हैं। जन कल्याण से जग कल्याण की राह पर चलने वाले हम लोग जब दुनिया की कामना करते हैं, तब कहते हैं- सर्वे भवन्तु सुखिनः। सर्वे सन्तु निरामयाः। सबके सुख की बात सबके आरोग्य की बात करना यह हमारी विरासत है। और इसलिए हम बड़ी शान के साथ हमारी इस विरासत का गर्व करना सीखें, यह प्रण शक्ति है हमारी, जो हमें 25 साल के सपने पूरा करने के लिए जरुरी है। हमें आत्मनिर्भर बनना है, हमारे एनर्जी सेक्टर में। आज प्राकृतिक खेती भी आत्मनिर्भर का एक मार्ग है। फर्टिलाइज़र से जितनी ज्यादा मुक्ति, आज देश में नेनो फर्टिलाइज़र के कारखाने एक नई आशा लेकर के आए हैं। लेकिन प्राकृतिक खेती, केमिकल फ्री खेती आत्मनिर्भर को ताकत दे सकती है। आज देश में रोज़गार के क्षेत्र में ग्रीन जॉब के नए-नए क्षेत्र बहुत तेजी से खुल रहे हैं। भारत ने नीतियों के द्वारा 'स्पेस' को खोल दिया है। ड्रोन की दुनिया में सबसे प्रगतिशील पॉलिसी लेकर के आए हैं। हमने देश के नौजवानों के लिए नए द्वार खोल दिए हैं।

मैं प्राइवेट सेक्टर को भी आह्वान करता हूं आइए... हमें विश्व में छा जाना है। आत्मनिर्भर भारत का ये भी सपना है कि दुनिया को भी जो आवश्यकताएं हैं उसको पूरा करने में भारत पीछे नहीं रहेगा। हमारे लघु उद्योग हो, सूक्ष्म उद्योग हो, कुटीर उद्योग हो, 'जीरो डिफेक्ट जीरो इफेक्ट' हमें करके दुनिया में जाना होगा। हमें स्वदेशी पर गर्व करना होगा।

हम बार-बार लाल बहादुर शास्त्री जी को याद करते हैं, जय जवान-जय किसान का उनका मंत्र आज भी देश के लिए प्रेरणा है। बाद में अटल बिहारी वाजपेयी जी ने जय विज्ञान कह करके उसमें एक कड़ी जोड़ दी थी और देश ने उसको प्राथमिकता दी थी। लेकिन अब अमृतकाल के लिए एक और अनिवार्यता है और वो है जय अनुसंधान। जय जवान-जय किसान-जय विज्ञान-जय अनुसंधान- इनोवेशन। और मुझे मेरे देश की युवा पीढ़ी पर भरोसा है। इनोवेशन की ताकत देखिए, आज हमारा यूपीआई-भीम, हमारा डिजिटल पेमेंट, फिनटेक की दुनिया में हमारा स्थान, आज विश्व में रियल टाइम 40 पर्सेंट अगर डिजिटली फाइनेंशियल का ट्रांजेक्शन होता है तो मेरे देश में हो रहा है, हिन्दुस्तान ने ये करके दिखाया है।

अब हम 5जी के दौर की ओर कदम रख रहे हैं। बहुत दूर इंतजार नहीं करना होगा, हम कदम मिलाने वाले हैं। हम ऑप्टिकल फाइबर गांव-गांव में पहुंचा रहे हैं। डिजिटल इंडिया का सपना गांव से गुजरेगा, ये मुझे पूरी जानकारी है। आज मुझे खुशी है हिन्दुस्तान के चार लाख कॉमन सर्विस सेंटर्स गांवों में विकसित हो रहे हैं। गांव के नौजवान बेटे-बेटियां कॉमन सर्विस सेंटर चला रहे हैं। देश गर्व कर सकता है कि गांव के क्षेत्र में चार लाख Digital Entrepreneur का तैयार होना और सारी सेवाएं लोग गांव के लोग उनके यहां लेने के लिए आदी बन जाएं, ये अपने-आप में टेक्नोलॉजी हब बनने की भारत की ताकत है। मैं देशवासियों से आग्रह करते हुए नई संभावनाओं को संजोते हुए, नए संकल्पों को पार करते हुए आगे बढ़ने का विश्वास लेकर आज अमृतकाल का आरंभ करते हैं। आज़ादी का अमृत महोत्सव, अब अमृतकाल की दिशा में पलट चुका है, आगे बढ़ चुका है, तब इस अमृतकाल में सबका प्रयास अनिवार्य है। सबका प्रयास ये परिणाम लाने वाला है। टीम इंडिया की भावना ही देश को आगे बढ़ाने वाली है। 130 करोड़ देशवासियों की ये टीम इंडिया एक टीम के रूप में आगे बढ़कर के सारे सपनों को साकार करेगी।

देश के 49वें प्रधान न्यायाधीश होंगे जस्टिस ललित

जस्टिस उदय उमेश (यूयू) ललित देश के 49वें प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) होंगे। उनकी नियुक्ति के अधिपत्र (वारंट) पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हस्ताक्षर किया। वर्तमान सीजेआई जस्टिस एनवी रमणा 26 अगस्त को सेवानिवृत्त होंगे। 27 अगस्त को जस्टिस ललित सीजेआइ के रूप में शपथ लेंगे। उनका कार्यकाल कुल 74 दिन का होगा। वह आठ नवंबर को रिटायर हो जाएंगे। जस्टिस ललित वकील से सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीश बनने वाले देश के दूसरे सीजेआई होंगे। जस्टिस एसएम सीकरी देश के पहले ऐसे सीजेआई थे, जिन्हें मार्च 1964 में वकील से सीधे सुप्रीम कोर्ट में जज नियुक्त किया गया था। वह 1971 में 13वें प्रधान न्यायाधीश बने थे। जस्टिस ललित 13 अगस्त, 2014 को सुप्रीम कोर्ट में जज नियुक्त किए गए थे।

जस्टिस ललित ने बांबे हाईकोर्ट से वकालत शुरू की थी। 1986 में वह दिल्ली आ गए थे। अप्रैल 2004 में उन्हें सुप्रीम कोर्ट द्वारा वरिष्ठ वकील नामित किया गया था। 2जी स्पेक्ट्रम मामले में वह सीबीआई के लिए विशेष सरकारी वकील भी रह चुके हैं। जस्टिस ललित कई ऐतिहासिक निर्णय सुनाने वाली सुप्रीम कोर्ट की पीठ का हिस्सा रहे हैं। इनमें तीन तलाक को अवैध ठहराने का निर्णय भी शामिल है। केरल के श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर के प्रबंधन की जिम्मेदारी त्रावणकोर के पूर्व शाही परिवार को सौंपने का निर्णय सुनाने वाली पीठ में भी वह शामिल थे।

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति के घर पर FBI का छापा

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के घर फैडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टीगेशन (FBI) ने छापा मारा है। ट्रम्प ने अपने एक बयान में बताया कि एफबीआई ने फ्लोरिडा के पाम बीच स्थित उनके मार-ए-लागो घर पर छापा मारा। एफबीआई द्वारा की गई कार्रवाई की अधिक जानकारी देते हुए ट्रम्प ने बताया कि फ्लोरिडा के पाम बीच स्थित उनका घर मार-ए-लागो फिलहाल एफबीआई के कब्जे में है। यहां बड़ी तादाद में एजेंसी के लोग मौजूद हैं और उन्होंने घेराबंदी की हुई है। हालांकि, अभी तक एफबीआई द्वारा की गई छापेमार कार्रवाई को लेकर कोई कारण नहीं बताया गया है। वहीं ट्रम्प ने कार्रवाई के पीछे के कारणों को साफ करने से इनकार किया है। वहीं, उन्होंने इस बात की पुष्टि की है कि उनके घर पर एफबीआई ने अचानक छापा मारा। ट्रम्प ने एफबीआई द्वारा छापेमारी को विच हंट बताया और कहा कि अमेरिका के लिए यह एक विपरीत वक्त है।

युआन वांग-5 श्रीलंका के बंदरगाह पहुंचा

चीन का 'स्पाई' जहाज कहा जा रहा युआन वांग-5 श्रीलंका के हम्बनटोटा बंदरगाह पर पहुंच गया है। खास बात है कि इसे लेकर भारत और अमेरिका पहले ही चिंता जाहिर कर चुके हैं। खबर है कि सैटेलाइट और इंटरकॉन्टिनेंटर मिसाइल को ट्रैक करने की सुविधाओं से लैस यह जहाज हम्बनटोटा पर कुछ दिन रहेगा।

ज्ञात रहे कि पहले श्रीलंका ने इस जहाज को बंदरगाह पर आने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। हालांकि, बाद में चीन की तरफ से जताए गए विरोध के बाद इसे अनुमति दे दी गई थी। पहले इस जहाज का 11 से 17 अगस्त के बीच हम्बनटोटा पर आना तय था। जब श्रीलंका ने चीन से जहाज के प्रवेश को स्थगित करने को कहा था तो चीन ने नाराजगी जताते हुए कहा था कि कुछ देशों द्वारा कोलंबो पर दबाव बनाने के लिए तथाकथित 'सुरक्षा चिंताओं' का हवाला देना और उसके आंतरिक मामलों में पूरी तरह हस्तक्षेप करना बिल्कुल अनुचित है।'

बड़े स्तर पर चीन की तरफ से दिए गए लोन से विकसित हुआ हम्बनटोटा बंदरगाह अपनी लोकेशन के चलते रणनीतिक रूप से बेहद अहम है। भारत का कहना है कि वह सुरक्षा और आर्थिक हितों से जुड़े किसी भी घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रखता है। खास बात है कि चीन का यह जहाज सैटेलाइट और इंटरकॉन्टिनेंटल मिसाइल की ट्रैकिंग करने में सक्षम है। भारत इस बात को लेकर चिंताएं जाहिर कर रहा है कि जहाज की ट्रैकिंग क्षमता भारतीय व्यवस्था में जासूसी कर सकती हैं। भारत पहले भी हिंद महासागर में चीनी पोत की मौजूदगी पर विरोध जाहिर कर चुका है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक राघवेन्द्र कुमार सिंह, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।